किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, झारखण्ड से प्रसारित

समाज जागरण NEWS

वर्ष: 01 अंक: 199 नोएडा,(गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 28 अप्रैल 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 02 रुपया

# हत्या के बाद हरकत में प्रशासन

## गार्डन गैलेरिया के बार का लाइसेंस किया सस्पेंड

**गार्डन गैलरिया मॉल में स्थित एक रेस्त्रां में पार्टी करने गए एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को 7 लोगों को गिरफ्तार किया और CCTV को खंगाल रही है. साथ ही नोएडा के डीएम के आदेश पर बार का लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया गया**

नोएडा के गार्डन गैलरिया मॉल में स्थित एक रेस्त्रां में पार्टी करने गए एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को 7 लोगों को गिरफ्तार किया. इस घटना में संलिप्त आरोपी एक अज्ञात है और एक फरार है. अब तक कुल 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

### सस्पेंड हुआ बार का लाइसेंस

साथ ही नोएडा के डीएम ने गार्डन गलेरिया के **Lost Lemons** बार का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया. इस मामले को लेकर नोएडा प्रशासन काफी सख्त है और घटना की CCTV जांच कर रही है.

### कौन है अज्ञात शख्स?

नोएडा पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर उस शख्स की तलाश कर रही है जो अभी तक अज्ञात है. उसने सफेद कमीज पहनी हुई है. अज्ञात शख्स मृतक बृजेश को बुरी तरह से मारता हुआ दिखाई दिया है. पुलिस के मुताबिक ये आरोपी ना तो बार के स्टाफ का है और ना ही गैलरिया मॉल के स्टाफ का है. पुलिस को शक है कि वह आसपास के किसी मॉल या बार से ताल्लुक रखता है जो वारदात के वक्त अंदर मौजूद था जिसके बाद उसकी तलाश के लिए कई टीमें लगाई गई हैं.

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्र संख्या– 11/20/प्रेस नोट/आबकारी विभाग/गौतमबुद्धनगर/दिनांकअप्रैल 27, 2022.

प्रेस नोट

दिनांक 25.04.2022 को थाना सेक्टर–39, नोएडा क्षेत्रान्तर्गत गार्डन गलेरिया स्थित शॉप नं0–333 एवं 334, द्वितीय तल में संचालित रेस्टोरेन्ट स्पेल बाउण्ड (लोस्ट लेमन) बार एवं रेस्टोरेन्ट में कर्मचारी/निजी सुरक्षाकर्मी द्वारा ग्राहक ब्रजेश राय से बिल के भुगतान को लेकर हुए झगड़े में स्पेल बाउण्ड (लोस्ट लेमन) बार एवं रेस्टोरेन्ट के कर्मचारी/निजी सुरक्षाकर्मी द्वारा ब्रजेश राय की पीट पीट कर हत्या सम्बन्धित प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर/लाईसेंस प्राधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा उक्त बार अनुज्ञापन को आज दिनांक 27.04.2022 को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए उक्त बार के अनुज्ञापी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

(राकेश बहादुर सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

प्रतिलिपि जिला सूचना अधिकारी, गौतमबुद्धनगर को इस आशय से प्रेषित कि वह अपने स्तर से दैनिक समाचार पत्रों में उपरोक्त का निशुल्क प्रकाशन करवाना सुनिश्चित करें।

(राकेश बहादुर सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

लात-घूसों की पिटाई से हुई शख्स की मौत CCTV फुटेज से भी साफ है कि बृजेश की लात और घूसों से जमकर पिटाई की गई थी. इस घटना के बाद नोएडा पुलिस द्वारा सभी पब, बार, मॉल के बाहर सुरक्षा बढ़ाई जाएगी. बार और मॉल के सिक्योरिटी गार्ड के अपराधिक बैकग्राउंड चेक करने का अभियान चलाया जाएगा, सभी बार के लाइसेंस को भी चेक किया जाएगा. साथ ही ट्रैफिक पुलिस के द्वारा ड्रंकन ड्राइव अभियान शुरू किया जा रहा है. इसके अलावा अभी भी जांच चल रही है, इसमें जो लोग भी डायरेक्ट इन डायरेक्ट इन्वॉल्व होंगे उनके खिलाफ भी करवाई की जाएगी.

## शादी अनुदान योजना के तहत गरीब अभिभावकों की पुत्रियों की शादी के लिए दिया जा रहा अनुदान।

**देव मणि शुक्ल नोएडा** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों का आहवान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए 20 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जायेगी। शादी अनुदान प्राप्त करने के

लिए शादी से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक http://shadi-anudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर अपना आनलाइन आवेदन कर सकतें है। उन्होने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए वार्षिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए वार्षिक होनी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र लगाने की आवश्यकता नही हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिये। जिला सहकारी बैंक का खाता पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर स्वीकृत नही किया जायेगा। अतः उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय संख्या 111, विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क करके प्राप्त कर सकतें है।

## नरकीय जीवन जीने को मजबूर गांव के लोग

### मुखय मार्ग पर भरा है एक फुट पानी और कीचड

आगरा (वी एन मिश्र)सरकारे आई चली गयी फिर बन गयी प्रधान जी का चुनाव हो गया विधायिका जी चुन कर गांव के लोगो ने भेजा जो अब कैबिनेट मंत्री भी बन गयी मगर इन सबके बाद भी गांव के लोगो की जो उम्मीद थी की मुख्य मार्ग के कीचड से निजाद मिल जाएगी वह पूरी होती नजर नही आ रही है जिसके कारण लगभग 5हजार लोग अब कीचड से निकलना ही अपनी किस्मत मान रहे है !बता दे यह

गांव शहर से सटा है जिसका नाम है करभना जो आजादी के 70साल बाद भी अपनी आजादी न होने पर परेशान है यहा के लोग आज भी स्वास्थय पेयजल उच्च शिक्षा आवास जैसी समस्याओ को लेकर परेशान है इतना ही नही की यहा के लोगो ने प्रयास नही किया काफी कोशिस भी की मगर अब थकते नजर आ रहे है

### क्या है पूरा मामला

आगरा! थाना ताजगज अन्तर्गत करभना आज भी बिकास से कोशो दूर स्वास्थय पेयजल जैसी समस्या जहा घेरे हुई है वही सालो से मुख्य मार्ग पर जलभराव गांव की पहचान बता रहा है !यह सडक मार्ग शिलपग्राम से धांधूपुरा करभना होते हुए नगला तल्फी को जोडती है किन्तु करभना से पहले ही लगभग दो सौ मीटर क्षेत्र मै एक से दो फुट तक जलभराब और कीचड मे घुस कर लोग आने जाने को मजबूर है !स्कूली बच्चो को भी काफी परेशानी होती है गाव के सपा पूर्व जिला सचिव महेन्द सिह यादव पूर्व प्रधान सतेन्द यादव मुन्नालाल जमुना देवी कोमल सिह यादव जयवीर सिह फौजी मनोज यादव जौनी यादव हरी सिह रमेश चन्द होरीलाल जयप्रकाश धर्मबीर (पंचायत मित्र)छोटेलाल यादव डा मोहर सिह जयवीर सिह माता प्रसाद आदि ने सडक जल्द बनवाने की मांग की है !"सडक विगत कई माह से खराब है जल्द ठीक कराने का प्रयास कर रहा हू जल्द आलाआधिकारियो को भी अवगत कराऊगा परेशानी सभी को हो रही है"" ----श्याम बावू( प्रधान)

### श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर झूमे श्रद्धालु

आगरा !गढ़ी गुसाईं शमशाबाद रोड पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा मैं कथा व्यास पंडित रविकांत शास्त्री द्वारा सुदामा चरित्र की कथा को सुनकर सभी श्रोता भाव विभोर हो गए एवं भगवान की लीलाओं का वर्णन एवं भगवान के विवाह आदि का बहुत सुंदर तरीके से वर्णन किया गया। परीक्षित राजेश बघेल व

अनिल बघेल द्वारा कथा पांडाल में पधारे सभी भक्तों का स्वागत किया। चंद्रभान सिंह तोमर राजवीर सिंह रघुवंशी आदि अनेक भक्तों द्वारा कथा व्यास का माला व स्वाफा पहनाकर सम्मान किया गया । संगीतमई वृंदावन के कलाकारों ने सुंदर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी अनिल बघेल ने बताया वृन्दावन नगरी बना कथा स्थल इतनी सुंदर कथा जिसमें सभी श्रोता कथा सुनकर एवं भजनों पर नृत्य करने लगे

## महिला की पानी भरते समय झगड़े में मौत,केजरीवाल का पुतला फूंका गया

(नीरज अवस्थी, हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-वसंत कुंज इलाके के दलित कैंप में महिला की पानी भरने के दौरान झगड़े में हुई मौत के बादअब राजनीति शुरू हो चुकी है। बीजेपी के पूर्व विधायक और महरौली जिले के जिला अध्यक्ष यहां पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचें और उन्होंने पहले तो पीड़ित परिवार से मुलाकात की और बाद में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंका। ज्ञातव्य है कि वसंत कुंज के सामने दलित एकता कैंप है, जहां पर 26 अप्रैल को पानी भरने के दौरान झगड़ा हुआ।जिसमें एक 48 वर्षीय महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई और बीच-बचाव में उनके पति के ऊपर भी आरोपी ने जानलेवा हमला किया

हालांकि इस पूरे मामले में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अब आम आदमी पार्टी जो कि राजधानी दिल्ली में सबके घर पानी पहुंचाने का दावा करती थी। यदि पानी घर के अंदर मिल गया होता तो पानी के झगड़े ने एक बेगुनाह महिला की जान नहीं जाती और भाजपा के पूर्व विधायक सत्या प्रकाश राणा और महरौली जिले के जिला अध्यक्ष जगमोहन महलावत और बीजेपी के तमाम कार्यकताओं को केजरीवाल का पुतला फूंकने का मौका मयस्सर नहीं होता।

## भूमाफियाओं द्वारा डूब क्षेत्र की सरकारी भूमि पर हो रही है अवैध प्लॉटिंग

**देव मणि शुक्ल**

नोएडा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जहां स्पष्ट किया गया है कि भूमाफियाओं को किसी भी कीमत पर नही बख्शा जाएगा वहीं योगी आदित्यनाथ के ही मुलाजिम उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। गौतमबुद्धनगर के बिसरख, रोजा जलालपुर व सोरखा में हिंडन नदी के डूब क्षेत्र की सरकारी भूमि को भूमाफियाओं द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है मगर गौतमबुद्ध नगर का प्रशासन इस ओर कतईध्यान नही दे रहा। जबकि बिसरख निवासी सुधीर भाटी पुत्र स्व. संजोग भाटी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, डीजीपी, एडीजी लॉ एंड आर्डर, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर को लिखित में शिकायती पत्र दिया है, किंतु भूमाफियाओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई एक्शन नही लिया जा रहा। सुधीर भाटी द्वारा की गई शिकायत के अनुसार गांव बिसरख जलालपुर में हिन्डन नदी के डूब क्षेत्र की भूमि को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीधे रजिस्ट्री अपने हक में कराकर किसानों को मुआवजा दिया था। जमीन किसानों से प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले ली थी। अब उस सैंकड़ो बीघा भूमि पर भूमाफिया अजय, कुलदीप, भारत, योगेश, अरविन्द, विकास आदि को प्रशासन की मिली भगत से प्लॉटिंग कर बेच रहे हैं। गरीबों के खून पसीने की कमाई को खुलेआम लूटा जा रहा है। फर्जीदस्तावेजों के आधार पर बकायदा रजिस्टर्ड करा रहे हैं। शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा इन लोगों के विरूद्ध कोई उचित कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसर नोटों की गर्मी से कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। सूत्रों का दावा है रिश्वतखोरी के इस खेल में थाना पुलिस से लेकर तहसील, और प्राधिकरण के अफसर लिप्त है। यदि ऐसा नही है तो फिर सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग की जा रही

## सामुदायिक शौचालय बना मजाक,शौचालय निर्माण अभी तक पूर्ण नही

**सुनील राघव बहजोई दैनिक समाज जागरण**
बहजोई/संभल।योगी सरकार के स्वच्छता अभियान को सरकारी कर्मचारी ही पलीता लगाने में जुटे हुए है सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए खर्च कर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन सचिव शौचालय निर्माण के प्रति लापरवाह नजर आ रहे है । जनपद मुख्यालय बहजोई से मात्र चार किलोमीटर दूर स्थित बहजोई बिकास खंड के गांव भवन में सामुदायिक शौचालय का निर्माण पांच माह पूर्व किया गया था जो आज तक पूरा नही हो पाया है और आधा अधूरा निर्माण कर सामुदायिक

शौचालय पर ताला लगाकर कर सचिव उत्कर्ष गुप्ता और ग्राम प्रधान ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला छाड़ लिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि जब सरकार ने धनराशि पूरी दी तो सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा क्यों पड़ा है और उसमें ताला डालकर स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया क्यों लगाया जा रहा है जबकि जनपद मुख्यालय बहजोई स्थित जनपद के डीएम मनीष बंसल मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर बैठते है और जो ज्यादा दूर ग्राम पंचायत स्थित है उनके सामुदायिक शौचालय का क्या हाल होगा । जब जनपद के डीपीआरओ जाहिद हुसैन से बात की गई तो उन्होने बताया कि अगर सामुदायिक शौचालय निर्माण पूर्ण नही हुआ है तो सचिव को नोटिस जारी किया जाएगा और शीध्र ही कार्य पूर्ण कर शौचालय शुचारू कराया जाएगा ।

## दो बाघों में खूनी संघर्ष, पर्यटकों ने किया कैमरे में कैद

**(शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो)**

बालाघाट।बाघों के लिए प्रसिद्ध कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में दो बाघों के बीच जमकर संघर्ष हुआ जिसकी वजह एक बाघिन थी।मामला कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुक्की जोन का है। यहां जिला लाइन फीमेल के लिए बोइन डबरा मेल और नीला नाला मेल के बीच लड़ाई का एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियों को लेकर पार्क प्रबंधन भले ही पुष्टि करने में परहेज कर रहा हो,लेकिन पर्यटकों के बीच से आ रही खबरें इस बात की पुष्टि कर रही हैं। मुक्की रेंज के करीब कान्हा रेंज में जिला लाइन के आगे जिला लाइन फीमेल के साथ पर्यटकों ने बुधवार की सुबह की सफारी के दौरान बोइन डबरा मेल और नीला नाल मेल के बीच संघर्ष का रोमांचक पल बिताया है।दोनों बाघ एक दूसरे को हराने में लगे थे जिसको देखकर पर्यटक भले ही आनंद ले रहे थे लेकिन इस लड़ाई में किसी एक बाघ की जान भी जा सकती है।

कान्हा के मुक्की जोन में जिला लाइन के समीप बाघिन की मौजूदगी में दो बाघों के बीच हुई लड़ाई का रोमांचक पल गाइड और पर्यटकों ने अपने कैमरों में कैद किया है। जंगल में बाघों के बीच संघर्ष आम बात है।इनमें क्षेत्रवाद की लड़ाई और बाघिन के लिए लड़ाई अक्सर होती रहती है।लेकिन यह दृश्य गाइड और पर्यटक कम ही देख पाते हैं।बुधवार को यह नजारा देख पर्यटक बेहद रोमांचित हुए हैं। कान्हा के जंगल में बाघिन की मौजूदगी के बीच दो बाघों के बीच करीब पौने घंटे तक हुई जोर-अजमाइश।बुधवार की सुबह करीब 9.30 बजे से पर्यटकों ने बाघों के बीच संघर्ष बड़े इत्मिनान से देखा।देखते-ही देखते यहां पर्यटकों जिप्सियों की कतार लग गई।वाहनों की बढ़ती भीड़ देख बाघों ने एक दूसरे से किनारा कर लिया।पार्क से निकलते हुए पर्यटकों के बीच से इंटरनेट मीडिया में वायरल वीड़ियो दिन-भर सुर्खियां बटोरता रहा।हालांकि बाघों की लड़ाई में किसी एक बाघ की जान भी जा सकती है।

## बिरसा जिला सहकारी बैंक के उपभोक्ता परेशान, अधिकारी मौन

**(शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो)**

बिरसा/बालाघाट।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा बिरसा के अधिकारियों की भर्रा शाही से उपभोक्ता काफी परेशान हो रहे हैं।उक्त बैंक में उपभोक्ताओं के लिए बैठने तक कि व्यवस्था नही है।धूप हो या प्रचंड गर्मी,बारिश हो या ठंडी हर मौसम में उक्त बैंक के उपभोक्ता बाहर खड़े होकर अपने बारी का इंतजार करते हैं।इस प्रचंड गर्मी में जब सभी अपने घरों में दुबक कर आराम कर रहे होते है तब जिला सहकारी बैंक बिरसा के उपभोक्ता बैंक के बाहर खड़े होकर धूप में अपने आप को जला रहे होते हैं जिसकी खास वजह है बैंक के अधिकारी कर्मचारियों की लेटलतीफी व अपने कार्य के प्रति लापरवाह होना।जिसकी सजा सीधे साधे उपभोक्ता भुगत रहे होते है।बैंक के बाहर न पेयजल की व्यवस्था है और न ही छांव के लिए शेड है।तो क्या ऐसे में उपभोक्ताओं के साथ बैंक छलावा नही कर रहा है?क्या उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में छांव में बैठकर लेन देन करने का अधिकार नही है?आखिर क्यों इतना बेरहम बना हुआ है बिरसा जिला सहकारी

बैंक?क्या बैंक का कोई दायित्व नही है कि बैंक के उपभोक्ताओं को उक्त सुविधा उपलब्ध कराएं?

### कभी सर्वर तो कभी बिजली की समस्या

जिला सहकारी बैंक बिरसा में कभी सर्वर डाउन है तो कभी बिजली नही है कहकर उपभोक्ताओं को मानसिक व शारीरिक तनाव देकर परेशान किया जाता है।चूंकि बैंक के ज्यादातर ग्रामीण उपभोक्ता होते है जो कभी खाद के लिए तो कभी लोन के लिए आते हैं जिनको घंटो उक्त बहाना बनाकर बाहर इंतजार करने को कहा जाता है।जो इस भीषण गर्मी में बैंक के उपभोक्ताओं के साथ धोखा करने व टार्चर देने जैसा ही है।चूंकि जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों की भरार्शाही किसी से छिपी नही है इसलिए ग्रामीणों के सब्र का बांध टुटे इसके पहले बैंक को अपने उपभोक्ताओं के लिए समुचित व्यवस्था कर लेनी चाहिए जिससे इस भीषण गर्मी में बैंक के उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।इस मामले पर जिला सहकारी बैंक के जिला महाप्रबंधक राजीव सोनी से जब दूरभाष से संपर्क किया गया तो साहब ने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा जिससे अधिकारियों की तानाशाही या भरार्शाही साफ दिखाई देती है।

## 28 अप्रैल महत्वपूर्ण घटनाएँ

1788 - मैरी लैंड अमेरिकी संविधान की पुष्टि करने वाला सातवां राज्य बना।
1829 - यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून पारित किये।
1858 - क्रांति पुरोधा जोधा सिंह अटैया को 51 साथियों के साथ फांसी पर लटकाया गया।
1910 - इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम व्हाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।
1932 - इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा गई।
1935 - रूस की राजधानी मास्को में अंडरग्राउंड ट्रेन ह्यमेट्रोह्न की शुरूआत।
1945 - इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उनके कुछ सहयोगियो की हत्या हुई थी।
1964 - जापान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।
1999 - अमेरिका वैज्ञानिक डाक्टर रिचर्ड सीड द्वारा एक वर्ष के अन्दर मानव क्लोन बनाने की घोषणा।
2002 - बुकर पुरस्कार का नया नाम ह्नमैन प्राइज फार फिक्शनह्न रखा गया।
2003 - दुनिया भर में कर्मचारी सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।
2008 - भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन ने पीएसएलवी-सी9 के साथ छोड़कर एक नया इतिहास रचा।

जन्मदिवस

1791 - महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष हरि सिंह नलवा का जन्म हुआ।

पुण्यतिथि

1740 - मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।
1992 - ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कन्नड़ भाषा के प्रमुख साहित्यकार विनायक कृष्ण गोकाक का निधन।

## 28 अप्रैल/बलिदान-दिवस क्रान्ति पुरोधा जोधासिंह अटैया

भारत की स्वतन्त्रता का पावन उद्देश्य और अदम्य उत्साह 1857 की महान क्रान्ति का प्रमुख कारण ही नहीं, आत्माहुति का प्रथम आह्वान भी था। देश के हर क्षेत्र से हर वर्ग और आयु के वीरों और वीरांगनाओं ने इस आह्वान को स्वीकार किया और अपने रक्त से भारत माँ का तर्पण किया। उस मालिका के एक तेजस्वी पुष्प थे क्रान्ति पुरोधा जोधासिंह अटैया।



10 मई, 1857 को जब बैरकपुर छावनी में वीर मंगल पांडे ने क्रान्ति का शंखनाद किया, तो उसकी गूँज पूरे भारत में सुनायी दी। 10 जून, 1857 को फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) में क्रान्तिवीरों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिया। इनका नेतृत्व कर रहे थे जोधासिंह अटैया। फतेहपुर के डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्ला खाँ भी इनके सहयोगी थे। इन वीरों ने सबसे पहले फतेहपुर कचहरी एवं कोषागार को अपने कब्जे में ले लिया।

जोधासिंह अटैया के मन में स्वतन्त्रता की आग बहुत समय से लगी थी। बस वह अवसर की प्रतीक्षा में थे। उनका सम्बन्ध तात्या टोपे से बना हुआ था। मातृभूमि को मुक्त कराने के लिए इन दोनों ने मिलकर अंग्रेजों से पांडु नदी के तट पर टक्कर ली। आमने-सामने के संग्राम के बाद अंग्रेजी सेना मैदान छोड़कर भाग गयी। इन वीरों ने कानपुर में अपना झंडा गाड़ दिया।

जोधासिंह के मन की ज्वाला इतने पर भी शान्त नहीं हुई। उन्होंने 27 अक्तूबर, 1857 को महमूदपुर गाँव में एक अंग्रेज दरोगा और सिपाही को उस समय जलाकर मार दिया, जब वे एक घर में ठहरे हुए थे। सात दिसम्बर, 1857 को इन्होंने गंगापार रानीपुर पुलिस चैकी पर हमला कर अंग्रेजों के एक पिट्ठू का वध कर दिया। जोधासिंह ने अवध एवं बुन्देलखंड के क्रान्तिकारियों को संगठित कर फतेहपुर पर भी कब्जा कर लिया।

आवागमन की सुविधा को देखते हुए क्रान्तिकारियों ने खजुहा को अपना केन्द्र बनाया। किसी देशद्रोही मुखबिर की सूचना पर प्रयाग से कानपुर जा रहे कर्नल पावेल ने इस स्थान पर एकत्रित क्रान्ति सेना पर हमला कर दिया। कर्नल पावेल उनके इस गढ़ को तोड़ना चाहता था; पर जोधासिंह की योजना अचूक थी। उन्होंने गुरिल्ला युद्ध प्रणाली का सहारा लिया, जिससे कर्नल पावेल मारा गया। अब अंग्रेजों ने कर्नल नील के नेतृत्व में सेना की नयी खेप भेज दी। इससे क्रान्तिकारियों को भारी हानि उठानी पड़ी।

लेकिन इसके बाद भी जोधासिंह का मनोबल कम नहीं हुआ। उन्होंने नये सिरे से सेना के संगठन, शस्त्र संग्रह और धन एकत्रीकरण की योजना बनायी। इसके लिए उन्होंने छद्म वेष में प्रवास प्रारम्भ कर दिया; पर देश का यह दुर्भाग्य रहा कि वीरों के साथ-साथ यहाँ देशद्रोही भी पनपते रहे हैं। जब जोधासिंह अटैया अरगल नरेश से संघर्ष हेतु विचार-विमर्श कर खजुहा लौट रहे थे, तो किसी मुखबिर की सूचना पर ग्राम घोरहा के पास अंग्रेजों की घुड़सवार सेना ने उन्हें घेर लिया। थोड़ी देर के संघर्ष के बाद ही जोधासिंह अपने 51 क्रान्तिकारी साथियों के साथ बन्दी बना लिये गये।

# प्रेम की बूस्टर डोज मिल जाए तो बात बन जाए

## टॉकिंग पॉइंट्स

### नरविजय यादव

कोरोना की चौथी लहर के बारे में कहा जा रहा है कि जून में आएगी। कोविड के मामले बढ़ने लगे हैं, लेकिन तसल्ली की बात यह है कि मरीजों को अस्पतालों में भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही है। ज्यादातर मरीज अपने घर पर रहते हुए ही इलाज करा रहे हैं और ठीक हो रहे हैं। अब कोरोना से मौत के मामले तो न के बराबर हैं। परंतु सभी को सावधान रहने की जरूरत है, इसीलिए मास्क को अभी जारी रखना होगा। चंडीगढ़ में तीन हफ्ते बाद ही मास्क पहनने का नियम लौट आया। अब यदि सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर बिना मास्क मिले तो 500 रुपए का चालान कटेगा, नहीं भरा तो एफआईआर दर्ज हो जाएगी। केरल की सरकार ने भी मास्क को अनिवार्य कर दिया है। दिल्ली एनसीआर से जुड़े यूपी व हरियाणा के 11 जिलों में पहले ही मास्क पहनना अनिवार्य घोषित कर दिया गया था। हरियाणा में 18 से 59 साल के लोगों को कोविड की बूस्टर डोज मुफ्त में लगाई जाएगी। प्रदेश में बूस्टर डोज पर आने वाला करीब 300 करोड़ रुपए का खर्च कोरोना राहत कोष से किया जाएगा।

हरियाणा के किसी भी सरकारी अस्पताल या डिस्पेंसरी में बूस्टर डोज मुफ्त लगवाई जा सकेगी। केंद्र सरकार ने देश भर में मुफ्त बूस्टर डोज की सुविधा सिर्फ 60 साल से ऊपर के लोगों को दी है। देश भर में बूस्टर डोज अपने खर्च पर लगवाने का प्रावधान है। प्राइवेट अस्पतालों को बूस्टर डोज 250 रुपए में दी गई है, जिस पर 150 सुविधा शुल्क लगता है, यानी लोगों को एक बूस्टर डोज करीब 400 रुपए की पड़ती है। बूस्टर डोज उन व्यक्तियों के लिए उपयोगी है जिन्हें वैक्सीन की दूसरी डोज लिए हुए नौ महीने हो चुके हैं। वैक्सीन का असर नौ माह के बाद कम होने लगता है, ऐसे में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए बूस्टर डोज कारगर होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में बूस्टर डोज सरकार की ओर से लगाई जा रही है, जबकि हमारे देश में अधिकांश आबादी को इसके लिए पैसे देने पड़ रहे हैं। वैक्सीन लगवाने के बाद शरीर में एंटीबॉडी बनने लगती हैं जो कोरोना को बेअसर कर देती हैं और व्यक्ति को संक्रमण नहीं होता है। बूस्टर डोज मिलने के बाद शरीर में फिर से एंटीबॉडी बन जाती हैं।

कहते हैं कि प्रेम एक सुपर पॉवर है। जब आप किसी व्यक्ति, चीज या अपने शौक के प्रेम में पड़ जाते हैं तब अच्छा महसूस करने लगते हैं। ऐसा मस्तिष्क में फील गुड हार्मोन्स के रिसाव के कारण होता है। ये वही हार्मोन हैं जो टहलने, व्यायाम करने और कुछ मीठा खाने से रिसते हैं। इनसे मूड अच्छा हो जाता है। जब हमें प्रेम मिल जाता है तो यह किसी जैविक आतिशबाजी की तरह होता है। इससे दिल की धड़कन बढ़ जाती है। अमेरिकी न्यूरो साइंटिस्ट स्टेफनी आर्टिग कहती हैं कि जब हम अपने साथी के प्रति प्रेम रखते हैं तब मन में गहरी शांति महसूस होती है। प्रेम के प्रभाव से दर्द कम हो जाता है, व्यक्ति की रचनात्मकता बढ़ जाती है और याद रखने की क्षमता में भी वृद्धि होती है। जीवन में यदि चाहने वाले दोस्तों और केयर करने वाले रिश्तेदारों की कमी हो तो उससे कुछ प्रकार की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जैसे नींद न आना, ब्लड प्रेशर बढ़ जाना या डायबिटीज हो जाना।

**--नरविजय यादव वरिष्ठ पत्रकार व कॉलमिस्ट हैं।**

## ये दिल है अब मुश्किल है जीना यहाँ, ये है नोएडा, ये है नोएडा मेंरी जान।

# पब/स्पा और बार में होनी चाहिए विजिटर रजिस्टर : अनिल के. गर्ग

<u>समाज जागरण नोएडा</u>

**ये दिल है अब मुश्किल है जीना यहाँ, ये है नोएडा, ये है नोएडा मेंरी जान।** शराब की पार्टी, बेईमानी और हत्या ने दिल्ली नोएडा तो क्या बिहार तक झकझोर दिया है। सवाल यही है कि आखिर हुआ क्या था ? ऐसी कौन सी बात थी जो कि बाउण्सर को एक हत्या करने पर मजबूर कर दिया? यह हत्या जानबुझकर की गई है या हो गई। पोस्टमार्ट के अनुसार मौत सिर में चोट के कारण हुई है, तो क्या बाकई बार में मौजूद बाउण्सर नें जानलेवा हमला किया ? साहब आप भले ही शराब को अच्छे समझियें, लेकिन शराब पार्टी के बाद हुए इस घटना नें आम आदमी के दिल में एक खौफ जरूर पैदा किया है। साक्षात्कार के समय शराब पीने वालों को रखने में मना करने वाली कापोर्रेट कंपनी को आखिर में शराब पार्टी देने की क्या जरूरत पड़ती है ? बार में रखे गए बाउण्सर का पुलिस वेरिफिकेशन कराये जाते है ? आखिर बार यह दूसरे रेस्टोरेंट में भी विजिटर रजिस्टर मैंटेन क्यों नही किये जाते है ?
नोएडा सेक्टर 38 गार्डन गलेरिया बार में हुए हत्या को लेकर लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि बार और बिल्डर लोगो का फैशन बन गया है बाउण्सर रखना। आये दिन ऐसी घटना देखने को मिलते रहते है, सवाल उठता है कि आखिर बाउण्सर बार में सरक्षा के लिए रखे जाते है या फिर ग्राहको को पीटवाने के लिए। पिछली साल की घटना जब सुपरटेक आफिस में न्याय मांगने गए घर खरीदारों को मारा पीटा गया, मामले में सेक्टर 39 थाने में मामला भी दर्ज है। हालांकि क्या कार्यवाही हुई अभी तक किसी को पता नही है।
नोएडा के वरिष्ठ नागरिक व अधिवक्ता इस घटना के बाद काफी आहत होते हुए पुलिस और प्रशासन पर कई सवाल उठाए है। उन्होने कहा है क्या हमारे प्रशासन और हमारे स्मार्ट सिटी की जनता के पास दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ाने वाली बेटी श्रीमती पूजा को इस घटना में मिली इस त्रासदी पर कोई जवाब है? प्यारा मासूम 5 साल का बेटा सार्थक और 3 साल की प्यारी बेटी भुविक भी, जिसने सब खो दिया अपने माँ से पूछ रही है कि पापा कब आयेंगे ?

क्या पब/स्पा सेंटर और अन्य में सभी कर्मचारियों/बाउंसरों के सत्यापन की कोई आवश्यकता नहीं है? आखिर क्यो नही सभी आगंतुकों का एक रजिस्टर भी रखा जाना चाहिए? एसपीए होटल और अन्य स्थानों में सभी बाउंसरों का डेटा एकत्र करने की सबसे अधिक आवश्यकता है, जैसा कि मालिकों द्वारा उसी प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्त किया गया है यह हमारे जिला प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट का कर्तव्य और जिम्मेदारी है, श्रम विभाग, सभी संबंधित प्राधिकरण इन सभी कर्मचारियों / बाउंसरों / सुरक्षा कर्मचारियों और प्रशासन कर्मचारियों और अधिकारियों का डेटा 3 महीने में एकत्र करके एक रजिस्टर बनाने की जरूरत है जिससे आने वाले समय में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। चूंकि गौतमबुद्धनगर एक स्मार्ट सिटी है अर्थात विकास एक महानगरीय शहर है, इसलिए इन सभी प्रतिष्ठानों के लिए एक रजिस्ट्रार बनाए रखने की सबसे अधिक आवश्यकता है ताकि ग्राहकों को रजिस्टर पर अपनी पहचान का उल्लेख करने के लिए कहा जा सके। नाम, पता और मोबाइल नंबर..! यदि अधिकारी को आने वाले व्यक्ति की पहचान के बारे में कोई संदेह है, तो उससे पहचान पत्र जैसे कि कार्ड या कोई अन्य पहचान पत्र मांगें। यह जनहित में हमारे सुझाव और राय है जो हमारे सभी पुलिस प्रशासन, आगंतुकों / खरीदारों और पूवार्भासों के लिए फायदेमंद है। हम आशा करते हैं, हमारे गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्तालय, जिला प्रशासन और तथाकथित प्रतिष्ठान जैसे पब, मॉल, बार, एसपीए, पेइंग गेस्ट (पीजी) आदि के बीच मानवता को बनाए रखने के लिए सुरक्षा के इस मुद्दे पर संयुक्त रूप से निर्णय लेने के बाद निदेशों का पालन करेंगे।



अनिल के. गर्ग

घटना बहुत ही दुखद है जिसे शब्दों में ब्याँ नही किए जा सकते है, लेकिन भविष्य में ऐसा ना हो इसके लिए प्रभावी कदम उठाने की जरुरत है। इसके साथ ही कंपनियों को भी शराब पीने और पिलाने वाले पार्टियों से बचने चाहिए। मिली जानकारी के अनुसार बिल को लेकर झगड़ा हुआ था, अगर यह सच है तो निश्चित तौर पर मेनू रेट डिसप्ले होनी चाहिए। पीने के बाद नशा होना लाजमी है बार और पब चलाने वाले प्रबंधक व मालिकों को चाहिए कि बउण्सर सिर्फ हंगामा करने वालों को बाहर निकालने के लिए रखनी चाहिए न कि मर्डर करने के लिए। इसके अलावा कापोर्रेट कंपनी को भी इस प्रकार के शराब पार्टी देने से बचने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का प्रयागराज में किसानों ने किया भव्य स्वागत

<u>(देव मणि शुक्ल )</u>

नोएडा भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का प्रयागराज आगमन पर किसानों ने जोरदार स्वागत किया। किसान नेता बब्लू दूबे के अगुवाई में फाफामऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का काफिला रूका। जहाँ बब्लू दूबे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ माल्यार्पण कर प्रयागराज की पावन धरती पर स्वागत किया। साथ ही साथ जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला झलवा स्थित किसान पार्क के लिए रवाना हुआ। जहाँ किसान नेता शनि शुक्ला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान पार्क स्थित किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की स्मृति पर माल्यार्पण कर पंचायत को संबोधित किया। तथा भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शनि शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष और बब्लू दूबे को मंडल अध्यक्ष मनोनीत करते हुए प्रमाण पत्र भेंट की। इस दौरान किसान नेता अमरनाथ यादव, डाक्टर राम मूरत, लाल प्रताप, राम सजीवन, महेंद्र, रमेश तिवारी, कप्तान पांडेय, नीरज प्रजापति, राज कुमार, पप्पू यादव आदि सैकड़ों समर्थकों व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## गणेश गीता (गीता भाग 43)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान

विश्वनाथ त्रिपाठी

आदरणीय सनातनी बंधुओं कल श्री गणेश जी की वाणी हमलोगो ने पढ़ी थी जिसमे टर्म व स्व धमार्नुसार आचरण करने से बुद्धि शुद्धि के विषय मे उल्लेख किया गया था`
आज भी उसी विषय को आगे बढ़ाए गए` गणनाथ ने वरेण्य से जो आगे कहा उसे ध्यान से सुने व पढ़े -----

योगमन्यम प्रवक्ष्यामि,
श्रृणुभूप तदुत्तमम`
पशौ पुत्रे तथा मित्रे,
शत्रौ,बन्धौ तथा सुहज्जने`

हे राजन! मै एक अन्य योग की चर्चा आप से कर रहा हूं उस उत्तम योग को तुम ध्यान से सुनो` पशु, पुत्र, मित्र शत्रु तथा शुभ चिंतकों मे समान दृष्टि रखनी चाहिए`

बहिर्दृष्टया च समया,
हत्स्थयालोयेत्पुमान
सुखे दुःके तथामर्षे,
हर्षे भी तौर समोसे भवेत`

हे नराधिपति!
व्यक्ति को चाहिए कि मन के बाहर व भीतर सम दृष्टि रखे जीवन मे सुख आवे या दुःख, क्रोध हो या फिर जीवन मे आनंद के क्षण अथव भय का माहौल हमेशाएक जैसा रहना चाहिए`

रोगाप्तौ चैवभोगाप्तौ वा
जये विजयेऽपि च`
श्रियोऽयोगे च योगे च,
लाभालाभे मृतावपि`

हे राजन! जीवन रोग की प्राप्ति हो या भोग की प्राप्ति हो, चाहे जय हो या फिर विजय हो` लक्ष्मी की प्राप्ति हो या अ लक्ष्मी का साम्राज्य हो हानि लाभ जीवन व मरण मे मानव समान अवस्था मे स्थिर रहना चाहिए अगर परिस्थितियों के अनुरूप मन उद्विग्न या उल्लसित होता है तो यह मानना चाहिए कि हमारी योग साधना अभी अधूरी है`

सम्पराहत्य स्वर्थेभ्यः,
इन्द्रिय आणि विवेकतः
सर्वत्र समता बुद्धिः,
से योगी भूप मे मतः

हे राजन! जो ज्ञान द्वारा इंद्रियों को विषयों से हटा कर सब जगह समान बुद्धि रखता है, वह मेरी दृष्टि मे योगी है`

क्रमशः----

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853 संपादक– रमन कुमार झा ,
समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### अट्टा बाजार का जाम हटाने का काम प्राधिकरण ने शुरू किया

**देव मणि शुक्ल नोएडा** सेक्टर-18 व 27 स्थित अट्टा बाजार के बीच की सड़क को जाम मुक्त करने के लिए यातायात पुलिस के साथ-साथ नोएडा प्राधिकरण ने भी काम करना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण की टीम ने मंगलवार को अट्टा बाजार के सामने रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस का ऑटो-ई रिक्शा रोकने का ट्रायल जारी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर जगह-जगह हो रखे अतिक्रमण को हटाया गया। खासतौर से अट्टा बाजार के सामने सड़क व फुटपाथ पर लगे रेहड़ी-पटरी वालों को हटाया। यहां से 30 से अधिक रेहड़ियों को जब्त किया गया। प्राधिकरण की कार्रवाई का पहले ही पता चलने पर काफी रेहड़ी वाले पहले ही वहां से हट गए थे। वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस ने रास्ते को जाम फ्री करने के लिए ऑटो-ई रिक्शा को शाम को व्यस्त समय में वैकल्पिक रास्तों से निकाला। सोमवार से यहां पर इस व्यवस्था का ट्रायल शुरू किया गया है।

### 126 कोरोना के नए मरीज मिले जिसमें 26 मरीज बच्चे

(देव मणि शुक्ल ) नोएडा कोरोना संक्रमित 126 नए मरीजों की पुष्टि मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने की। इन मरीजों में 26 की किशोर और बच्चे हैं। सक्रिय और नए मरीजों के लिहाज से जिले में सबसे ज्यादा मरीज हैं। होम आइसोलेशन से 100 मरीज स्वस्थ हुए। अभी भी जिले में 689 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिसमें कोविड अस्पताल में सात मरीजों का इलाज चल रहा है। जिसमें एक की भी उम्र 18 साल से कम नहीं है। प्रतिदिन 1500 से ज्यादा कोरोना संदिग्ध मरीजों का इलाज चल रहा है। कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 99,951 हो गई है। बुधवार को कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या एक लाख तक पहुंचने की संभावना है। वहीं स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या 98772 है। अब तक कोरोना संक्रमित 490 मरीजों की मौत इलाज के दौरान हुई है। अभी भी कोरोना की संक्रमण दर 5 प्रतिशत बनी हुई है।

### 35 मैनेजमेंट छात्रों ने पूरी की साप्ताहिक सोशल इंटर्नशिप‹

(नीरज अवस्थी, हरेश उपाध्याय)गुरूग्रामः- शिक्षा से वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए आल इंडिया सिटीजन्स एलॉयस फॉर प्रोग्रेस एण्ड डेवलवपमेंट (एआईसीएपीडी) द्वारा शिक्षा वंचित बच्चों के लिए गुरूग्राम में चलाए जा रहे इनोवेशन मोबाइल स्कूल कैम्प में सुशांत विश्वविद्यालय से आये 35 मैनेजमेंट छात्रों ने अपनी साप्ताहिक सोशल इंटर्नशिप पूरी की।इस अवसर पर सुशांत विश्वविद्यालय की स्कूल ऑफ बिजनेस डिपार्टमेंट की प्रोफेसर डा0 नीतू जोरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एवं मुख्य

अतिथि के रूप मे बोलते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि एआईसीएपीडी एवं इनोवेशन मोबाइल स्कूल में उनके छात्र छात्राओं को काम करने का मौका मिला और सभी ने बड़ी बखूबी एवं लगन से अपनी सोशल इंटर्नशिप पूरी की और इन शिक्षा वंचित बच्चों के साथ अपना समय बिताकर न केवल उनको पढ़ाया बल्कि स्लम में रहने वाले बच्चों और उनके माता पिता को शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने इस अवसर पर सभी छात्र छात्राओं को एनजीओ की ओर से प्रशस्ति पत्र और सोशल इंटर्नशिप सर्टिफिकेट भी दिए ।कार्यक्रम में सुशांत विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफेसर डा. अतुल कुमार अग्रवाल एवं मनोज मिश्रा भी उपस्थित रहे ।एआईसीएपीडी के संस्थापक एवं निदेशक संदीप राजपूत ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान और कारपोरेट जगत मिलकर सीएसआर के द्वारा समाज के वंचित वर्ग को जागरूक व मदद पहुंचाकर समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होने सुशांत विश्वविद्यालय से आए छात्र छात्राओं एवं एकेडमिक स्टाफ का धन्यवाद किया और अपील की वह अपने कैम्पस के आस पास स्लम कैम्पों में जरूर जाएं और पता लगाएं कि कितने बच्चे शिक्षा से वंचित हैं उनकी मदद करने का प्रयास करें।

### कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को प्राप्त होगे कृत्रिम अंग।

**देव मणि शुक्ल नोएडा** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी लवेश कुमार सिसौदिया ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों का आह्वान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर/ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन एवं नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए सेंसर स्टिक निःशुल्क दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन जो उपकरण प्राप्त करना चाहते हैं, वह समस्त अभिलेखों के साथ अपना आवेदन पत्र विकास भवन सूरजपुर कमरा नंबर 107 गौतम बुद्ध नगर में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं। उन्होंने उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समस्त श्रेणी के दिव्यांग व्यक्ति जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हो, जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए एवं नगरीय क्षेत्र में 56460 तक हो, जो तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र के अतिरिक्त सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष एवं तहसीलदार द्वारा जारी भी मान्य होगा। दिव्यांगता प्रदर्शित 1 फोटो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांग का प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज होने अनिवार्य है।

### भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र प्रवीण कुमार राज ने सीएचसी खेर का किया औचक निरीक्षण, कहा सरकार की योजनाओं को पहुंचाओ जन जन तक

**रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़** अलीगढ़ खैर तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैर का अलीगढ़ के भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र प्रवीण कुमार राज ने अपने साथ क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य डॉ महेश जादौन, कुलदीप डागुर ,ग्राम प्रधान संजू चोधरीं सहित दर्जनों सर्मथकों के साथ किया औचक निरीक्षण किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र प्रवीण कुमार राज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद अस्पताल के अस्पताल के समस्त स्टाफ से उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में जन जन तक पहुंचाने के लिए अस्पताल कर्मचारियों से अपील भी की गई इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक लोगों के बीच पहुंचाना है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**देव मणि शुक्ल** नोएडा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु आज दिनांक 27 को प्रातः 10 बजे जनपद गौतमबुद्वनगर के जनसामान्य के मध्य व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्व नगर श्री अशोक कुमार-सप्तम द्वारा जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से आमजनमानस के मध्य आगामी लोक अदालत के संदर्भ में व्यापक प्रचार- प्रसार किया जायेगा तथा जनसामान्य को लोक अदालत में प्रतिभागिता हेतु जागरुक किया जाएगा। प्रचार वाहन जनपद गौतमबुद्वनगर के तीनों तहसीलों में स्थित ग्रामों में तथा नगरीय क्षेत्रों में लोक अदालत के बाबत व्यापक प्रचार -प्रसार करते हुये जनमानस को जागरुक करेगा। प्रचार वाहन को रवाना करते समय माननीय जनपद न्यायाधीश के साथ जनपद न्यायालय, गौतमबुद्वनगर के समस्त न्यायिक अधिकारी क्रमशः प्रथम अपर जिला जज श्री वेदप्रकाश वर्मा, विशेष न्यायाधीश दिनेश सिंह, तृतीय अपर जिला जज, श्री पुष्पेन्द्र सिंह, पंचम अपर जिला जज श्रीमती मोना पवार, श्रीमती ऋचा उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुशील कुमार सिविल जज सी0 डि0, जयहिंद कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डा0 सुरेश

कुमार, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,प्रदीप कुशवाहा, द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विकास कुमार वर्मा, तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अवधेश कुमार, सिविल जज सी0 डि0/एफटीसी, श्रीमती वंदना अग्रवाल सिविल जज जू0 डि0, श्रीमती महिमा जैन, सिविल जज जू0 डि0, सुश्री नितिका महाजन, सिविल जज जू0 डि0, सुश्री हर्षिका रस्तोगी, सिविल जज जू0 डि0 एवं एन0पी0सी0एल0 विभाग से कपिल शर्मा व अधिक संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त आज दिनांक 27 अप्रैल को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में नोटिस/सम्मन तामील कराये जाने हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को उनके न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने तथा चिन्हित किये गये वादों में नोटिस व समन की तामीला सुनिश्चित करने हेतु अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मा0 जनपद न्यायाधीश द्वारा दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अशोक कुमार सप्तम के साथ श्री वेदप्रकाश वर्मा, अपर जिला जज प्रथम, श्री दिनेश सिंह अपर जिला जज द्वितीय, श्री पुष्पेन्द्र सिंह, अपर जिला जज तृतीय, श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्वनगर के साथ समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुये।

जिला सूचना अधिकारी, सम्मानित सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र एवं इलैक्ट्रौनिक मीडिया व सोशल मीडिया तथा एफ0एम0 रेडियो आदि के माध्यम से निःशुल्क प्रभावी व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रोटी बनाने की मशीन का उद्घाटन किया

(अमरजीत सिंह) पूर्वी दिल्लीः-दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल में रोटी बनाने वाली मशीन का उद्घाटन किया। मनीष सिसोदिया ने हॉस्पिटल का दौरा किया और वहां एडमिट बच्चों से उनके स्वास्थ्य के बारे में बातचीत की। उसके बाद उन्होंने किचन मैं पहुंच कर रोटी बनाने वाली मशीन का उद्घाटन किया। वही मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूर्वी दिल्ली के लाल बहादुर हॉस्पिटल में आज से 6 साल पहले हमारे कुछ समाज सेवक साथियों ने मिलकर वासु किचन शुरू की थी। उनका मकसद यह था कि जो मरीज हैं,उनके अटेंडेंट आते हैं, उनके खाने में कुछ इंप्रूवमेंट हो। जिस तरह से समाज सेवकों ने मिलकर 6 साल से यह किचन चलाई है और

आज स्थिति यह है कि समाज के लोगों ने मिलकर यहां पर रोटी बनाने की मशीन लगाई है ताकि रोटी की क्वालिटी और अच्छी होगी ।यहां पर मरीजों और उनके अटेंडेंट को ज्यादा से ज्यादा लोगों को यह सुविधा उपलब्ध होगी और उन्होंने दूसरे राजनीतिक लोगों पर तंज कसते हुए कहा कि फोटो खिंचवाने की राजनीति तो काफी लोग करते हैं लेकिन 6 साल तक लोगों की सेवा करना और रोज उन को खाना खिलाना। यह कोई आसान बात नहीं थी। मैं उन सभी समाज सेवा करने वाले लोगों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने यह नेक काम किया

## आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

(देव मणि शुक्ल ) नोएडा आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नितिन अग्रवाल ने आज यहां सर्किट हाउस, अयोध्या में आबकारी विभाग की समीक्षा की। बैठक में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि विभाग का राजस्व बढ़ाने के साथ साथ अवैध मदिरा निर्माण, बिक्री एवं अवैध मदिरा परिवहन पर अंकुश लगाना बेहद जरुरी है। जिस क्षेत्र में अवैध शराब बनाई एवं बिक्री की जा रही है वहां के जिला आबकारी इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

विभागीय कार्यों की जानकारी लेते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार

100 दिन की कार्य योजना बनाकर कार्य करें और जो राजस्व लक्ष्य रखा गया है उसे प्राप्त करें। आगे माननीय मंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायतें बिलकुल बर्दास्त नही की जायेंगी। ईमानदारी से कार्य करें, मेरा सपोर्ट हमेशा आप लोगों के साथ है। इस फाइनेंशियल ईयर में विभाग का राजस्व लक्ष्य 42.5 हजार करोड़ का है।

मुख्यमंत्री जी के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं। इसलिए मैं चाहता हूं कि विभाग के सभी लोग मिलकर ईमानदारी से कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा रेवेन्यू जनरेट कर माननीय मुख्यमंत्री जी के 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करें। समीक्षा बैठक में जॉइंट कमिश्नर धीरज सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सोमेंदर तोमर ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का प्रथम बार नोएडा आगमन

**(देव मणि शुक्ल )**

नोएडा वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का प्रथम बार नोएडा आगमन हुआ। ज़िले में सभी जगह उनका स्वागत हुआ। उसके बाद मंत्री जी भाजपा कार्यालय सेक्टर 116 पहुँचे। जहाँ उन्होंने सभी जिला पदाधिकारी, मंडलों के प्रभारी ,अध्यक्ष सभी मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों की समस्त टीम व कार्यकर्ता से मुलाकात किया । कार्यालय में महानगर ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने उनका स्वागत किया और उसके बाद उनको सभी पदाधिकारियों से मिलवाया।

कार्यकताओं ने मंत्री जी से नॉएडा से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की।

मंत्री जी ने भाजपा की जीत के लिए सभी

कार्यकताओं की मेहनत के लिए धन्यवाद दिया और उनको सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निबटने की बात कही।

अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा की भाजपा हमेसा सबका साथ सबका विश्वास पर काम करती है और हमेशा जनता के लिए काम करती रहेगी, कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ होती हैं उनका मान सम्मान कभी नहीं झुकने देंगे।

इस मौके पर जिला प्रभारी बसंत त्यागी,जिला महामंत्री उमेश त्यागी,गणेश जाटव,हरीशचंद भाटी,योगेन्द्र चौधरी,उपाध्यक्ष मनीष शर्मा,मुकेश शर्मा, युद्धवीर चौहान , गिरजा सिंह,गिरीश कोटनाला,धर्मेंद्र गुप्ता,विनोद शर्मा,योगेन्द्र चौधरी,रवि यादव,उमेश यादव,पंकज झा,कल्लू सिंह लोकेश कश्यप,लोकेश यादव,एस पी चमोली,अशोक मिश्रा,ओमबीर अवाना,इंद्रजीत जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा के लिए मंत्री ने लगाई चौपाल

**(शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो)**

बालाघाट। आयुष मंत्री रामकिशोर ह्ननानोह्व कावरे ने 27 अप्रैल को सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि गांवों में कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं आने दें। गांवों में नल-जल योजना से पर्याप्त पानी प्रदाय किया जाये। बैठक में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अरूण श्रीवास्तव, जल निगम के अधिकारी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री एम ए कुरैशी, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री मनीष ठाकुर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री अग्रवाल, आजीविका मिशन के जिला परियोजना समन्वयक श्री ओमप्रकाश बेदुआ उपस्थित थे। आयुष मंत्री श्री कावरे ने बैठक में कहा कि बिजली की समस्या के कारण नल-जल योजनाओं की टंकी पूरी तरह से नहीं भरने एवं ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने की शिकायतें मिल रही है। अधिकारी इन शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्परता के साथ उनका निराकरण करें।

कृषि एवं घरेलू उपयोग के लिए बिजली के फीडर अलग होने के बाद वोल्टेज की समस्या नहीं आना चाहिए। जहां पर ऐसी समस्या आ रही है, तो उसके निदान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाये। जरूरी होने पर ट्रांसफार्मर भी बदला जाये और अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाये। पेयजल के लिए जरूरी होने पर नलकूप खनन का कार्य भी कराया जाये। आयुष मंत्री श्री कावरे ने बैठक में कहा कि ग्राम पादरीगंज के पोंडीटोला, ग्राम तीनगढ़ी, बटुआ एवं चांगोटोला में पेयजल की समस्या होने की शिकायत मिली है। चांगोटोला में कम वोल्टेज के कारण नल-जल योजना की टंकी पूरी नहीं भर पाने की जानकारी मिली है। इन स्थानों की पेयजल प्रदाय व्यवस्था को शीघ्र दूरूस्त किया जाये। मंत्री श्री कावरे ने कहा कि चांगोटोला की जर्जर हो चुकी पुरानी पानी टंकी के नीचे आंगनवाड़ी केन्द्र लगने से कभी भी हादसा होने की आशंका जताई गई है। अतः ग्राम पंचायत के माध्यम से पुरानी पानी टंकी को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शीघ्रता से की जाये। मंत्री श्री कावरे ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री से कहा कि जिले में कहीं पर भी अनावश्यक बिजली की कटौती न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। कृषि उपयोग एवं घरेलू उपयोग के लिए जितने घंटे निर्धारित हैं, उतने घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। आम जनता से बिजली संबंधी शिकायत या समस्या प्राप्त होने पर उसका त्वरित निराकरण किया जाये। लाईनमेन अपने क्षेत्र में हमेशा उपलब्ध रहें, जिससे आमजन जरूरत पड़ने पर उनसे तत्काल सम्पर्क कर सकें। बैठक में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन ने अधिकारियों से कहा कि ग्राम आंवलाझरी, भरवेली, भटेरा, कुम्हारी की पेयजल व्यवस्था पर भी निगरानी रखी जाये। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल सुगमता से उपलब्ध हो जाये, इसका ध्यान रखा जाये।

लोक स्वासथ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अरूण श्रीवास्तव ने बैठक में बताया कि उनका विभागीय अमला जिले के सभी नलजल योजनाओं पर सतत निगरानी रख रहा है। जहां से भी नल-जल योजना के तकनीकी कारण से बंद होने एवं हेंडंपप के खराब होने की सूचना प्राप्त होती है, तत्काल उसके सुधार का कार्य कराया जाता है।

## प्रबंधक परिषद बीएसए से मिलेगा आज

आगरा ! उत्तर प्रदेश विधालय प्रबधक परिषद के महानगर अध्यक्ष मनोज पराशर के अनुसार सभी प्रबंधक/प्रधानाचार्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे फ्ळए के अन्तर्गत निशुल्क पढने वाले छात्र/छात्राओं की फीस का भुगतान पिछले 2वर्षों से नही किया गया है इस कारण उत्तर प्रदेश विधालय प्रबंधक परिषद जिला बेसिक अधिकारी आगरा, और जिलाधिकारी आगरा से मिल कर ज्ञापन देगा सभी प्रबंधक/प्रधानाचार्य आवश्यक रूप से जिला विधालय निरीक्षक,आगरा के कार्यालय पर समय से उपस्थित हों ।

## कोरोना संक्रमण छिपाने वाले स्कूलों पर दर्ज हो महामारी एक्ट में मुकदमा

आगरा, 27 अप्रैल। शहर में कोरोना का प्रकोप फिर अपने पैर फैला रहा है, कई स्कूलों के बच्चे और टीचर संक्रमित हो रहे हैं, मंगलवार को एक शिक्षिका व छात्रा के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों की संस्था "पापा" ने अपर जिलाधिकारी से कोरोना संक्रमण छिपाने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने और स्कूलों को कोरोना बढ़ने से पहले बन्द करने की मांग की है। पापा संस्था के संयोजक दीपक सिंह सरीन अपर जिलाधिकारी से मुलाकात कर मंगलवार को संक्रमित मिली शिक्षिका व छात्रा के सम्पर्क में आये स्टाफ और बच्चों की भी जांच कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे स्कूल को कुछ दी के लिए क्वारन्टीन कर दिया जाना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने इस बारे में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। दीपक सरीन ने सीएमओ से भी मुलाकात करके ऐसे स्कूलों के खिलाफ महामारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की, जो अपने स्कूल के छात्र व शिक्षक के कोरोना संक्रमित हो जाने की बात को छुपाते हुए स्कूल की पढ़ाई को यथावत जारी रखे हुए हैं और अन्य शिक्षकों, स्टाफ व बच्चों में कोरोना महामारी को फैलाने का काम कर रहे हैं। सीएमओ ने स्कूल बंद कराने के लिये बीएसए को पत्र भेजा है।

18 और कोरोना संक्रमित मिले आगरा। जिले में पिछले 24 घंटे में 18 नए मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है जबकि सिर्फ एक मरीज स्वस्थ हुआ है। आगरा प्रशासन द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 3114 लोगों के सैंपल लिए गए, जिसमें 18 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। आगरा में कोरोना एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 59 हो गई है।

## जहांगीरपुरी के बाद अब खिचड़ीपुर में भी चला बुलडोजर

(अमरजीत सिंह) पूर्वी दिल्लीः- जहांगीरपुरी के बाद अब पूर्वी दिल्ली के खिचड़ीपुर क्षेत्र में काफी समय से अवैध कब्जे की सभी दुकानों पर एमसीडी ने बुलडोजर चलाया जोकि लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल के बिल्कुल सामने थीं। जहां एक तरफ पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा था कि दिल्ली में जितने भी अवैध अतिक्रमण वाले मकान या दुकाने हैं।वे

अपनी दुकानों से या मकानों से अपना सामान निकाल लें। नहीं तो किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वही इलाके के विधायक कुलदीप ने कहा कि बीजेपी के लोग गुंडागर्दी कर रहे हैं और कुलदीप ने एमसीडी पर आरोप लगाया कि एमसीडी वाले पैसे मांगने आते हैं। उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो उन्होंने यह बुलडोजर चला दिया और गरीब लोगों की 30 साल पुरानी दुकानों को तोड़ दिया। वहीं दुकानदारों का साफ तौर पर कहना है कि उन्हें बिना सूचना दिए यह कार्य किया गया है ।

## खैर तहसीलदार ने गोद लिये प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़**

अलीगढ़ खैर तहसीलदार हीरा लाल सैनी ने अलीगढ़ जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे के निर्देश पर खैर तहसीलदार हीरा लाल सैनी ने शिक्षण की जमीनी हकीकत परखी गई।इसके साथ ही संविलियन प्राथमिक विद्यालय नायल विकासखंड खैर का आकस्मिक निरीक्षण करने के दौरान तहसीलदार ने

स्कूल में तैनात अध्यापकों को सरकारी पाठ्यक्रम भी पढ़ाया गया। आपको पता तो चले अलीगढ़ जिले की जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे जे द्वारा 16 अप्रैल को अलीगढ़ जनपद के करीब 70 प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की विद्यालयों में उपस्थिति,छात्र नामांकन, शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्र छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं का सही ढंग से सदुपयोग तथा विद्यालय विद्यालय को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से जनपद एवं तहसील स्तरीय सभी अधिकारियों को 1-1 विद्यालय गोद लिए जाने के आदेश जारी किए गए थे। डीएम द्वारा दिए गए इसी आदेश के अंतर्गत गांव नायल के प्राथमिक विद्यालय नायल के लिए तहसीलदार खैर को नामित किया गया है। तहसीलदार खैर हीरालाल सैनी द्वारा स्कूल को गोद लिए जाने के बाद बुधवार को क्षेत्रीय लेखपाल रुबीना खान के साथ अचानक संविलियन विद्यालय का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार द्वारा अचानक किए गए निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में मौजूद बच्चों की उपस्थिति बहुत कम (67/130) होने पर नाराजगी जताई गई।

## दूल्लभछड़ा मे तेज रफ्तार टाटा डाम्पार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : खासकर दुल्लभछड़ा में साधारण लोग ओर स्कूली बच्चों दिन भर आना जाना रहता है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। इस बीच, दुल्लभछड़ा इलाके मे सड़कों पर दिन के दौरान डंम्पार वाहनों की गति तेज होने से विभिन्न स्थानों पर दुर्घटनाओं की सूचना मिल रहे है. आज 27 अप्रैल को लगभग 5 बजे आसपास अर 11 CC 5888 नंबर डाम्पार कार ने वेटारबन्द एक एल्टो कार को टक्कर मार

कर दूल्लभछड़ा ब्रिज के ऊपर तेज गति से आया और बाइक सवार शशि कुमार दुबे (पप्पू) को टक्कर मार दी। वह सड़क के किनारे गिर गया। लेकिन बाइक चकना चूर हो गया। खबर लिखे जाने तक राताबारी थाने में कोई बयान ऋक्ष्क्र दर्ज नहीं कराया गया है. हालांकि, घटना के अलावा लोगों ने डाम्पार वाहनों को तेज रफ्तार से चलाने से नाराजगी जाहिर की. राताबाड़ी पुलिस प्रशासन ने दुर्घटना स्थल से बाइक व टाटा डाम्पार कार थाने ले जाया गया.

# करणी सेना ने एडीजी को अच्छे कार्यों के लिए किया सम्मानित

**समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी**

बरेली। करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीजी राजकुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें अब तक के उनके द्वारा किये गए अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें सम्मानित किया एवं उनसे निवेदन किया कि लाउडस्पीकर चाहें किसी का भी हो ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाता ही है साथ ही आजकल बच्चो के

इम्तिहान भी चल रहे हैं तो उनका ध्यान भी भंग करता है इसीलिए शहर के सभी लाउडस्पीकर उतारे जाएं तथा इसके अलावा अतिक्रमण व रेहड़ी रिक्शा वालों की समस्या सुलझाने की गुजारिश की, एडीजी राजकुमार सिंह ने उनकी सब मांगों को ध्यान से सुना और निदान का आश्वासन दिया साथ ही करणी सेना के पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

सम्मानित करने वालों में ठाकुर राहुल सिंह के साथ राहुल गुप्ता, नवीन सक्सेना, पप्पू कश्यप, प्रमोद आर्यन, शिवम रावत, प्रदीप गंगवार, राजू गुप्ता, देवू राजपूत, ऋषि राजपूत, रघु इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# अघोषित विधुत आपूर्ति की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता से मिला भाजपा का जनप्रतिनिधि मण्डल

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 27 अप्रैल को भाजपा का एक प्रितिनिधि मण्डल निवर्तमान नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता से मिले जिसमे नगर नजीबाबाद में हो रही अघोषित विधुत कटौती को लेकर जनता बहुत परेशान है एवं सरकार की मंशा अनुसार विधुत आपूर्ति नही

मिल पा रही है जिस कारण जनता में बहुत रोष व्याप्त है एवं सरकार की छवि बहुत धूमिल हो रही है प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी अभियंता से तत्काल उच्च अधिकारियों को इस प्रकरण से अवगत कराते हुए लेटर जारी कराया प्रितिनिधि मण्डल में विधानसभा मीडिया प्रभारी शुभम ग्रोवर,पूर्व महामंत्री विशाल माहेश्वरी,चंद्रशेखर,दीपक कर्णवाल,मुकुल राजपूत,उदय चौधरी,नितिन सरीन,दीपक कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे..

## पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल तथा डीजल की मात्रा गुणवत्ता एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया

**रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना। एसडीएम नगीना जिला पूर्ति अधिकारी बिजनौर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नगीना पूर्ति निरीक्षक नगीना बाट माप निरीक्षक नगीना सेल्स ऑफिसर बिजनौर द्वारा नगीना के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल तथा डीजल की मात्रा गुणवत्ता एवं जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में प्रथम दृश्य कमियां पाई गई कमियों के संबंध में पेट्रोल पंप स्वामियों को कारण बताओ नोटिस

जारी करने के निर्देश संबंधित को दिए गए नगीना में तीन पेट्रोल पंप बैजनाथ आयल कंपनी ,अग्रवाल फ्यूल ट्रेडर्स जेके एसोसिएशन पेट्रोल पंप धामपुर रोड की जांच की गई। बैजनाथ आयल कंपनी की गुणवत्ता जांचने हेतु सैंपल लिए गए और कंपनी को भेजा गया। एसडीम नगीना शैलेंद्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव राज सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विशाल यादव, पूर्ति निरीक्षक विनीत कुमार और बाट माप निरीक्षक नगीना मौजूद रहे।

# चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने ईदगाह परिसर का दौरा किया

किरतपुर दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने बुधवार की दोपहर ईदगाह परिसर का दौरा किया और वहां नगर पालिका द्वारा कराई जा रही सफाई संबंधित कार्यों का जायजा लिया उनके साथ ईओ हरि लाल पटेल बड़े बाबू हसन मुस्तफा शामिल रहे चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने वहा पर मोजूद सफाई कर्मियों को निर्देश देते

हुए कहा कि ईद उल फितर इंशाल्लाह 3 मई की है ईदगाह के रास्तों में सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई नायक सुंदर ने आश्वासन दिया के ईद के रास्तों की सफाई बिल्कुल चुस्त-दुरुस्त कर दी जाएगी और इसमें किसी भी तरह की कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद फैजान सभासद पति मुनाजिर हुसैन मोहम्मद आबिद कुरैशी अबू सहीमा नफीस अहमद फुरकान मलिक मोहम्मद अकरम सऊद खान मोहम्मद सोनू मोहम्मद गौहर सेख मसरूर आदि शामिल रहे।

# चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने गौशाला का किया मुआयना।

किरतपुर। दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक मोतीचूर स्थित नगर पालिका

परिषद द्वारा संचालित कान्हा-पशु आश्रय स्थल (गौशाला) का बुधवार को चेयरमैन अब्दुल मन्नान व ईओ हरिलाल पटेल ने निरक्षण किया तथा वहां पर मौजूद साठ गाए बछड़ो की देखभाल उनके चारे आदि की व्यवस्था उनका स्वास्थ्य ठीक रखने व हवा पानी की व्यवस्था ठीक रखे जाने का कर्मचारियों को निर्देश दिए वहां मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निशांत कुमार ने बताया कि गौशाला में मौजूद सभी गाय बछड़ो का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है तथा बीमार होने पर उनको दवाई दी जाती है इसके बाद चेयरमैन गौशाला से थोड़ा आगे पालिका की पड़ी हुई खाली जमीन पहुंचे और वहां स्विमिंग पूल बनाने गौशाला की बराबर में पड़ी पालिका की जमीन पर पार्क बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए विचार विमर्श किया। इस मौके पर ईओ हरिलाल पटेल ,बड़े बाबू हसन मुस्तफा, समाजसेवी मौ0 फैजान सहित अनेक सभाद मौजूद रहे।

# धार्मिक स्थल से अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटाए

धर्मस्थलों में तय मानकों का उल्लंघन करते हुए बजाए जाने वाले अवैध/अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटवाने के प्रदेश सरकार के आदेश का अनुपालन शुरू हो गया है।

इसी क्रम में पुलिस ने धार्मिक स्थलों से अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतरवाया।

ग्रामीण क्षेत्रों पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटाये गए धार्मिक स्थलों पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने धार्मिक स्थलों की कमेटी से वार्ता कर उन्हें शासन के आदेशों से अवगत कराते हुए धार्मिक स्थलों पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतरवाने को कहा। धार्मिक स्थलों

की कमेटी के लोगो ने शासनादेश का सम्मान करते हुए सहर्ष लाउडस्पीकर को धार्मिक स्थलों से उतार दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित हरेक धर्मस्थल से अवैध लाउडस्पीकर को हटवाया जाएगा।और शासन की मंशानुसार निर्धारित डेसिबल का पालन कराया जाएगा। गुरुद्वारा टांडा माई दास मदरसा फैजुल कुरान टांडा माई दास गांव सत्तार वाला आदि कई गांव में थाना अध्यक्ष संजय कुमार कुमार ने धर्म गुरुओं से की अपील शासन प्रशासन के आदेशों का करें पालना

# थाना भोजीपुरा से नाबालिग लड़की के अपहरण 25 दिन बीत जाने पर आईजी के पास पीड़ितके साथपहुंची यास्मीन

**समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी**

नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति के अध्यक्ष यासमीन जहां नाबालिग लड़की के परिवार के साथ आईजी से मिली आईजी ने तुरंत लड़की के बरामदे के दिए आदेश यासमीन जाने मीडिया को बताया धारा 154/2022 के अंतर्गत धारा 364, 354, (घ ) 506, आईपीसी की धारा व 7/8 पक्सो अधिनियम में दिनांक 5/4 2022 को मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी मुस्लिमों की मिलीभगत से पुलिस नहीं कर रही नाबालिग लड़की बरामद भटक रहा परिवार यासमीन को बताया कितनी धाराएं लगने के बाद भी अभी तक आरोपी या लड़की को बरामद नहीं किया गया है 25 दिन बीत चुके हैं यासमीन पीड़ित परिवार के साथ आईजी से मिली आईजी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही लड़की को बरामद किया जाएगा यासमीन जहां ने आईजी से शिकायत की किस




सर अगर पुलिस थानों में उच्च अधिकारी शक्ति करें तो आपके पास हम महिलाओं को ना ना पड़े यासमीन जाने आई जी से कहा कि सर आपके जो बाहर बैठते हैं वह भी पीड़ित महिलाओं को आपसे मिलने नहीं देते चार चार बार महिलाएं आती हैं लेकिन उनको लौटा दिया जाता है थानों में फोन करके जिससे पीड़ित भटकते रहते हैं जिस पर मीडिया से बातचीत में यासमीन जाने का है कि आई जी ने मुस्कुराते हुए का ऐसा नहीं होगा अगर मैं मीटिंग में हुआ था गलत बात है यासमीन बताते हुए कहा कि हम प्राउड करते हैं अपने उच्च अधिकारियों पर जिन के आदेश पर थानों में कार्रवाई होती हैं महिलाओं को संतुष्टि होती है बेटियों को न्याय मिलता है वरना थाने में बेटी और महिलाओं का बहुत बुरा हाल है कहीं भी कोई सुनवाई नहीं होती आगे यास्मीन जहां ने कहा की ऐसा एक समान कानून बनना चाहिए जिससे आदमी दूसरी शादी ना कर पाए एक वाइफ के रहते हुए

# नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक

**किरतपुर। दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक**

में 32 करोड़ 86 लाख 70000 रुपए के बजट को सभासदों द्वारा सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया है। उक्त बजट गत वर्ष की भांति एक करोड़ 40 हजार रुपये अधिक है। अन्य प्रस्तावों में जलकल मूल्य बढ़ाने को सभासदों ने अस्वीकृत कर दिया।

बुधवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में बोर्ड द्वारा आयोजित बैठक मे गत वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया तथा वर्ष 2022--2023 पर चर्चा की गई। गत वर्ष की भांति इस वर्ष 10040000 रुपये अधिक का बजट पेश किया गया। जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। जल मूल्य की दरों पर वृद्धि के प्रस्ताव को सभासदों ने अस्वीकृत कर दिया। वर्ष 2022-23 के ठेकों की नीलामी की स्वीकृति, नगर के समस्त नालों की तली झाड़ सफाई की स्वीकृति, शीतल पेय-जल हेतु नगर में स्थापित वाटर कुलर की मरम्मत की स्वीकृति, आउटसोर्सिंग ठेके पर

नलकूप चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लिपिक, वसूली कर्मी, लाइन मैन एंव सफाई कर्मचारियों को रखे जाने की स्वीकृति, नगरीय जल निकासी योजना के अंतर्गत डीपीआर की स्वीकृति, पालिका द्वारा निर्मित दुकानों की नीलामी की स्वीकृति, सड़कों एंव पाइप लाइन के प्राक्कलनों की स्वीकृति, अन्य बिंदुओं की अनुमति चेयरमैन को दे दी गई है। इसके अलावा बोर्ड ने बस स्टैंड पर रिक्शा यूनियन का टीन शेड बनाना और नाइयों वाला चौक को सलमानी चौक की स्वीकृति प्रदान की गई। वहां नगर पालिका द्वारा सलमानी चौक का बोर्ड स्थापित किया जायेगा।

चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर जनता के सहयोग से नगर में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गंदे नालों से पानी की निकासी के लिये एक करोड़ 9 लाख रुपये का स्टीमेट तय्यार करवाकर शासन को भेजा गया है। उन्होंनेबताया कि लगभग पांच बीघा भुमि को खाली करवाया गया है। उसपर जिम बनाने और स्विमिंग पूल बनाने की चर्चा की गई। बैठक में शर्फू, रईस खां, सऊद खां, मौ० फुरकान, नफीस राईन, मौ० आबिद, अरशद चौधरी, अकरम शेख, मसरूर शेख एंव नामित सभासद रजनी कालरा, संजय चौहान आदि रहे।

# रजा एक्शन कमेटी के सदस्य के द्वारा मुकदमा वापस ना लेने के चलते गैंग रैप की आईजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी**

नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति कीअध्यक्ष यास्मीन जहां संस्था के सदस्यों के साथ गैंगरेप पीड़िता के साथ आईजी से मिली आई जी से यास्मीन जहां ने मुलाकात के दौरान बताया की पीड़िता का आरोप है कि रजा एक्शन कमेटी के मुख्य सदस्यों द्वारा 354 का मुकदमा वापस ना लेने का दवा बना रहे थे जिसके चलते दिनांक 8/4/22 को समय लगभग रात 9:00 बजे जब तरावी का वक्त था और उसका पति नमाज पढ़ने गए हुए थे ऐसे वक्त में नदीम वसीम हसीन इन तीनों ने मेरे साथ बारी बारी दुष्कर्म किया जान से मारने की धमकी देकर चले गए थाने में पहुंची तो इंस्पैक्टर नीरज मलिक ने मेरी बात नहीसुनी और दूसरे पक्ष को बुलाकर समझौता क दबाव बनाने लगे कोई सुनवाई नहीं हुई सुनवाई ना होने के कारण पीड़िता नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति की अध्यक्ष यास्मीन जहां से मिली और अपना दर्द बयान किया यासमीन ने बताया

कि किस तरह से महिला के साथ राजा एक्शन कमेटी के सदस्य ने मुकदमा वापस न लेने के कारण गैंग रेप किया पुलिस द्वारा कोई सहयोग न मिलने से निराश पीड़िता यासमीन जहां से मिली पीड़िता ने उसने अपनी आपबीती सुनाई जिससे संस्था के जिला अध्यक्ष कमल खान ममता शर्मा शाहीन सुदेश कुमारी शर्मा कई पदाधिकारियों के साथ को लेकर आई जी से मुलाकात की आईजी ने तुरंत एक्शन लिया एसएसपी साहब को फोन किया और तत्काल आदेश से आज महिला की एफ आई आर दर्ज हुई यासमीन जहां का कहना है जब ६.१. लेने जब पीड़िता के साथ थाना बारादरी पहुंची तो वहां के इंस्पेक्टर ने यासमीन जहां से अभद्रता की फिर जगतपुर चौकी इंचार्ज का फोन लगाया तो चौकी इंचार्ज का सबसे पहले यासमीन से यही सवाल था कि कितने मुकदमे दर्ज कराएगी उनके बोलने का ढंग इतना गंदा था कि महिलाओं से बात करने की तहमीज नही है यास्मीन जहां ने मीडिया को बताया कि देखती हूं कौन अब बेटियों महिलाओं से रेप छेद छड़ी करते हैं अब योगी सरकार है अब महिलाए बेटियां किसी से नहीं डरेंगी

# कोर्ट और शासन के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने विभिन्न धार्मिक स्थलों से उतरवाए लाउडस्पीकर

**दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी**

स्योहारा कोर्ट और शासन के आदेश के अनुपालन में बिजनौर स्योहारा ।पुलिस अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस ने धामपुर, स्योहारा शेरकोट आदि नगरों के धार्मिक स्थलों से अतिरिक्त लाउडस्पीकर उतरवाए। प्रत्येक धार्मिक स्थल पर केवल एक एक लाउडस्पीकर को छोड़ कर बाकी सभी लाउड स्पीकर को उतरवा दिया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में धर्म स्थलों में नियमों के पालन की साप्ताहिक समीक्षा जिला स्तर पर करने और पहली

अनुपालन रिपोर्ट 30 अप्रैल तक शासन तक शासन को भेजने के लिए कहा गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के बाद पुलिस हरकत में आई। आदेश के अनुपालन में तहसील धामपुर के सभी थानाक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थलों पर लगे हुए अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतरवाने का काम शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने मंदिरों और मस्जिदों के संचालकों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई नई गाइडलाइन के मुताबिक हिदायत दी है कि मंदिर या मस्जिद पर बजने वाले लाउडस्पीकर की आवाज उस स्थल के परिसर के बाहर नहीं जानी चाहिए।

स्योहारा थाना अध्यक्ष आशीष कुमार तोमर ने बताया कि सभी धार्मिक स्थलों से एक लाउडस्पीकर को छोड़कर अतिरिक्त लाउडस्पीकर हटवा दिए गए हैं साथ ही सभी धार्मिक स्थलों के संचालकों को लाउड स्पीकर की आवाज मानक के अनुसार रखने की हिदायत दी गई है।

# प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका के पति के कत्ल की रची साजिश

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ में अवैध संबंधों का राज खुलने के बाद प्रेमी ने प्रेमिका के पति को जान से मारने की साजिश रच डाली और अपने दो दोस्तों को साथ लेकर वारदात को अंजाम देने के लिए निकल गए जिसके बाद प्रेमिका के पति को चाकू से मारने का प्रयास किया गया गनीमत रही कि आरोपियों ने जल्दबाजी में प्रेमिका के पति साबिर को मरा हुआ सोचकर जंगल में फेंक दिया जिसके बाद व उठकर आबादी में पहुंच गया और आपबीती सुनाई पुलिस ने मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी

मिली जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव मानियावाला गढ़ी में मुस्तकीम नाम युवक 3 वर्ष पूर्व रहता था इसी दौरान उसकी एक

पड़ोसी महिला से आंख लड़ गई और दोनों को प्यार हो गया महिला का पति साबिर मुंबई में रहकर काम करता है साबिर को प्रेम संबंधों की जानकारी हो गई तो उसने अपनी पत्नी को खूब खरी-खोटी सुनाई जिसके बाद गुस्साए पत्नी के आशिक मुस्तकीम ने साबिर को रास्ते से हटाने के लिए अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर हत्या करने की साजिश रच डाली और प्लॉट खरीदने के बहाने उसको नगीना हरेवली मार्ग के जंगल में ले गए और जान से मारने का प्रयास किया आरोपियों ने चाकू से साबिर पर हमला बोल दिया जिसमें साबिर खून से लथपथ हालत में अधमरा हो गया साबिर को मरा हुआ छोड़कर तीनों अभियुक्त फरार हो गए इसके बाद साबिर को होश आया और वह उठकर बस्ती में पहुंच गया और आप बीती सुनाई तभी से साबिर ने पुलिस में शिकायत की तो पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की इसी मामले में आज पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है

# कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर एक दिवसीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना ।किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर एक दिवसीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

सोमवार को कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद के मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह के द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कोतवाली तृप्ति राजपूत द्वारा किया गया। किसान मेले में विभिन्न उत्पादों से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के पी सिंह ने कहा कि किसानों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी रही थी जिससे कि उनको जनपद में बिजनौर जनपद बिजनौर में चल रही सरकार की विभिन्न तरह की योजनाओं का लाभ मिल सके साथ ही साथ के केंद्र के वैज्ञानिकों से कहा कि आप लोग ने किसानों को अधिक उत्पादन तकनीकी अच्छा कम लागत गुणवत्ता के उत्पादन की तकनीक की अधिक से अधिक किसानों को जानकारी दें। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित किसानों से कहा कि आप लोग कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों के संपर्क में रहे यहां के वैज्ञानिक आपको कुछ उत्पादन तकनीकी के बारे में नवीनतम जानकारियों के बारे में बताते रहेंगे साथ ही यह भी कहा कि यह केंद्र बहुत ही पुराना है यहां से किसानों को हमेशा जुड़े रहना चाहिए जनपद बिजनौर के उप कृषि निदेशक ने उपस्थित शिक्षकों को सरकार द्वारा

कृषि के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न तरह की जानकारियां दी साथ ही साथ किसानों को यह भी बताया कि वर्तमान समय में फसल बीमा से संबंधित आयोजन न्याय पंचायत स्तर पर विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। इससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हों। वैज्ञानिक डॉ केके सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को आगामी खरीद में उच्च उत्पादन हेतु बासमती धान की उच्च उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि जो जनपद में 1 फसलों जैसे गेहूं सरसों मसूर की बायोफोर्टिफाइड प्रजातियां हैं। उसका उत्पादन किसान कैसे करें उससे अधिक से अधिक कैसे लाभ प्राप्त कर सकते हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में गेहूं की फसल से जो भी खेत खाली हो रहे हैं उन खेतों में किसान जैविक खेती यानी सरल फार्मिंग करने के लिए नवरत्न हरी खाद का प्रयोग करें और धन हरी खाद की अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ शकुंतला गुप्ता ने उपस्थित किसको एवं महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि अधिक से अधिक नौजवान के साथ और महिलाएं और किसी के उद्यम की तरफ जुड़े उद्योगों में मशरूम उत्पादन मधुमक्खी पालन और महिलाएं अपने घर के आस-पास जो किचन गार्डनिंग का स्थापना करके अधिक से अधिक फायदा प्राप्त कर सकते हैं। मेल एवं प्रदर्शनी में किसानों के अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के स्टाफ ने भी हिस्सा लिया।

# मुख्य सचिव के आदेश अनुसार आज प्राइवेट वाहनों को पूर्णतः बंद कराया गया

**दैनिक समाज जागरण जसवीर सिंह**

थाना क्षेत्र मंडावर मे आज मुख्य सचिव के आदेश पत्र संख्या 328/6पु 2-2022,1100(35)/2022 जो 23/4/2022 के जनपद यातायात प्रभारी बिजनौर द्वारा निर्देशित किया गया था की जनपद मे अवैध संचालित टैक्सी /ऑटो /बस स्टेण्ड के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए इनका संचालन पूर्णतः बंद किया जाये आपको बताते चले की अवैध रूप से चल रहे वाहन टैक्सी ऑटो बस मैजिक टेम्पू इको आदि को 3दिन के अंदर पूर्णतः बंद किया जाये यदि 3 दिनों के उपरांत भी अवैध रूप से चल रहे वाहन व टैक्सी ऑटो बस मैजिक टैम्पू इको आदि संचालित पाए जाते है। तो उन

संचालको को माफिया के रूप मे चिन्हित करते हुए इनके विरुद्ध प्रदेश गुंडा अधिनियम गेंस्टर एक्ट के तहत आदि वैधानिक प्रावधानो के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी यह आदेश जनपद के बिजनौर, मंडावली, चांदपुर, नगीना, धामपुर, नूरपुर, सभी के लिए है ।लेकिन यह सभी आदेश आज जनता के लिए भारी दिखाई दिए क्योंकि इन प्राइवेट वाहन के बंद होने से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है ।वो इस लिए की

रोडवेज बसों की जो सेवा है ।वो बहुत ही कम है ।जिसके कारण पब्लिक इन प्राइवेट वाहन का प्रयोग करके अपने कार्य वह जहाँ जाना होता था समय पर पहुंच जाते थे लेकिन इन वाहनों के बंद होने से आज आम जनता बहुत ही दिक्कत मे होती नजर आई है।

# गर्मी में बिजली खून के आंसू रुला रही है

**दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी**

धामपुर एक तो गर्मी का मौसम और ऊपर से रमजान का महीना और उसमें लगातार बिजली के झटके लगाना जनता को परेशान कर रहा है लोगों का कहना है कि बिजली जाने का तो टाईम है मगर बिजली कब आयेगी उसका कोई टाईम नहीं है और यही वजह है कि रोजेदारों को काफी परेशानियां हो रही हैं आम जनता का मानना है कि इस बार अप्रेल माह में ऐसी गर्मी पड़ रही है जैसी आम तौर पर जून जुलाई के महीने में होती थी ऐसा क्यों है इसका कुछ पता नहीं है मगर लोगों का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच होने वाली जंग जिसमें घातक हथियार और बमबारी हो रही है उसकी वजह से धरती का तापमान बढ़ रहा है और अप्रेल के महीने में जून जुलाई की गर्मी का अहसास हो रहा है और इसकी वजह से रमजान के पवित्र माह में रोजेदारों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि रमजान तो अब गुजर ही चुके हैं मगर बिजली का यही हाल रहा तो उद्योग धंधों पर इसका काफी असर पड़ेगा और मंहगाई और बेरोजगारी जो चरम पर है उसमें और इजाफा होगा लिहाजा सरकार को चाहिए कि वो बिजली उत्पादन बढ़ाने में उसे तत्काल किसी योजना की तैयारी और उस पर अमल करना चाहिए

# बहेड़ी नगर मे बिजली की कटौती

**संवाददाता समाज जागरण**

बहेड़ी नगर में बार-बार बिजली की कटौती लोगो के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है । लोगों में बिजली विभाग को लेकर काफी नाराजगी देखी जा सकती है । बहेड़ी नगर की आम जनता का कहना यह है कि बिजली विभाग ने बिजली को 24 घंटे के लिए देने का वादा किया है । परन्तु वह बार-बार बिजली की कटौती कर रहे हैं । जिसके कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है लोगों के कई कार्य जो बिजली से चलते हैं वह रुक रहे हैं और जैसा कि आपको पता है गर्मी का मौसम है और लोगों को बिजली के काफी आवश्यकता है परंतु उन्हें

इसका लाभ नहीं मिल रहा है। बहेड़ी नगर के लोगों का यह कहना है कि या तो यह बिजली विभाग की लापरवाही है या फिर यहां के जो लाइन है जिसे हम (बिजली के तार कहते हैं ) या उसी में ही कोई समस्याएं हैं । लोगो की आसा है कि बिजली विभाग या तो कोई ठोस से ठोस कदम उठाएं या फिर इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें क्योंकि इस समस्या से काफी लोगों को जूझना पड़ रहा है और काफी लोगों का नुकसान भी हो रहा है।

# नवजात की प्रसव के दौरान हुई मौत, हंगामा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

उन्नाव। शहर के गदनखेड़ा स्थित नर्सिंगहोम में प्रसव के दौरान नवजात की मौत पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। परिजनों में गुस्सा देख कर्मचारी मौके से भाग निकले। पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृत नवजात के पिता ने नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

शहर के प्रयागनारायणखेड़ा निवासी अकील अहमद के बताया कि उसने पत्नी फरहीन को मंगलवार सुबह प्रसव के लिए गदनखेड़ा मोटर मार्केट स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया।

नार्मल डिलीवरी न होने से उसने नर्सिंगहोम के कर्मचारियों से आपरेशन की बात कही, पर कर्मचारी नार्मल डिलीवरी कराने का प्रयास करते रहे। इससे उसके बच्चे के सिर पर गंभीर चोट आ गई और उसकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों के हंगामा करने पर कर्मचारी नर्सिंग होम से भाग गए। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। अकील ने नर्सिंगहोम संचालक व अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। कोतवाल ओपी राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कृषि रक्षाधिकारी ने बताया गेहूं भंडारण के उपाय

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

उन्नावझ्र जिला कृषि रक्षाधिकारी ने बताया कि गेहूँ का सुरक्षित भंडारण करने के लिए खत उपाय इस प्रकार है।सूखाकर करे गेहूँ का भंडारणः- भंडारण करने से पहले गेहूँ को अच्छी तरह से सूखा लें। अनाज में नमी नहीं होनी चाहिये यदि गेहूँ में अधिक नमी होगी तो कीडे. और फंगस लग जाते है। आमतौर पर बरसात के मौसम में गेहूँ में सुरसी, खपरा, डोरा व जाल वाले कीडे. लगते है ऐसा इसलिए होता है कि बारिश के मौसम में अधिक नमी होती है और इससे गेहूँ नरम हो जाता है। जब गेहूँ नरम होगा तो कीडे.उसको आसानी से काट लेते है इसलिए बारिश के मौसम में अधिक कीडे. लगते है।

जिस टंकी में गेहूँ रखे हो उसको भी धूप में रखेः-गेहूँ का भंडारण करने से पहले लोहे की टंकी को 4-5 दिन तपती धूप में रखे। धूप में रखने से टंकी में मौजूद कीडे.नष्ट हो जाते है। जानकारो का कहना है कि जहाँ पर गेहूँ का भंडारण किया जाना है वहाँ पर नमी न हो यदि नमी होगी तो गेहूँ खराब हो जायेगा

टंकी में डाले नीम की पत्तियाँ एल्यूमिनियम फॉस्फाइड के पाउचः- एक किलो नीम की पत्तियों को छाया में सूखाकर भंडार करने से पहले टंकी की तली में बिछाना चाहिए इससे गेहूँ खराब नही होगा। यह तरीका कम मात्रा में गेहूँ को भंडारित करने का है। अगर पहले ही गेहूँ में कीडा. लगा हो तो एल्यूमिनियम फॉस्फाइड के 2-3 पाउच प्रति 10 कुंतल बीज पर उपयोग कर सकते है।

पुरानी बोरियों का इस्तेमाल न करें और करें तो ऐसे करेंः- कभी भी पुरानी बोरियों या कुठला इत्यादि को बिना उपचारित किये भंडारण के लिये उपयोग न करें। यदि सम्भव हो तो नई बोरियों का इस्तेमाल करें। यदि भंडारण में पुरानी बोरियों का प्रयोग करना है तो इन्हे 1 प्रतिशत मैलाथियान के घोल में 10 मिनट तक डूबो दे और सूखाकर प्रयोग करें।

विशेष जानकारियां पुराने गेहूँ को नए भंडारित गेहूँ के साथ कदापि न रखे, भंडारण के लिये प्रयोग किये जाने वाले गोदाम, लोहे की टंकी या वायुरोधी कवर में किसी भी प्रकार की दरार या छेद को भंडारण से पूर्व ही बंद कर लें ताकि संक्रमण से बचा जा सके, चूहो के नियंत्रण के लिये एल्यूमिनियम फॉस्फाइड, चूहेदानी या एंटी कगुलेंट्स का प्रयोग करें, भंडारण के आसपास गंदगी न रखे। उन्होंने बताया कि इनमें से किसी भी कीट/रोग की समस्या होने पर कृषि विभाग में तकनीकी अधिकारियो से तत्काल विकास खण्ड स्तर पर सहायता ले या निरूशुल्क व्हाटसऐप नम्बर 9452247111, 9452257111 पर कीट/रोग कें फोटोग्राफ खींचकर अपना नाम, पता लिखकर घर बैठे ही तकनीकी सलाह ली जा सकती है।

# एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान की हुई शुरूआत

## 1 मई से 31 मई तक सुरक्षित मातृत्व को लेकर चलाया जाएगा महा अभियान

सर्वेश शुक्ला मण्डल ब्यूरो लखीमपुर खीरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर एक अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान का नाम एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर है। इसकी तैयारियों को लेकर सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर की अध्यक्षता में एक मीटिंग एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सभागार में हुई।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता में है। इसे लेकर सीएमओ डॉ. शैलेंद्र भटनागर के अध्यक्षता में 1 मई से 31 मई तक एक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का नाम एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर रखा गया है। इस एक माह में समस्त गर्भवती माताओं को आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व एएनएम के माध्यम से ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही इस अभियान के अंतर्गत इन सभी गर्भवती माताओं को आयरन, फोलिक एसिड, अल्बेंडाजोल, कैल्शियम की टेबलेट आदि वितरित की जाएंगी। इसे लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात अधीक्षक सहित बीपीएम व

पीसीपीएम को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह सभी इस प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने ब्लॉकों में एएनएम सहित आशा, आशा संगिनी, व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य ऐसी महिलाओं को चिन्हित करना भी है जिनमें खून की कमी से एनीमिया के कारण सामान्य प्रसव में दिक्कत आती है। 7 ग्राम से 11 ग्राम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को खानपान के साथ आयरन और कैल्शियम सहित अन्य उपयोगी दवाओं के माध्यम से हिमोग्लोबिन बढ़ाने का प्रयास किया जा सकेगा। इसके पीछे प्रधानमंत्री जी का मूल उद्देश्य सामान्य प्रसव एवं एनीमिया मुक्त भारत का सफल संचालन है। इस दौरान एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. बीसी पंत, डॉ. कुलदीप आदिम व डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव सहित डैम सतपाल सिंह, डीएमसी लल्ला सिंह, अनुज प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।सात एफआरयू क्लीनिक में हुआ 925 गर्भवती माताओं का पंजीकरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत 25 अप्रैल को जिले के सात (एफआरयू) प्रथम सुंदरबन इकाई पर क्लीनिक का आयोजन किया गया। जिसमें 925 गर्भवती माताओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। 52 गर्भवती माताओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। वहीं द्वितीय व तृतीय माह की गर्भवती माताओं को चेकअप के बाद आवश्यकता अनुसार आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम व अन्य दवाएं भी दी गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हर माह की 9 तारीख को क्लीनिक का आयोजन किया जाता है लेकिन शासन के निर्देश पर अब हर माह की 9 तारीख सहित 24 तारीख को भी क्लीनिक आयोजन किया जाएगा, परंतु अप्रैल में 24 तारीख को रविवार पड़ने के कारण 25 अप्रैल को क्लीनिक का आयोजन किया गया था।

# प्रधानमंत्री आवास मैं भ्रष्टाचार

**रिपोर्ट अजय सिंह के साथ पिंकी सिंह**

मिश्रिख सीतापुर मकान विमुख गरीब लोगों को आवास उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना में मिश्रिख ब्लाक के अंदर पूरी तरह से भ्रष्टाचार का घुन लगा हुआ है चयनकताओं द्वारा इच्छापूर्ति करके अपात्र लोगों के नाम आवासीय सूची में जहां धड़ाधड़ तरीके से शामिल किए गए हैं और किए जा रहे हैं वही बेचारे पात्र दर-दर भटक कर मन मसोसकर रह जाने को मजबूर हैं।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में एक बेहद चौंकाने वाला मामला ग्राम पंचायत देवगंवा का उजागर हुआ है जिसमें खंड विकास अधिकारी द्वारा पात्रता सूची की जांच के निर्देश के क्रम में एस-डीओ समाज कल्याण द्वारा की गई जांच के दौरान पाया गया है कि 9 लाभार्थियों ने आवासों का निर्माण ही नहीं कराया गया है जबकि आवंटन उपरांत प्राप्त धनराशि निकाल कर हजम कर ली गई है जानकार सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान जांच अधिकारी ने पाया कि देवगंवा ग्राम पंचायत में क्रमशः अजय सिंह पुत्र राजा सिंह सुषमा पत्नी बाबूराम रमेश पुत्र गोकर्ण प्रेम पुत्र श्रीचंद आशा पत्नी महिपाल मधुरानी पत्नी सुरेश महेश पुत्र निर्मल पुष्पा पत्नी पप्पू तथा गुड्डी पत्नी शिवनंदन योजना मद में प्राप्त धनराज से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण ही नहीं कराया गया है जबकि इस मद में निकाली गई 7 की धनराशि पूरी तरह से हजम कर ली गई है इस आशय की रिपोर्ट जांच अधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को बीते दिनों सौपी गई है गुड्डी पत्नी शिवनंदन और करो नरेंद्र पुत्र मुल्लू ग्राम प्रधान के परिवारी जन भी है तथा इन दोनों को भी आवासीय योजना का लाभ दिया गया है जो पूरी तरह से नियम के विपरीत है इस तरह ग्राम पंचायत में कुछ योजना का दोहरा लाभ दिया गया है, कुल मिलाकर इस ग्राम पंचायत में आवास योजना गाइडलाइन की खुलेआम धज्जियां उड़ा दी गई हैं। कमोबेश यही हाल ब्लॉक की लगभग सभी ग्राम पंचायतों का है जहां योजना का लाभ लेकर अपात्र मौजान रहे हैं और पात्र लाभ के विमुख होकर दर-दर ठोकरें खाने पर मजबूर हैं जिस-की तरफ जिला प्रशासन और प्रदेश शासन को गंभीरता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है तभी सही मायने में फलीभूत हो पाएगी योजनाएं

# आवारा जानवरों के मुद्दे पर फेल हुई भाजपा सरकार बबार्दी की कगार पर पहुंचे किसान

**समाज जागरण शिवम अवस्थी/मिथिलेश कुमार**

लहरपुर(सीतापुर)-जहाँ भारत देश को कृषि प्रधान देश कहा जाता है तो वहीं किसान की आवारा जानवर बद से बदतर दशा करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।

आपको बताते चलें कि जब से विधानसभा चुनाव के पूर्व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नाव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि 10 मार्च के बाद आवारा जानवरो पर विचार किया जाएगा सरकार बनने के कई महीने बाद भी आज तक कोई विचार नहीं किया जा सका है।

जिसके कारण किसानों के गेहूं,गन्ना व अन्य फैसले चरते रहते हैं जिससे अन्य अन्न दाताओं के समक्ष भुखमरी, कंगाली व असहायता नजर आ रही है। यदि आवारा जानवरों का यही हाल रहा तो वह दिन दूर नहीं जब किसान की दुर्दशा बद से बदतर हो जाएगी और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाएगा।

अब देखना यह है कि शाशन व प्रशासन किसानों के हित में क्या ठोस कदम उठाते है और क्या आवारा पशु के संबंध में कार्यवाही करते हैं?

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

उन्नावझ्रजिलाधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा प्राथमिक विद्यालय ग्राम भतावा विकास खण्ड सिकन्दरपुर सरोसी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया गया, प्रधानाध्यापक श्रीमती सुनीता त्रिपाठी अनुपस्थित मिली अनुपस्थित के सम्बंध में जानकारी करने पर संकुल बैठक में जाना बताया गया। मूवमेन्ट रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिसमे बैठक में जाना अंकित किया गया है। सहायक शिक्षक सुश्री एकता सिंह, सुश्री शालिनी देवी सुश्री अर्पिता मिश्रा व सुश्री कंचनलता उपस्थित मिली। सुश्री सायमा शिगुफ्ता सी०सी०एल० पर होना बताया गया। विद्यालय में छात्रों के रजिस्ट्रेशन के सम्बंध में जानकारी करने पर 207 बच्चों का रिजस्ट्रेशन होना बताया गया दिनांक 26.42022 को आने वाले छात्रों के सम्बंध में जानकारी करने पर 120 छात्रों का विद्यालय आना बताया गया। कक्षावार उपस्थित पंजिका मंगाकर देखी गयी।

एम०डी०एम० रजिस्टर का अवलोकन किया गया। 120 बच्चों का उल्लेख किया गया है। दिनांक 26.4.2022 को मेन्यू के अनुरूप बनने वाले भोजन के सम्बंध में जानकारी करने पर दाल-चावल बनने की बात बताई गयी उपस्थित छात्रों से जानकारी करने पर दाल-चावल मिलना बताया गया।

जिलाधिकारी द्वारा रसोई घर देखा गया उपलब्ध राशन के सम्बंध में जानकारी करने पर कोटेदार द्वारा राशन दिया जाना बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि मध्यान्ह भोजन में जिन मसालों व तेल आदि का प्रयोग किया जाए व अच्छी गुणवत्ता के हो भोजन में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालय परिसर में साफ-सफाई संतोषज नहीं पाई गयी। विद्यालय परिसर को सुंदर बना कर नहीं रखा गया है। उपस्थित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि वे विद्यालय नियमित साफ-सफाई करायें तथा परिसर में क्यारी आदि बनाकर पौधारोपण कराकर विद्यालय परिसर को सुंदर बनाएं।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल भी उपस्थित रहे।

# बीएसए खीरी ने बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा करके की नामांकन मेला की शुरूआत

सर्वेश शुक्ला मंडल ब्यूरो लखीमपुर खीरीःजनपद के समस्त 3106 परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत दूसरी बार बृहद नामांकन मेला का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सदर से की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने सर्वप्रथम बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा करके उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके अभिभावकों के द्वारा प्रवेश फार्म को भरवाया । उन्होंने कहा कि विद्यालय की सबसे मूल्यवान धुरी शिक्षक और छात्र हैं । बच्चों की सफलता से ही शिक्षकों की पहचान होती है। सभी अभिभावक अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें व उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने जनपद के समस्त शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि नामांकन से वंचित समस्त आउट ऑफ स्कूल बच्चों का उनकी आयु संगत कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन कराएं तथा इसे प्रेरणा पोर्टल पर फीड कराएं । आप सबके अथक प्रयासों के कारण ही अपना जनपद नामांकन कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर सकता है।नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार बच्चों को निःशुल्क कॉपी-किताब, स्कूल बैग, जूता मोजा, मध्याह्न भोजन, फल दूध आदि योजनाओं का लाभ दे रही है। अतः समस्त अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में जिम्मेदारी निभाए।इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना,विवेक गुप्ता,मोहम्मद फारुख,अंकित सिंह,गोविंद गुप्ता, विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त सदस्य, विद्यालय परिवार एवम समस्त बच्चे उपस्थित रहे ।

# सूखे तालाब में पानी भरवाने की उठी मांग

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर सीतापुर जनपद में तालाब में कभी पानी देखने को नहीं मिल रहा है पानी की किल्लत आम जनमानस पूरी तरह से त्रस्त है पशु-पक्षी जानवर ऐसी भीषण गर्मी में प्यास मर रहे हैं कोई भी ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक के किसी अधिकारी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है

आवारा घूमने वाले पशु भी प्यासी तड़प रहे हैं जनपद वासियों की जिला प्रशासन से मांग हैं कि तत्काल प्रभाव से सूखे पड़े तालाब में पानी भरवाया जाए जिससे आम जनमानस के साथ-साथ बस पशुओं की भी प्यास बुझ सके

# सीतापुर में भारी बिजली कटौती बिजली अधिकारी नही मानते मुख्यमंत्री का आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बिजली पर चर्चा किए जाने और तत्काल बिजली कटौती दूर किए जाने के निर्देश दिए बराबर अधिकारियों को दिए जा रहे हैं इसके बावजूद बिजली मैं भारी कटौती चल रही है ।ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटे में बमुश्किल 4 घंटे बिजली लोगों को मिल पा रही है 20 घंटे लोग ऐसी गर्मी और तपिश में परेशान रहते हैं रात्रि में गांव देहात में अंधेरा छाया रहता है जब जब बिजली के संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों वार्ता की जाती है तो उनके द्वारा बताया जाता है कि शासन के दिशा

निदेर्शों के अनुसार बिजली दी जा रही है एक तरफ मुख्यमंत्री गांव में 18 घंटे बिजली देने का वादा कर रहे हैं दूसरी तरफ बिजली कटौती करवा रहे हैं 24 घंटे में 4 घंटे ही बिजली गांव देहात में मिल पा रही है जब तक उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव नहीं हुई तब तक बिजली मिलती रही चुनाव होने के बाद 18 घंटे के स्थान पर 4 घंटे ही बिजली दी जा रही है

उपभोक्ता परेशान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश हवा हवाई जनता का मानना है कि सरकार गरीब किसान विरोधी है इसलिए जानबूझकर बिजली कटौती करवा रही है

# बिजली विभाग की लापरवाही बनी जान का खतरा

**अजय सिंह के साथ पिंकी सिंह की रिपोर्ट**

.मिश्रित सीतापुर । विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत नरायनपुर के मजरा गौरीहार में विद्युत उप केन्द्र मिश्रित में तैनात अधिकारियों की मनमानी कार्य शैली के चलते । गांव में विद्युत पोल लगवाने बजाय विद्युत जेई व्दारा 11000 विद्युत लाइन के तार पेड़ो पर झूल रहे । इतना ही नही गांव के अन्दर होकर निकली विद्युत लाइन के तार मकानों की दीवारों पर बांध कर लाइन संचालित की जा रही है । जो किसी भी समय गांव में एक बहुत बड़े हादसे को अंजाम दे

सकती है । इस लिए यहां के सभी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए गांव के अंदर विद्युत पोल लगवाकर विद्युत लाइन संचालित कराए जाने की मांग की है ।

# लहरपुर प्राइवेट शहर बाजार बस अड्डे को कोतवाल मनीष सिंह ने किया सीज

## बस यूनियन के कागज रिनिवल न होने हुआ सीज बसों के आवागमन में नही होगा कोई फर्क,निरंतर चलेगी बसें

**समाज जागरण शिवम अवस्थी**

लहरपुर(सीतापुर)- जैसे ही जैसे सरकार का कार्यकाल बढ़ता जा रहा है वैसे ही वैसे सरकार सख्त होती नजर आ रही है ।

आपको बताते चलें कि आज लहरपुर शहर बाजार स्थित प्राइवेट बस यूनियन को लहरपुर पुलिस के द्वारा सीज कर दिया गया और गेट के मुख्य द्वार पर बल्लियों से रास्ता बंद कर दिया गया।

जब इस संबंध में लहरपुर कोतवाल मनीष सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि शहर बाजार बस अड्डे का अवैध संचालन किया जा रहा था। क्योंकि इस यूनियन के कागज 22 मार्च को समाप्त हो गए थे इस संबंध में यूनियन के अध्यक्ष गुड्डू वाला व अन्य मैनेजरों से जब कागज मागे गए तो कोई भी प्रपत्र नही दिखाया जा सका।

लहरपुर कोतवाली प्रभारी के अनुसार उन्होंने बताया कि इस संबंध में अध्यक्ष ने बताया था कि कागज ऑनलाइन कर दिए गए हैं जिस संबंध में लहरपुर कोतवाल मनीष सिंह द्वारा कागज की कई बार मांग

की गयी किंतु यूनियन के द्वारा कोई भी कागज नहीं दिखाया जा सका।

जिसके चलते लहरपुर कोतवाल मनीष सिंह ने पूरी पुलिस फोर्स के साथ रोडवेज लहरपुर प्राइवेट बस अड्डे को सीज कर दिया।

राहत भरी खबर यह है कि प्राइवेट बसों का संचालन निरंतर जारी रहेगा किंतु कोतवाल मनीष सिंह का यह भी कहना है कि जिन टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड, के कागजात संपूर्ण नहीं है उन्हें किसी भी सूरत में संचालित नहीं करने दिया जाएगा।

# महिला का शव फंदे से लटका मिला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

उन्नावझ्रफतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के पट्टी उस्मान गांव निवासी नसीर की पत्नी चांदनी का शव मंगलवार को घर के कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। हरदोई जिले के बिलग्राम थानाक्षेत्र के हीरारोशनपुर निवासी चांदनी के मामा नूर मोहम्मद ने थाने में सूचना दी। बताया कि उसकी भांजी की शादी छह वर्ष पूर्व नसीर के साथ हुई थी। चांदनी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका पति कर्नाटक में गमले बनाने का काम करता है। घर में चांदनी घटना के वक्त अकेली थी। सास नसरीन ननद के साथ बैंक के काम के लिए ऊगू गई थी। जब घर आई तो कमरा अंदर से बंद था। दरवाजे के पास लगी जाली को तोड़कर दरवाजा खोला तो चांदनी का शव फंदे से लटका मिला।

# आबकारी विभाग व थाना मौरावां की संयुक्त कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता उन्नाव**

अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर लगातार चलाया जा रहा अभियान आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी के निदेर्शानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा मय हमराह व सब इस्पेक्टर कमलेश प्रसाद तिवारी थाना मौरावां व अन्य

पुलिस स्टाफ के साथ सँयुक्त रूप से तहसील पुरवा के अंतर्गत थाना मौरावां के संदिग्ध ग्राम चित्ताखेड़ा व संगौली एवम कस्बा मौरावां में दबिश देते हुए लगभग 60 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 2 अभियोग पंजीकृत किये गए। ग्राम चित्ताखेड़ा में स्थित स्थलों की तलाशी से 2 भट्टी के उपकरण व लगभग 6 कुन्तल महुआ लहन प्लास्टिक की बोरियों में बरामद किया गया जिसको मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। गुड्डा पत्नी कल्लू निवासी संगौली को शराब बेचते हुए गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# अपात्रों के काटकर पात्र लोगों के बनेगे राशन कार्ड

**समाज जागरण खीरी**

लखीमपुर खीरी मे कोटे की दुकानों से राशन ले रहे अपात्र लोगों पर चलेगा बाबा जी का बुलडोजर राशन कार्ड जारी होने की तिथि से मार्च 2022 तक लिये गये राशन व अन्य सामग्री की बाजार मूल्य पर की जायेगी वसूली पांच एकड़ से अधिक के भूमि स्वामी, चार पहिया वाहन स्वामी, ट्रेक्टर धारक, तीन लाख सालाना आय वालों से होगी वसूली बड़ी संख्या में पात्र व गरीब तबके के लोगों के कार्ड न जारी हो पाने से लिया गया निर्णय आंतरिक व गोपनीय तरीके से तैयार की जा रही सूची की भनक लगते ही तहसील व जिला स्तर पर बड़ी संख्या में अपात्र लोग कटवा रहे राशन कार्ड

# खनन माफियाओं पर चला पुलिस का चाबुक

**सर्वेश शुक्ला समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी मे सदर कोतवाली लखीमपुर खीरी के अंतर्गत चौकी शारदा नगर चौकी इंचार्ज साहब लाल द्वारा अवैध खनन माफियाओं पर कार्यवाही की गई जिसके चलते हैं एक महिंद्रा ट्रैक्टर डनलप में सफेद रेत सहित हिरासत में लिया गया एवं खनन अधिनियम के है पिछले कई दिनों से खनन माफियाओं पर बराबर छापेमारी की जा रही है

एवं खनन में उपयुक्त गाड़ियों को भी सीज करने का कार्य किया जा रहा है।

# देवकली रोड पर अनंत शिव भोले दरबार में रामायण व कन्या भोजन भंडारे का किया गया आयोजन

**सर्वेश शुक्ला समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी के देवकली रोड पर स्थित अनंत शिव मंदिर पर रामायण व कन्या भोजन का आयोजन किया गया व लखीमपुर स्तिथ पौराणिक मंदिर आदि अनंत शिव भोले शंकर जी के दरबार में रामायण एवं कन्या पूजन भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री बृजेश पांडे, विश्व हिंदू परिषद

जिला मंत्री अतुल मिश्रा, प्रखंड संयोजक लखीमपुर देहात जसवंत राज , करण मौर्या एवं रोहित गौतम उपस्थित रहे कार्यक्रम का आयोजन हरिओम अवस्थी, सत्रोहन लाल अवस्थी, लखीमपुर देहात प्रधान पति अनुज वर्मा, लाल बहादुर वर्मा आदि लोगों के द्वारा किया गया

# रमियाबेहड़ की आठ ग्राम पंचायतों में कल 28 अप्रैल को लगेगीं चौपालें

**चौपालों में ग्राम विकास के अलावा राजस्व, पूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पुलिस आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी रहेंगे मौजूद**

**सर्वेश शुक्ला समाज जागरण**

लखीमपुर खीरी में जनमानस की समस्याओं को सुनने एवं उनका पंचायत स्तर पर ही त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से विकास खंड रमियाबेहड़ की सभी आठ न्याय पंचायतों की एक- एक ग्राम पंचायतों में कल 28 अप्रैल गुरुवार को दोपहर 11:30 बजे से चौपालें लगेगीं। जिसमें जनमानस की समस्याएं सुनी जाएंगी। और उनका निस्तारण भी किया जाएगा। प्रत्येक चौपाल में नामित एक-एक प्रेक्षक अधिकारी, नोडल अधिकारी के अलावा ग्राम प्रधान, सदस्यगण, ग्राम पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारी, लेखपाल, कोटेदार, स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।*इन पंचायतों में लगेंगी चौपाल विकासखंड रमियाबेहड़ की आठ ग्राम पंचायतों में कल 28 अप्रैल गुरुवार को चौपाल लगेगी। जिसमें ग्राम पंचायत चंदपुरा, बिंजहा, अभयपुर, लखाही, सोहरिया, खरवहिया नं 2, दलराजपुर तथा चंदैयापुर आदि पंचायतें शामिल हैं।

# गौशाला चालू करवाने की उठी मांग

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर पर सें डी सीतापुर ग्राम पंचायत मद नापुर मैं बरसों से बनवाया जा रहा गौशाला आज तक चालू नहीं हो सका है आवारा घूमने वाले पशु लोगों की फसलों को चौपट कर रहे हैं लोग दिन भर मजदूरी करते हैं और रात्रि को खेत में जानवर बचाते हैं ग्रामवासी काफी दिक्कत परेशानी झेल रहे हैं परंतु गौशाला पूरा नहीं हो पा रहा है इसलिए ग्राम वासियों के द्वारा जिला प्रशासन से मांग है कि गौशाला शीघ्र चालू कराया जाए और आवारा घूमने वाले जानवरों को गौशाला भेजा जाए जिससे किसानों की फसलों को बचाया जा सके गौशाला पूर्ण कराने के लिए प्रधान द्वारा धन की कमी बताई जा रही है की गौशाला के लिए सरकार

हमें ध्यान नहीं दे रही है अपनी जेब से कई लाख रुपए लगा दिए गए हैं ऐसी जानकारी ग्राम प्रधान द्वारा दी गई है ग्रामवासी चाहते हैं कि प्रशासन मामले को संज्ञान में लेते हुए धन की कमी को शीघ्र पूर्ण कराते हुए अधूरा बना हुआ गौशाला शीघ्र पूरा कराए

# जन आरोग्य मेले मे किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि**

प्रतापगढे जनपद के डेरवा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे केंद्र के चिकित्साधिकारी डा. विवेक सिह ने २०० मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया बताया गया कि मेले को सुन कर ग्रामीण क्षेत्र के काफी लोग परीक्षण के लिए आए` इस योजना का लाभ गरीबो को खूब मिल रहा है` मेले मे अन्त्योदय कार्डधारकों काआयुष्मान कार्ड भी बनाया गया` इस मेले मे सभी लोगो ने सहयोग किया चाहे वे स्वास्थ्य विभाग से संबंधित हो या फिर केवल मेला मे ऐसे ही आये हो

# रातभर बिजली गुल, जनता हलाकान

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि प्रतापगढ़े**

26/27 अप्रैल की पूरी रात बिजली गुल होने से क्षेत्र की जनता पूरी रात परेशान रही` बतादे कि बिहार पावर हाउस इस समय बिजली कटिंग मे सबसे आगे दिख रहा है` यहाँ रोस्टर का विधान समझ मे नहीं आता हर घंटे आधे घंटे पर बिजली ट्रिप होती रहती है` अबाध रूप से दिन मे बिजली मिलना टेढ़ी खीर लग रहा है` कारण बिजली के तार ढीले होने से हमेशा आपूर्ति बाधित होती रहती है`

खले तार होने के कारण कटिया मारी, अबैध पानी की मोटर का चलना, मीटर के अभाव हीटरो का प्रयोग आदि उपभोक्तागण घड़ल्ले से कर रहे हैं` अधिकारियो का कहना है कि उपभोक्ता बिल नही जमा कर रहा है जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है` बिजली न आने से पानी की, सप्लाई भी ठप रही`

# धारदार हथियार व लाठी- डंडों से पीटकर युवक की निर्मम हत्या,

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी**

घर से लगभग महज 100 मीटर दूर बाग में युवक के सिर पर धार दार हथियार तथा लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर दी गई। शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने जब युवक का शव देखा तो शोर मचाया थोड़ी देर में वहां पर सैकड़ों ग्रामीण जुट गए । सूचना पर पहुचीं पुलिस ने लाठी-डंडे तथा साक्ष्य को अपने कब्जे में लिया प्रतापगढ़ पट्टी तहसील के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत नौरंगाबाद गांव का रहने वाला सुनील दो भाइयों में छोटा है । उसके पिता राजेन्द्र कुमार की मौत बहुत पहले हो चुकी थी। वह बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था रोज की तरह वह खाना पीना खाकर अपने कमरे में लेट गया । सुबह के समय उसकी लाश उसके घर से लगभग 100 मीटर दूर बाग में मिली। आज सुबह ग्रामीण शौच के लिए निकले तो खून से सने एक कपड़े से उसका शव ढका गया था। शक होने पर ग्रामीणों ने उसे हटाया तो अचंभित रह गए । शोर शराबा सुनने पर परिजन दौड़े पुलिस को सूचना दी गई तो मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। युवक सुनील बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था ऐसा माना जा रहा है कि उसकी हत्या आशनाई में हुई है । वह अपने साथ एक कपड़ा भी ले गया था आरोपियों ने उसकी हत्या करने के बाद उसी कपड़े से उसके शरीर को ढक दिया था। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों ने उस कपड़े को सुनील का ही बताया।ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि सुनील की हत्या आशनाई में हुई है वहीं ग्रामीण अभी तक पुलिस के सामने हत्यारों को खोजने तथा अपनी मांगों को रखने के लिए अड़े हुए हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मृतक की मां सीकर देवी गांव के एक व्यक्ति का नाम हत्यारे के रूप में ले रही है।।

# मंदिर व मस्जिद की बुलंद आवाजों पर चलने लगा योगी का बुलडोजर

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि**

प्रतापगढ़` योगी जो ठान लेते हैं उसको अंतिम अंजाम तक पहुँचा ही देते हैं` जो असम्भव दिखता है उसे योगी सम्भव कर दिखा देते हैं` माफियाओं पर हाथ डालने के बजाय अन्य सरकारे उनसे गलबहियां करती थी लेकिन योगी जी आते ही उन सब को जेल मे सड़ा रहे है जो अपने रसूक के दमपर जनता को जाने दे सरकार के लिए चुनौती बना करते थे` दंगाई अब निकल नहीं पा रहे है` यह बाबा की यू पी है जहाँ तुष्टीकरण की कोई गुंजाइश नहीं हैं` प्रदेश की जनता सब समान है` कानून एक है तभी तो सबेरे सबेरे शोर करने वाले अडानी मौलवी और भजनानंदी पुजारी के जोर की आवाज पर बाबा का का बुलडोजर चल गया` जो लोग अपनी इबादत के बहाने सबेरे भोर मे ही चिल्लाया करते थे अब उन सब की बुलंद आवाज को दबाने के

लिए आला अफसर को बेज्जत व जलालत नहीं झेलनी है थाने का सिपाही ही काफी है` पूरे जनपद मे तेज आवाज के खिलाफ प्रशासन अभियान चलाकर आवाज को नियंत्रित कर रहा है` इसी क्रम मे जिला मुख्यालय से लेकर प्रत्येक थाने की पुलिस कल से ही मंदिर मस्जिद के ध्वनि विस्तारक मंत्री को उतरवा रही है` शहर की थाना कोतवाली व जिले के सभी थाने मे कल यह कारर्वाई की गयी` कुंडा, बाघराय, हथिया, मानधाता आदि सभी थाने के दरोगा व तहसील के यस डी यम कानून के अमल के लिए चिलचिलाती धूप मे आवाज की बुलंदी पर पाबंदी लगाते रहे` अधिकाश जगह पर शांति पूर्वक कानून का पालन हुआ` लोगो ने स्वतः अपने यंत्र उतार लिए`

# क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों की बैठक संपन्न

**अरुण कुमार शुक्ल लालगंज (प्रतापगढ़)** ,स्थानीय ब्लाक सभागार में बुधवार को ग्यारह बजे से बैठक हुई जिसमे सी एच सी सागीपुर अधीक्षक आनंद तिवारी,आंगन बाड़ी सी डी पी ओ संध्या वर्मा,बिजली बिभाग,,पशु डाक्टर,शिक्षा बिभाग समेत अन्य बिभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे और अपने बिभाग के बारे में जानकारियाँ बताया ' आंगन बाड़ी के सी डी पी ओ संध्या वर्मा बोल ही रही थी की शाहवरी गाँव निवासी सूरज कुमार सिंह ने बिभाग पर आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचारी,बिभाग कहा जिस पर बीरोध करते हुए हंगामा करने लगे यह सुनते ही दर्जनों पुलिस सदन में घुसकर लोगो को शांत किया, कटेहटी प्रधान प्रतिनिधि ब्रिज किशोर तिवारी ने ब्लाक में बी डी ओ के न आने पर शिकायत किया जिस पर सदन दर्जनों प्रधान,व क्षेत्र पंचायत सदस्य तालियाँ बजा कर सरहना किया ' अंत में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह ने सदन में उपस्थित लोगो का सम्मान करते हुए कहा कि 2021,22 बी डी ओ के न आने से बिकास बाधित रहा है मै जिलाधिकारी से बात कर समस्या का निस्तारण करेंगे ' कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लु रहे संचालन जे ई एम आई राम आसरे पांडे ने किया ' इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रीन्कू सिंह,अशोक धर दुवे ललल्न सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि राम करन ओझा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे '

# आगामी जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में साफ-सुथरी छवि के अधिवक्ता हित में तत्पर प्रत्याशी को वोट देकर बाहर को सशक्त बनाएं: अजीत भास्कर

**दैनिक समाज जागरण प्रयागराज,** आज दिनांक 27 साथ 2022 को एडवोकेट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैठक जिला कचहरी प्रयागराज में एडवोकेट हाईकोर्ट अजीत भास्कर जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन श्री अजीत भास्कर जी ने कहा किया एसोसिएशन आम अधिवक्ताओं के हित के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और समय-समय पर यथोचित सहयोग प्रदान करता रहता है। आगे श्री मास्टर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसोसिएशन ने पैनल से सभी पदों पर प्रत्याशी को चुनाव लड़ाएगा। आगामी जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव आम अधिवक्ताओं के सम्मान का चुनाव है क्योंकि एक शिक्षक के बाहर ही अधिवक्ताओं के हित को संरक्षित कर सकता है। इसलिए वकालत के अलावा किसी अन्य कार्यों में लिप्त लोगों को वोट ना देकर सिर्फ रेगुलर प्रैक्टिशनर अधिवक्ता को ही वोट दें। साथी ऐसे प्रत्याशी जो आम अधिवक्ताओं के हित के लिए लगातार तत्पर रहते हो और इमानदारी और साफ-सुथरी छवि के हैं उन्हें ही वोट देकर बाहर का सशक्त बनाएं। बैठक का संचालन एडवोकेट चंद्र प्रकाश निगम ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से एडवोकेट अजीत भास्कर के अलावा सीपी निगम, संतोष यादव, अली अहमद, रमेश चंद्र कुशवाहा, विष्णु भगवान, श्याम पाल ललन सिंह रमेश डी 0एम0 कुशवाहा, रणजीत कुमार

# प्रयागराज: कानून-व्यवस्था पटरी पर लाने के लिए रात्रि गश्त में होगी कड़ाई

रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराजः बेपटरी होती कानून व्यवस्था और हत्याओं के सिलसिले को रोकने के लिए जिले में रात्रि गश्त में कड़ाई करने का फैसला लिया गया है।

पुलिस विभाग ने बेहतर गश्त के लिए ज़िले को तीन जोन और सात सेक्टरों में बाँटा है। प्रत्येक रात 3 राजपत्रित अधिकारी और 7 अराजपत्रित अधिकारी यानि कुल 10 वरिष्ठ अधिकारी रात्रि पेट्रोलिंग की मुस्तैदी मुकम्मल करते हुए बारीक निगरानी एवं निगहबानी करेंगे।

सभी 10 वरिष्ठ अधिकारियों में से हर अधिकारी हर रात ह्ल3-4-5 चेकिंग स्कीम का पालन करेगा। यानि, हर एक अधिकारी कम से कम 3 थाना, 4 चौकी और 5 पीआरवी वाहन अवश्य चेक करेंगे।

# सिविल लाइंस बस अड्डा बना चोरों का अड्डा

**रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो**
**दैनिक समाज जागरण**

प्रयागराज। सिविल लाइन्स बस अड्डे पर अगर बस पकड़ने जा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। पुलिस वहां सिर्फ नाम के लिए ही तैनात है। यात्रियों का रोज वहां सामान चोरी हो रहा है और पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है।

सूबेदार एसके त्रिपाठी ने सिविल लाइन्स थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल को वह बस अड्डे पर गए थे। इस दौरान किसी ने उनका पर्स गायब कर दिया। उसमें आर्मी का कार्ड, 7500 रुपये, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य जरूरी कागजात थे।

उस वक्त उन्होंने पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस व्यस्त रही और मुकदमा दर्ज नहीं किया। 25 अप्रैल को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इसी तरह धूमनगंज के रहने वाले सुधांशु सिंह का पर्स भी बस अड्डे पर किसी ने गायब कर दिया। पुलिस से शिकायत करने पर चौकी इंचार्ज सिविल लाइंस जांच करने पहुंचे लेकिन खानापूरी करके चले गए। पुलिस अधिकारियों के आदेश पर तीसरे दिन 26 अप्रैल को सिविल लाइन्स पुलिस ने सुधांशु का मुकदमा दर्ज किया।

# नाली के गंदे पानी से बंद हुआ आम रास्ता बीमारियों के बढ़ने से ग्रामीण हुए परेशान

## दबंगों के द्वारा पानी रोके जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**एनडी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण**

कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम कशिया पश्चिम गांव में दबंगो के द्वारा नाली का पानी रोक देने से पूरे रास्ते मे गन्दा पानी भर गया है गांव की गली में गंदा पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों व स्कूल आने जाने बच्चों को बहुत ही परेशानी होती है ग्रामीणों ने बताया कि गन्दा पानी भर जाने से दुर्गंध के साथ साथ बीमारी भी फैलने का खतरा बढ़ गया है इसकी शिकायत राजस्व कर्मचारियों व पुलिस विभाग से की गयी।सूचना मिलते ही मौके पर लेखपाल भी पहुँच कर गन्दे पानी को हटवाने का प्रयास किया लेकिन दबंगों के आगे वह भी नही टिक पाये और गन्दे पानी का रास्ता नहीं खोलवा पाये जबकि कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यह पानी लगभग पचास साल से लगातार उसी रास्ते की नाली से बह रहा था लेकिन दबंगो के द्वारा पानी को रोक देने से महामारी का खतरा बढ़ गया ग्रामीणों ने जिला पंचायत राज अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बंद की गई नाली के रास्ते को खुलवाने की मांग की है।

### चायल तहसील में लगा आरओ वाटर खराब

# पानी की दिक्कत से जूझ रहे फरियादी और अधिवक्ता

एनडी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी जिले के चायल तहसील में वैसे तो 2 से तीन पानी की टंकी लगी है जिसमे 2 आरओ वाटर की टंकी लगी जो महीनो से खराब चल रही है इस तपती धूप में लोग तहसील आते हैं। जिन्हे पानी पीने की काफी दिक्कत होती रहती हैं। यह तक की अधिवक्ताओं की भी पानी पीने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं तहसील प्रशासन इस पर कोई विचार नहीं कर रहा है जिससे फरियादियों से लेकर अधिवक्ता पानी के लिए परेशान है अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आरओ प्लांट ठीक कराए जाने की मांग की है।

# सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में प्रेसिडेंसी स्कूल के क्लास 10ँ के बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

एनडी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण कौशाम्बी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू होते ही विद्यालय की प्रधानाचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टीका लगाकर छात्रों का स्वागत किया है और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं परीक्षा के लिए बच्चों के बीच में उत्साह का माहौल दिखा बच्चों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा पवार ने बच्चों को टीका लगा कर के उनका स्वागत करते हुए उनके सुंदर भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया । संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा पवार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं की संख्या 246 रही एवं चार अनुपस्थित रहे कुल छात्रों की संख्या कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल के बच्चों की 250 थी संस्थान के सभी छात्र एवं छात्राओं ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने के लिए प्रतिबद्ध दिखे संस्थान के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के सुंदर भविष्य के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस कार्यक्रम के दौरान विजय चौहान दीपक खरवार अकांत गुप्ता मिथिलेश

# फिर बच निकले बालू माफिया 22 मजदूर भेजे गए जेल

## 38 हजार 75 हजार रुपए लगाया गया मजदूरों पर सम्मन शुल्क

**एनडी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक जागरण**

कौशाम्बी जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी चायल उप जिला मजिस्ट्रेट चायल व खनन अधिकारी थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा थाना सराय अकिल के नन्दा का पुरवा केवट का पुरवा घाट के किनारे 25 व 26 अप्रैल की रात्रि में निरीक्षण किया तो अनुज्ञा पत्र धारक रविशंकर गुप्ता पुत्र स्व० हीरालाल निवासी ग्राम दारानगर तहसील सिराथू थाना सैनी द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र से हटकर बालू मौरंग का अवैध खनन व परिवहन होना पाया गया जिसपर पट्टा धारक उपरोक्त पर 38 लाख 75 हजार रुपए सम्मन शुल्क लगाया गया खनन अधिकारी द्वारा थाना सराय अकिल पर दी गयी लिखित सूचना के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जिसके क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा बुधवार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 22 मजदूरों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है इस बार फिर बालू माफिया बच निकला और पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में खड़े हैं आला अधिकारियों को भी गुमराह करने से कोतवाल नहीं चूक रहे हैं जिन मजदूरों को पुलिस ने अदालत में पेश किया है वह कही से बालू माफिया नहीं लगते हैं इस प्रकरण पर आला अधिकारियों ने जांच कराई तो बालू माफियाओं पर मेहरबानी रखने वाले कोतवाल पर कठोर कार्रवाई हो सकती है।

## बालू माफिया मजदूर भेजे गए जेल

**अवैध खनन में गिरफ्तार मजदूरों के नाम**

कौशाम्बी सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के यमुना नदी के घाट से बालू के अवैध खनन में पुलिस ने जिन मजदूरों को गिरफ्तार किया है उनमें रंगराज इरशाद पुत्र रामधीरज निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल सोनू निषाद पुत्र अलहईत निवासी सैदपुर थाना पिपरी आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र लक्ष्मीनारायण पाण्डेय निवासी हिसामपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ नितिन कुमार पुत्र रामराज निवासी खलीलाबाद भरवारी थाना कोखराज रामगोपाल माझी पुत्र रामखेलावन मांझी निवासी अतरसुइया थाना सोहागी जनपद रीवा मध्य प्रदेश सुजीत पटेल पुत्र दुखीलाल निवासी मंझनपुर थाना मंझनपुर विपिन सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल पछु पुत्र रामसजीवन निवासी मेडुआ सलेमपुर थाना सराय अकिल मो. शमी पुत्र मो. खालिद निवासी अमीनपुर सवरो थाना करारी रविशंकर सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी चिल्हा थाना सोहागी जनपद रीवा मध्य प्रदेश शिवपूजन पुत्र धरमू निवासी अठरहा सवरो थाना करारी राजेश पुत्र भुल्लन निवासी श्यामपुर मल्हीपुर थाना सराय अकिल शिवबाबू पुत्र हाफत निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल संजय पुत्र ठाकूर निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल नीबू लाल पुत्र द्वारिका निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल पप्पू पुत्र रामतीरथ निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल मनीष पुत्र रामघसीटे निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल पंकज पुत्र मिश्रीलाल निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकील संदीप पुत्र तीरथ निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद गुलशन पुत्र रामदसी निवासी टिकरा थाना सराय अकिल विजय यादव पुत्र मोहनलाल निवासी बेतीरूप का पुरवा थाना हथगाव जनपद प्रतापगढ़ सतीष दुबे पुत्र ओमप्रकाश निवासी डूढे पटना थाना कुडेभार जनपद सुल्तानपुर शामिल बताए जाते हैं

# दंगाइयों से निपटने के लिए हुआ बलवा ड्रिल

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी/ अरुण कुमार शुक्ल**

प्रतापगढ/लालगंज- मंगलवार को पुलिस लाइन मैदान में कप्तान सतपाल अंतिल के निर्देश पर दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस के जवानों ने बलवा ड्रिल का आयोजन किया जिले के समस्त पुलिसकर्मी व पुलिस अधिकारी मैदान में एकत्रित हुए ।दूसरे छोर से बवालियों का एक जत्था हंगामा करता हुआ आगे बढ़ा तो दूसरी तरफ से पूरे साजों सामान से तैयार पुलिस के जवान उन्हें रोकने के लिए आगे बढ़े। थोड़ी देर मशक्कत करने के पश्चात बवाल थमता न देख कर पुलिस की तरफ से बल का प्रयोग किया गया। इधर फायर ब्रिगेड के जवान पीछे न रहे वे दंगाइयों पर पानी की तेज धार छोड़ते रहे इस ड्रिल में फागिंग बम टियर गैस व मिर्ची बम योग करने का परीक्षण किया गया यही नहीं जो लोग घायल थे दूसरी टीम ने जो लोग घायल थे उन्हें इलाज के लिए तत्काल भीड़ से निकाल कर इलाज के लिए ले गए अंत में पुलिस कप्तान ने ड्रिल के दौरान जो खामियां देखी उसके निस्तारण का हल भी बताया

# जिले में बकरा चोरों का गिरोह सक्रिय !

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि प्रतापगढ़**

स्विफ्ट डिजायर कार से बकरा चोरी कर भाग रहे बदमाशों को दिलीपपुर चौकी इंचार्ज घनश्याम सिंह ने पब्लिक की सहायता से धर दबोचा ! सराय नान कार गांव निवासी रामराज यादव के घर के सामने बकरा बंधा था स्विफ्ट डिजायर कार से बदमाश पहुंचे वहां मौजूद गुटके की दुकान से गुटका खरीदें और एकांत पाकर वहां बंधे बकरे को डिजायर कार में भरकर भागने लगे लोगों की सूचना पर घेराबंदी करते हुए दिलीपपुर चौकी इंचार्ज अपने साथियों संग बदमाश का पीछा किये और कार सहित बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने में जुटे ! बकरा चोरी किया कोई नई घटना नहीं है 1 सप्ताह पूर्व भी कंधई थाना क्षेत्र से कुछ बदमाशों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया था ! पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवक योगेंद्र प्रताप यादव निवासी बार घाट का बताया जा रहा है !

# आशा कार्यकर्त्रियो ने विधायक से की शिकायत

**समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ प्रतिनिधि**

प्रतापगढ़ में आशा कार्यकत्रियों को विभाग की तरफ से मिले प्रति मोबाइल में चार हजार रुपये की अवैध वसूली का आरोप

कोहड़ौर सीएचसी पहुचे विधायक के सामने खुली स्वास्थ्य विभाग की पोल।

शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण करने पहुचे सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य की गाड़ी रोककर हंगामा।

आशा कार्यकत्रियों ने अस्पताल गेट पर विधायक की गाड़ी रोककर अस्पताल का खोला कच्चा-चिट्ठा।

अस्पताल में तैनात बीसीपीएम सुरभि जायसवाल पर आशा कार्यकत्रियों ने लगाया आरोप।

" आशा कार्यकत्रियों को विभाग की तरफ से मिले मोबाइल वितरित करने के दौरान लिये गये चार-चार हजार रुपये !"

"आशा कार्यकत्रियों के मानदेय भुगतान के लिये बीसीपीएम लेती है भुगतान बिल के अनुसार दो सौ से पंद्रह सौ रुपये !"

"संविदा पद पर तैनात एक्सरे टेक्नीशियन संदीप लेता है प्रति एक्सरे का तीस रुपये !"

"हफ्ते में ड्यूटी पर ओपीडी में बैठती है डॉ विनीता सिन्हा !"

"ओपीडी तो दूर सीएचसी में तैनात डॉ सैफ खान की शक्ल-सूरत भी नही देख सके हैं अस्पताल में तीमारदार !"

"गर्भवती महिलाओं को नहीं मिलती है डाइट !"

"इमरजेंसी में मेडिकल करने के लिये नहीं रहते हैं डॉक्टर !"

आशा कार्यकत्रियों के आरोप पूछने पर विधायक से बोली बीसीपीएम--

' मैं भी हूँ भाजपायी !"

अवैध वसूली और शिकायतों पर नाराज विधायक ने आला अफसरों और मंत्रालय में विभागीय कार्यवाही के लिये लिखा पत्र।

सदर विधायक के अस्पताल में औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप।

सीएचसी कोहड़ौर का मामला।

# टीकाकारण के लिए अभिभावकों को किया प्रेरित

प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ : कोरोना वायरस (कोविड-19 )के चलते कई देशों में टीकाकरण बुरी तरह प्रभावित हुआ है. इसके पीछे कई कारण हैं. जैसे कुछ देशों में टीकाकरण अभियान रोक दिया गया है. वहीं, माता-पिता भी बच्चों को अस्पताल ले जाने से डर रहे हैं। ट-ीकाकरण कार्यक्रम के तहत बाबागंज के गांव में ऐंधा गांव में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम में 0 से 2 वर्ष के बच्चों के अभिवावक मौजूद रहे।जिला समन्वयक नीतू मिश्रा ने बताया कि छोटे बच्चों की सेहत के लिए लगभग 3 वर्ष मां और बच्चों के लिए बेहद खास होता है।बच्चे के जन्म के पहले साल में लगने वाले टीके बहुत अहम होते हैं. ये टीके समय से दिए जाने बहुत जरूरी हैं. इनमें देरी होना किसी बीमारी को न्योता दे सकता है।इस मौके पर सीएचसी से बीसीपीएम आरती मिश्रा, एएनएम अर्चना, कामिनी, बाल विकास परियोजना अधिकारी शीला सिंह, प्रधान कुसुम सिंह, प्रधानाध्यापक पंकज सिंह, शैलेन्द्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने धर्मस्थलों से उतरवाए लाउडस्पीकर

प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ः शासन के आदेश पर पुलिस ने धर्मस्थलों पर पहुंचकर अपील करते हुए लाउडस्पीकर उतरवा दिए हैं। कई जगह कमेटी के लोगों ने खुद ही लाउडस्पीकर उतारकर पुलिस-प्रशासन का सहयोग किया। शासन के आदेश पर कुंडा, मानिकपुर, नवाबगंज, संग्रामगढ़, महेशगंज, बाघराय पुलिस मंदिरों, मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों का सत्यापन करने में लगी है।हथिगवां एसओ संतोष सिंह के सत्यापन में पुरनेमऊ चौराहे पर स्थित मंदिर और किलाहनापुर के पास मस्जिद सहित आधा दर्जन धार्मिक स्थलों का जरूरत से ज्यादा

लाउडस्पीकर मिले। धार्मिक स्थलों पर मानक के अनुसार ही लाउडस्पीकर का इस्तेमाल हो. उसकी आवाज सिर्फ परिसर में ही रहे।इसी आदेश के बाद लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं।

# अपने दम पर चुनाव लडेगा फारवर्ड ब्लॉक सर्व समाज को देगा हिस्सेदारी

समाज जागरण संवाददाता वाराणसी ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ० प्रकाश पाण्डेय ने प्रदेश के चन्दौली व वाराणसी का धुंआँधार दौरा किया इस दौरान एक बातचीत मे बताया की फारवर्ड ब्लॉक आगामी नगर निकाय चुनाव मे अपने बलबूते पर प्रदेश भर मे लड़ेगा खास तौर से वाराणसी नगर निगम के मेयर पद पर प्रत्याशी चयन का काम पूरा हो चुका है समय आने पर प्रत्याशी का नाम भी खोल दिया जाएगा इसी प्रकार चन्दौली समेत प्रदेश की हर सीट पर अपनी दावेदारी ठोकेगा संगठन मे वार्ड से लेकर बूध तक तैयार करने की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारीयों को सौंप दी

# बिजली कर्मचारियों की लापरवाही जख्खोपुर के ग्रामीणों पर पड़ सकती है भारी !

**शिकायत के वावजूद कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही शायद हादसे के इंतजार मे !**

**दैनिक समाज जागरण / सोहना राजेन्द्र कुमार होटला**

बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही जख्खोपुर के ग्रामीणों के लिए भारी पड़ सकती है ! वर्षों से बिजली विभाग द्वारा सड़क किनारे गाड़े गए खम्बो पर बिजली सुचारू रूप से चालू है ! सड़क किनारे बिजली के तारों के साथ हरे भरे पैड भी है ! जहा कई पेड़ो के टच होती बिजली की तारों से कभी भी दुर्घटना हो सकती है ! बता दे वार्ड नंबर 9 गांव जख्खोपुर मे ऐसे ही एक हरे भरे सिरस के पेड़ से लगती तार पेड से रगड़ खा कर कमजोर हो चुकी है ! गलती से यह बिजली का तार टूट जाता है ! तो बड़ा फाल्ट हो सकता है ! पेड के दोनों तरफ लगते घरों का परिवार करंट की चपेट में आ सकता है। घरेलू उपकरण फूक सकते है ! वार्ड वासियो ने बताया गांव मे कार्यरत बिजली कर्मचारियों बार-बार शिकायतें देने के बावजूद कोई कार्यवाही नही की जा रही है ! स्थानीय लोगो ने यह भी बताया जब कर्मचारियों को ईस की शिकायत दी तो उन्होंने कहा हमारा काम नही है ! हम केवल फियूज लगा सकते है ये पैड काटना व तार जोड़ना हमारा काम नही है ! बिजली कर्मचारियों

के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है ! शायद हादसे के इंतजार मे है ! साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया करीब छः माह पहले बिजली ट्रांसफर को एक जगह से उखाड़ दुसरी जगह लगाया गया था कर्मचारियों की जल्द बाजी के चलते आज तक उसका जिओ सुच चालू नही किया गया ! बिजली ट्रांफार्मर की सप्लाई डारेक्ट शरू की हुई है ! अगर कोई हादसा हो जाये या बिजली की तार टूट के गिर जाये तो बिजली की सप्लाई नही काटी जा सकती आंधी,झक्कड़,बारिश के मौसम में बिजली में अक्सर फाल्ट होते रहते हैं। बिजली विभाग एसडीओ राहुल यादव से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि पेड़ से तारो को हटाने व जिओ सुच का मामला मेरे संज्ञान में आया है। जल्द ही तारो को पेडो से दूर व जिओ सुच को ठीक करा दिया जाएगा !

# चंडीगढ़ में एडीजीपी से आफताब की बैठक, नूँह में स्थानीय लोग प्रशासन से मिले

**दैनिक समाज जागरण जुबैर खान नूंह**

नूँह विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बुधवार को चंडीगढ़ मे सी आई डी के ए डी जी पी अलोक मित्तल से बैठक की जिसमें प्रदेश व मेवात में "तथाकथित गौ रक्षक" होने का दावा करने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा लोगों पर हथियारों से हमला करने व बंधक बनाने वाले वीडियो फैलाकर आपसी सौहार्द को खराब करने की शिकायत की है। दो दिन पहले विधायक ने फोन से शिकायत की थी तो कल उन्होंने बैठक कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और कठोर कानूनी कारवाई की मांग की है।

सी आई डी के ए डी जी पी अलोक मित्तल ने विधायक आफताब अहमद को आश्वास्त किया है कि आरोपियों पर कड़ी कानूनी कारवाई की जायगी और किसी को भी कानून से खिलवाड़ नहीं करने दिया जायगा। आफताब अहमद ने कहा कि राज्य में असामाजिक तत्व अगर खुले आम बन्दुकों से हमला करके और घरों से लोगों को उठाते हैं तो ये प्रदेश सरकार व पुलिस व्यवस्था पर गंभीर व गहरा सवाल है। बीते साल 30 अप्रैल 2021 को माननीय उच्च न्यायालय पंजाब व हरियाणा ने प्रदेश सरकार को निर्देशित किया था किस शक्ति व अधिकार से तथाकथित गौ रक्षक दल किसी के घर पर छापा मार रहे हैं। ऐसे लोग गैर कानूनी तरीका अपनाकर कानून को हाथों में ले रहे हैं जो कानून के राज के खिलाफ है। प्रदेश सरकार मामले में आँखे बंद करके बैठी रही और आज आलम ये है कि हरियाणा में कानून व्यवस्था शून्य है। सरे आम असामाजिक तत्व लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। आफताब अहमद ने कहा कि बीते दिनों पुन्हाना में असामाजिक तत्व द्वारा नबी की शान में गुस्ताखी करने का मामला आया जिसमें पुलिस प्रशासन ने मामूली कारवाई करके छोड़ दिया जिससे ऐसे लोगों को हिम्मत मिलती है। आफताब अहमद ने प्रदेश सरकार पर ऐसे असामाजिक तत्वों को मौन समर्थन देने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कानूनी व्यवस्था को शून्य कर रही है। वहीं नूँह में स्थानीय लोगों का प्रतिनिधिमंडल जिले के पुलिस कप्तान व जिला उपायुक्त से मिला जिसमें पुन्हाना विधायक चौधरी मोहम्मद इल्यास, झिरका विधायक चौधरी मामन खान,

पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद मौजूद थे जिसमें रमजान चौधरी, सलामुद्दीन नौटकी, समय सिंह सलम्बा, नईम इकबाल, साकिर सालाहेड़ी, शाहिद पतरिया आदि शामिल थे। सभी लोगों ने जिला प्रशासन को साफ कहा कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कारवाई अमल में लाई जाए। विधायक मामन खान ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रदेश में जंगल राज व्याप्त है आम नागरिक की सुरक्षा तक सरकार गुंडों से नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि तत्काल कारवाई करके पुलिस प्रशासन व सरकार कानून व्यवस्था कायम करें। पुन्हाना विधायक मोहम्मद इल्यास ने कहा कि मौजूदा सरकार लोगों को बांटने का काम कर रही है, मेवात जैसे इलाके को टारगेट करके ये सब किया जा रहा है, प्रदेश सरकार फैल हो चुकी है।

पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि आज सभी सामाजिक लोगों ने और स्थानीय प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कारवाई की मांग की है, कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने चंडीगढ़ में कल बैठक करके मामला उठाया है। वकीलों व सामाजिक लोगों के अलावा स्थानीय युवाओं ने एक स्वर में न्याय की मांग की है और पुलिस प्रशासन को साफ कहा है कि पुन्हाना मामले की तरह लीपा पोती बर्दास्त नहीं की जायगी। उम्मीद है कि दोषियों को सजा मिलेगी और पीड़ितों को न्याय। महताब अहमद ने कहा कि पूरे प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन से ये भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति यहाँ गौ कशी करने वालों का समर्थन नहीं करता है ना भविष्य में कभी करेगा।

# मेवात ट्रैफिक पुलिस ने 90 वाहनों का किया चालान : ट्रैफिक थाना प्रभारी दया नंद

**दैनिक समाज जागरण जुबैर खान नूंह**

नूंह। बुधवार को जिला ट्रैफिक पुलिस ने नूंह, मंडीखेड़ा व पिनगवां क्षेत्र में 90 वाहनों के चालान किए। इस दौरान सडक पर लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया। जिन वाहनों के चालन किए उनमें बाइक, कार, टैंपो के अलावा अन्य वाहन शामिल रहे। इस मौके पर जिला ट्रैफिक थाना प्रभारी दया नंद ने बताया कि जिले में पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्गदर्शन में उनकी टीम लगातार ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है, तो लापरवाही बरतने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। बुधवार को उनकी टीम ने यातायात अभियान के दौरान 90 वाहनों के चालान किए। उन्होंने बताया कि रोड पर बाइक चलाते समय हेल्मेट व कार चलाते समय

शीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इसके लिए आए दिन चालान भी किए जा रहे हैं, ताकि लोग चालान के भय से नियमों को पालन करें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय शीट बेल्ट या हेल्मेट पहनने से स्वयं चालक को फायदा है, पुलिस को नहीं, क्योंकि यदि कोई हादशा होता है तो ये दोनों व्यक्ति की हिफाजत करते हैं। लेकिन लोगों को समझाने के बावजूद भी वह अपनी आदतों से बाज नहीं आते, जिनका चालान किया जाता है। ट्रैफिक थाना प्रभारी दयानंद ने कहा कि व्यक्ति की जिंदगी अनमोल है। इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का उल्लंघन ना करें, क्योंकि कई बार वाहन चलाते समय ओवरटेक व तेज रफ्तार से व्यक्ति का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसमें जान भी जा सकती है। इसलिए वाहन चलाते समय नियमों का पालन अवश्य करें। इस मौके पर मुख्य रूप से एसआई अजय कुमार, एसआई जगदीश, हेडकांस्टेबल गिर्राज, मनजीत, विवेक रावत, अख्तर हुसैन, अली मोहम्मद, सत्यवान, श्रीभगवान, होमगार्ड जाहिद, रियाज, लतीफ व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोहना वासी किसी भी टोल से अछूते कस्बे वासियों के लिए टोल माफ करना चाहिए :- सुभाष बंसल

# सोहना कस्बे को टोल ने घेरा भारी भरकम टोल देकर जेब ढीली करनी पड़ रही है :- हरीश नन्दा

**दैनिक समाज जागरण सोहना / राजेन्द्र कुमार होटला**

सोहना में टोल का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। जहां लगातार

घामडोज टोल को लेकर 4 पंचायत हो चुकी हैं।लेकिन मामला बढ़ता ही जा रहा है।थमने का नाम नही ले रहा। सोहना को चारों ओर टोल से घिरे होने के चलते सोहना वासी सुभाष बंसल डेयरी वालों का कहना है कि कस्बावासियों का फरीदाबाद,बल्लभगढ़,रेवाड़ी,गुरुग्राम,राजस्थान में रिश्तेदारी के चलते, शादी विवाह,दुख सुख के चलते आए दिन जाना पड़ता है ! जहां भारी भरकम टोल देकर जेब ढीली करनी पड़ रही है। जबकि पूरे प्रदेश में जहां भी टोल लगे हैं टोल के साथ क्षेत्रवासियों को टोल में छूट दी गई है।जबकि सोहना वासी किसी भी टोल से अछूते नही हैं।सरकार को सोहना वासियों के लिए टोल माफ करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर पूर्व पार्षद हरीश नंदा का कहना है कि सोहना से गुरुग्राम,फरीदाबाद ,रेवाड़ी तो प्रतिदिन लोगों का आना जाना लगा रहता है,नौकरीपेशा लोग भी हैं जो उपरोक्त शहरों में किसी न किसी विभाग में कार्यरत हैं।जहां के एम पी पर रेवासन के पास,तावडू,बल्लभगढ़ रोड पर दो टोल ,घामदोज,आदि पर सैकड़ों रुपए अदा करने को मजबूर होना पड़ रहा है।बल्लभगढ़ रोड पर लगे टोल को गैरकानूनी बताया जहां रोड पर दर्जनों स्पीड ब्रेकर,असुविधाएं व्याप्त हैं इसे बंद करने की मांग की है।

# अग्रवाल धर्मशाला मे आयोजित पंचायत ने लिया निर्णय आगामी 29 मई को टोल पर होगी महापंचायत!

**29 मई को होने वाली महापंचायत के चलते सोहना का बाजार पूर्णतया बंद रहेगा :- मनोज राघव बजरंगी**

**दैनिक समाज जागरण सोहना / राजेन्द्र कुमार होटला**

टोल संघर्ष समिति द्वारा बुधवार को सोहना की अग्रवाल धर्मशाला में एक बार फिर बैठक का आयोजन किया। जिसमें अध्यक्षता रिटायर्ड एसपी महाराज सिंह ने की। जहां बैठक को संबोधित करते हुए पहलवान सतवीर खटाना ने बीते दिनों टोल संघर्ष समिति की डिप्टी सीएम से हुई मुलाकात को लेकर विस्तार पूर्वक बताया। बताया कि सवा घंटा डिप्टी सीएम से बात हुई चारों ओर लगे टोल पर चर्चा चली ।जिसको लेकर मांग रखी है हमारे पड़ोस में टोल हैं सभी फ्री हों।सर्विस रोड फ्री की मांग रखी ।कुछ लोगों को गुमराह कर रखा था जिन्हे रिलीफ दे रखी थी।।बताया की सभी टोल पर एक जैसा नियम है तो यहां भी वही नियम हो। वहीं एन एच ए आई के अधिकारियों ने कहा जितना रोड पूरा है हम टोल ले रहे है। लेकिन हमने कहा रोड पूर्णतया नही बना। रात रात में रोड बना दिया बेरिकेट हटा दिए और रोड चला दिए। कहा हम संघर्ष से नही डरते।हमारे इलाके को

राहत मिले सुविधा मिले।यही हमारी मांग है। वहीं व्यापार मंडल संघ प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने टोल संघर्ष समिति को आश्वासन देते हुए कहा की टोल संघर्ष समिति के तत्वाधान में आगामी 29 मई को होने वाली टोल पर महापंचायत के चलते सोहना का बाजार पूर्णतया बंद रहेगा।व्यापार मंडल संघ कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ा है। वहीं अध्यक्ष रिटायर्ड एसपी महाराज सिंह ने टोल संघर्ष समिति से विचार-विमर्श कर निर्णय लेते हुए कहा कि टोल संघर्ष समिति लगातार एक महीने तक सोहना के आसपास के सभी गांवों में घर घर जाकर प्रचार प्रसार कर टोल माफी को लेकर समर्थन के लिए कहेगी। टोल संघर्ष समिति टोल माफी को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी। जहां संघर्ष समिति ने आगामी 29 मई को घामडोज टोल पर होने वाली महापंचायत में खर्चे को लेकर चंदा एकत्रित किया जो संघर्ष समिति खर्चे को वहन करेगी।दो घंटे चली बैठक के मौके पर सतवीर पहलवान, एसपी महाराज सिंह, हरवीर अधाना, मनोज बजरंगी, मनोज सहजास, सच्चे लाल खड़ली, जावेद अहमद, बलबीर सिंह गबदा ,टेक चन्द बंसल, धर्मपाल जोहलाका, शिवराज खटाना, मनदीप खटाना,सरदार जोगिंदर सिंह, ललित शर्मा,आदि संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूदथे।आपको बता।दें कि इससे पूर्व टोल संघर्ष समिति की तीन पंचायत हो चुकी हैं डिप्टी सी एम से भी मिल चुकी है,लेकिन आगामी 29 मई को अभी एक महीना बाकी है।क्या निर्णय।होगा आने वाला समय बताएगा।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा पुन्हाना में दी जाने वाली दावत-ए- इफ्तार की तैयारियां पूरी:जेजेपी

**दैनिक समाज जागरण/ मोहम्मद असलम**

पुन्हाना पवित्र रमजान के मुबारक माह में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा 28 अप्रैल वीरवार को जिला नुंह के हल्के पुन्हाना की अनाज मंडी में दी जाने वाली दावत-ए-इफ्तार की तैयारियां पूरी है।हजारों रोजेदार समय पर रोजा की इफ्तारी करेंगे। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि जिला मेवात से विशेष लगाव रखने वाले, 36 बिरादरी के नेता उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रोजेदारों की सहूलियत और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया हुआ है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर,राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ व जेजेपी प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया के सुपरविजन में कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। जिला मेवात की कमान संभाल रहे राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री हर्ष कुमार सारे कार्यक्रम पर नजर लगाकर नेताओं को निरंतर निर्देश दे रहे हैं तथा कार्यक्रम स्थल का मुआयना कर रहे हैं। आशा के अनुरूप जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार टीम के साथ वॉलंटरी का दायित्व निभाएंगे। कार्यक्रम में दावत-ए-

इफ्तारी के आयोजक उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जे जे पी प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह सहित अन्य कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ जेजेपी नेतागण शामिल होंगे। रोजेदारों के लिए भारी भीड़ जुटाने के लिए ज्यादा से ज्यादा रोजेदारों को इफ्तारी में पहुंचने का न्योता दे रहे हैं। वही हाल ही में जेजेपी में शामिल हुए युवा नेता एडवोकेट जावेद खान भी रोजेदारों से मिलकर पुन्हाना इफ्तारी में आने का आग्रह कर रहे हैं। इसके अलावा पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, प्रदेश सचिव तैयब हुसैन घासेडिया, वरिष्ट नेता अमन अहमद भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पसीना बहा रहे हैं। युवा जिलाध्यक्ष वसीम अहमद भी अपनी तरह-तरह के फलों के साथ बेहतरीन खाना,पीने के पानी व वजू बनाने तथा बैठने की पूरी व्यवस्था की हुई है। जेजेपी के सभी हल्का प्रधान,युवा प्रधान व अन्य पदाधिकारीगण भी व्यवस्था की विशेष देखरेख करेंगें। वही मेवात के लोग व कार्यकर्ता जननायक ताऊ देवीलाल के युवा रूप उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आगमन पर आंखें बिछाए हुए हैं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष वसीम अहमद,किसान सैल के जिला प्रधान अब्दुल हामिद,अकरम ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

# अपनी मांगों को लेकर लांबद हुए लेक्चरर्स

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो नूंह**

नूंह। हरियाणा सरकार द्वारा जिले में कार्यरत अध्यापक जो स्वेच्छा से सेवाएं

देना चाहते हैं उन्हें अतिरिक्त वेतन लाभ देने की घोषणा की है। लेकिन अभी भी बहुत से लेक्चरर्स अनेक वर्षों से कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनको इस अतिरिक्त वेतन लाभ से वंचित करना घोर अन्याय है। सरकार की इस भेदभाव पूर्ण नीति से जिले में अनेक वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे लेक्चरर्स खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ऐसे में अब इन लेक्चरर्स ने मांग की उन्हें 10 हजार अतिरिक्त या बेसिक प्लस डीए का 10 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन मिलना चाहिए। बुधवार को इस मांग को लेकर हसला के जिला प्रधान उषा रानी की अध्यक्षता में नूहं जिले के लेक्चरर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी अब्दुल रहमान को अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बड़ी सकारात्मकता के साथ ज्ञापन को आगे भिजवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं जैसे लंबित पड़ी एलटीसी, एसीपी, मेडिकल रीइंबर्समेंट इत्यादि मामलों पर चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों की सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु ईद के पश्चात शिक्षक दरबार लगाने के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर हसला कार्यकारिणी के प्रवक्ता रामकिशन, प्रैस प्रवक्ता सहाबुद्दीन, महेश कुमार, अजीत कुमार, रमाकांत, मंजीत, साजिद अली खजांची सहित अन्य मौजूद रहे।

**मेवात के शेखपुर गांव में तथाकथित गौ रक्षकों ने गांव में घुसकर मचाई गुंडागर्दी**

# विधायक मामन खान, मोहम्मद इलियास और महताब के नेतृत्व में पुलिस कप्तान और उपायुक्त से मिले सैकड़ों लोग

दैनिक समाज जागरण जुबैर खान नूंहमेवात के एक गांव में बीते दिनों तथाकथित गौ रक्षकों द्वारा दो गाड़ियों में हथियार के बल पर एक युवक को जबरदस्ती मारपीट करते हुए ग्रामीणों को गोलियां चलाते हुए धमकी देते हुए उस युवक को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने का वीडियो वायरल होने से मेवात में प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। इतना ही नहीं इस वीडियो में गौ रक्षकों के पास जहां पंचायत विभाग की एक स्कारपियो देखी जा रही है, वहीं दूसरी बोलेरो गाड़ी में नीली बत्ती लगी हुई नजर आ रही है। वीडियो में तथाकथित गौ रक्षक लोगों को जहां धमकी देते हुए नजर आ रहे हैं वहीं उन्हीं के द्वारा बनाई गई वीडियो में गोलियां चलाते हुए एक बुजुर्ग की दाढी को भी नोचते हुए नजर आ रहे हैं। जिससे मेवात के लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। बुधवार को कांग्रेस के विधायक मामन खान इंजीनियर ने विधायक मोहम्मद इलियास और महताब अहमद को साथ लेकर मेवात के उपायुक्त अजय कुमार और मेवात के पुलिस कप्तान से समय लेकर सैकड़ों समाजसेवी और मेवात के बुद्धिजीवियों व युवाओं के साथ मुलाकात की। जिसमें उन्होंने इन तथाकथित गौ रक्षकों के खिलाफ मेवात पुलिस कप्तान से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। इतना ही नहीं इस दौरान विधायक ममन खान इंजीनियर ,विधायक मोहम्मद इलियास और महताब अहमद ने मेवात के उपायुक्त अजय कुमार और मेवात के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला से बात करते हुए कहा कि क्या मेवात के जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने ऐसे गुंडों के लिए छूट दी हुई है जो हथियारों के

बल पर सरकारी गाड़ियों का इस्तेमाल करते हुए गांव के अंदर से युवाओं को उठाने का काम कर रहे हैं। अगर कोई अनहोनी हो जाती तो यही गौ रक्षक और बजरंग दल के युवा इसी को तूल देकर हिंदू मुस्लिम की लड़ाई कराने में देर नहीं करते। उन्होंने कहा कि मेवात में माहौल को खराब करने के लिए इन तथाकथित गौ रक्षकों ने माहौल बिगाड़ने का पूरा पूरा प्रयास किया है इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई कर इन्हें गिरफ्तार करने का काम करें। इस दौरान मेवात के नेताओं और युवाओं को आश्वासन देते हुए मेवात के उपायुक्त अजय कुमार और मेवात के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने कहा कि बीते 24 अप्रैल को वायरल हुई वीडियो को देखते हुए और शिकायत कताओं की शिकायत से लिए गए हुए तथ्यों को पूरी तरह खंगाला जा रहा है। जल्द ही इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने का काम किया जाएगा। लघु सचिवालय में पहुंचे सभी लोगों ने मेवात के उपायुक्त अजय कुमार और मेवात के पुलिस कप्तान का आभार जताया और कहा कि जो लोग मेवात का माहौल खराब करने का काम कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

अगर अबकी बार गांवों में घुसकर गुंडागर्दी की तो बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी। विधायक मामन खान इंजीनियर ने मेवात के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला से कहा कि वह किसी भी तरह गुनेहगारों के साथ ही नहीं है। अगर कोई गलत काम करता है तो पुलिस उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि अगर तथाकथित गुंडे गांव में जाकर लोगों को हथियारों के बल पर गाली देते हुए बहन बेटियों की इज्जत को तार-तार करते हुए उठाने का काम करेंगे तो उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी एएसपी उषा देवी

मेवात की अतिरिक्त पुलिस कप्तान उषा देवी ने कहा कि सभी तथ्यों को देखते हुए और वायरल वीडियो को देखते हुए आरोपियों की पहचान की जा रही है। इतना ही नहीं मेवात के विधायक मामन खान इंजीनियर और मोहम्मद इलियास द्वारा दिए गए साक्ष्य को भी देख कर आरोपियों की पहचान की जा रही है जल्दी मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने का काम किया जाएगा।

# अम्लोर बालू खदान खंड आठ में,जारी अवैध खनन,ओवर लोडिंग का खेल

**ओवरलोड अनियंत्रित ट्रकों से होते हैं हादसे जिला प्रशासन को चुनौती देते ओवरलोड बिना नंबर के ट्रक**

**रिपोर्ट - श्रीकांत श्रीवास्तव समाज जागरण ब्यूरो बांदा**

बांदा - जनपद में तेज तर्रार पैलानी एसडीएम सुरभि शर्मा जिन्होंने विगत महीने की थी एक खदान पर कार्यवाही किए थे लगभग 50 ट्रक को वित्तीय दंड, अब क्या..........?।

कर्मठ एवं न्याय प्रिय बांदा जिला अधिकारी अनुराग पटेल की साख पर बट्टा लगा रहे हैं खदान संचालक मंडल आयुक्त दिनेश सिंह ओवर लोडिंग न किए जाने के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे खदान संचालक कर रहें ट्रक संचालन में बिगड़ी, गंदी नंबर प्लेट कोयला लगा हुआ या तो नंबर मिटाकर, बगैर नम्बर प्लेटों वाले ट्रक, फिर शुरू रात भर चलता है बालू का अवैध कारोबार। जिसका परिणाम भोगती है जानता अपने बच्चों की दुर्घटना में ट्रक द्वारा कुचला देख कर।

खदान में धर्म कांटा और सीसीटीवी कैमरा लगा होना महज छलावा

विभिन्न लोग प्रशासन को मैनेज करने का लिए है ठेका ।ओवरलोडिंग से सड़कें हो रही ध्वस्त भारी मात्रा में हो रहा राजस्व का नुकसान प्राप्त जानकारी के अनुसार बिना प्रपत्र के हो रही बालू निकासी अधिकारियों की लोकेशन पर होता है अवैध परिवहन अधिकारियो को भी मैनेज करने का दम भर रहे खदान संचालक, स्थानिय सुरक्षा वाले को कुछ भी नहीं दिखाई देता है सिर्फ एक सिद्धांत चुप रहो, खुस रहो में करते है अमल।

# जिले में गोहत्यारों का पक्ष नहीं विरोध करें कांग्रेसी : बीरपाल पंवार

**दैनिक समाज जागरण सुरेंद्र सिंह**

नूंह जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता बीरपाल पंवार ने कहा कि नूंह जिले में आए दिन गोहत्या हो रही है। गोहत्यारों का विरोध करने के बजाय जिले के कांग्रेसी गो हत्यारों का समर्थन कर रहे हैं जोकि पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि बुधवार को जिस तरह से जिले के कांग्रेसी विधायकों ने सीधे तौर पर गोहत्यारों का समर्थन किया है वह पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि गाय हमारी आस्था की प्रतीक है। लेकिन जिले में उनकी आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। पूर्व में जिले में बार बार गोहत्या को रोकने

के लिए पंचायतें हुई लेकिन इन पंचायतों का कोई असर नहीं है। जिस तरह से बुधवार को जिले के गणमान्य लोगों ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलकर गोहत्यारों का समर्थन किया है उससे प्रतीत होता है कि वह भी उनके साथ है। उन्होंने साफ कहा कि वह जिले में बजरंग दल व अन्य संगठनों के साथ गोहत्यारों के खिलाफ हमेशा रहेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेसियों का दोगला चेहरा जनता के सामने आ गया है।

# जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रिपोर्ट - श्रीकांत श्रीवास्तव समाज जागरण ब्यूरो बांदा**

बांदा - भारतीय जनता पार्टी की नेता और जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर ने परिवारिक कलह के चलते बुधवार को फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि आत्महत्या कि वजह पति पत्नी का आपस मे झगड़ा है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आपको बतादे कि भारतीय जनता पार्टी की नेता और जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर ने परिवारिक कलह के चलते बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इस घटना से बांदा में राजनीतिक खेमे में हलचल मच गई है। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका है ।इनके पति दीपक सिंह गौर भी भाजपा के सक्रिय नेता है। घटना शहर कोतवाली अंतर्गत उनके निवास इंदिरा नगर में हुई है।जहां पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंच गए हैं। पुलिस ने मृतका के को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, दिया है। , पूरे मामले की पुलिस कर जांच, कर रही है। शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले की घटना है, जोकि जनपद के जसपुरा क्षेत्र से बीजेपी की जिला पंचायत सदस्य थीं श्वेता सिंह गौर स्वभाव से मृदुल और लोकप्रिय रहीं जिला पंचायत सदस्य श्वेता सिंह गौर का शव संदिग्ध अवस्था मे कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर टंगा मिला है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लगता है, क्योकि कुंडी अंदर से बंद थी। फिर भी पोस्टमार्टम कर जांच की जा रही है। श्वेता सिंह गौर के परिजनों ने सीधे सीधे दीपक सिंह गौर पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले ही पती पत्नी के झगड़े को लेकर पंचायत हुई थी जिसमे श्वेता के ससुर ने भी बुरी बुरी गालियां दी थी। घटना के बाद से दीपक सिंह गौर फरार है, जिससे संदेह उसी पर जाता है। घटनास्थल पर पुलिस को दो टूटे हुए मोबाइल मिले है। उनको खोलने के बाद कई ऐसे कारणों का पता चल सकता है जिसकी वजह से घटना हुई। मृतक श्वेता सिंह गौर ने फेसबुक पर पोस्ट डाली थी जिसमे लिखा था कि घायल शेरनी से मत टकराना, इससे कहीं न कहीं श्वेता के मजबूत इरादों का भी पता चलता है। सूत्रों की माने तो एक रात पहले भी पती पत्नी में झगड़ा हुआ था।

## बिहपुर सीएचसी के द्वारा लगाया गया चिकित्सा शिविर

**समाज जागरण**

बिहपुर के सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.मुरारी पोद्दार के निर्देश पर प्रखंड के चिकित्सा शिविर लगाया गया।भारत पेट्रोलियम महावीर फ्यूल सेंटर,गौरीपुर के संयोजन में लगे इस शिविर में लोगों का सीएचओ सुशील पोसवाल के द्वारा स्वास्थ्य जांच करने बाद दवा भी भी दी गई।इस मौके पर बीपी व सुगर की जांच भी की गई।वहीं इस शिविर में लोगों को बीते कुछ दिनों से चल रहे वेभ/लू से बचने की भी जानकारी दी गई।इस शिविर में बीसीएम मो.शमशाद आलम,फ्यूल सेंटर,गौरीपुर के संचालक संजीव कुमार समेत अमित कुमार व राहुल कुमार मौजूद थे।वहीं शिविर के शांतिपूर्ण संचालन में एएनएम परिणीता कुमारी,आशा कार्यकर्ता नूतन देवी,शर्मिला देवी व वंदना देवी आदि की सक्रिय भागीदारी रही। सीएचओ पोसवाल ने कहा कि घर से धूप में बाहर निकलने से बचें।घर से बहर निकलने पर छाता साथ रखें या सिर पर कपड़ा रखें।बच्चों व बुर्जुग के स्वास्थ्य पर नजर रखें।खाली पेट न रहें।शिविर में ओआरएस पाउडर का पैकेट भी लोगों को देकर इसे कैसे पीना है बताया गया।बताया गया कि पानी खूब पीयें।

## पुलिस कप्तान, औरंगाबाद के निर्देश पर की गई छापेमारी के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से अवैध शराब की बरामदगी

**समाज जागरण**

औरंगबाद (अजय पाण्डेय) शराब सेवन करने के जुर्म में गिरफ्तारी, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ कार, मोटरसाइकिल भी किया गया जप्त



अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) पुलिस - कप्तान, औरंगाबाद, कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मंगलवार दिनांक - 26 अप्रैल 2022 को की गई छापेमारी के दौरान 556.2लीटर अवैध देशी शराब, 20 लीटर महुआ चुलाई शराब, (कुल - 576.2 लीटर अवैध शराब ) बरामद, शराब सेवन किए 01 व्यक्ति 01 वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए 01 कार तथा 01 मोटरसाइकिल को भी जप्त किया गया है ! जिसमें मुफस्सिल थाना द्वारा 135 लीटर अवैध देशी शराब बरामद करते हुए 01 कार जप्त कर 01 वांछित अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है ! जम्होर थाना द्वारा 412.5लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया गया है ! नवीनगर थाना द्वारा 8.7 लीटर अवैध शराब जप्त किया गया है ! मदनपुर थाना द्वारा 20 लीटर चुलाई अवैध शराब तथा 01 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है ! गोह थाना द्वारा भी शराब के सेवन मामले मे 01व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ! जिसका विभागीय प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया गया है ।

## ट्रक ने मारी बिजली पोल में ठोकर बिजली आपूर्ती रहा कई घण्टों थप

**मुरारी झा समाज जागरण**

घनश्यामपुर प्रखंड क्षेत्र के घनश्यामपुर मुख्य मार्ग अवस्थित पोल को ट्रक ने सुबह 8 बजे पोल में ठोकर मार गिराया जहाँ 250 मीटर कंडक्टर डैमेज है व दो पोल क्षतिग्रस्त हो गया है ट्रांसफार्मर का स्ट्रक्चर भी प्रभावित हुआ जहाँ पर बिजली के पोल टूट कर जमनी पर गिर गए ।जहाँ सूचना मिलने तक कोई तरह की जान माल की नुकसान नहीं हुआ पर बिजली के केबल 95 के तार चार घण्टो तक सड़को पर पड़ा रहा ।

जहाँ घनश्यामपुर से रसियारी जाने वाले मुख्य मार्ग यातायात व्यवस्था कई घण्टो तक ठप पड़ा रहा

अत्यधिक गर्मी में घण्टो बिजली की आपूर्ति ठप रहने से लोगो में दिखा आक्रोश ।

## पटखौली में संदिग्ध अवस्था में मिली महिला का शव। मृत महिला के रूम मे पाया गया जिंदा कोबरा। जांच में जुटी पुलिस

**गौनाहा संवादाता मोहम्मद आजाद समाज जागरण**

गौनाहा / स्थानीय थाना क्षेत्र के मंझरिया पंचायत के पटखौली गांव वार्ड नंबर 13 में बुधवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर एक महिला की लाश मिली है। मृतक की पहचान विशाल कुमार की पत्नी वर्षीय रीमा कुमारी के रूप में की गई है। वैसे मृतक के पति और ससुर घर छोड़कर फरार है। शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दी है ।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि मृतक के रूम में एक सर्प भी मिला है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का खुलासा होगा कि महिला की मौत कैसे हुई है ।वहीं घटना के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि मृतक रीमा कुमारी रात में खाना खाकर सोई और सुबह उसका शव बिस्तर पर पड़ा हुआ मिला।

## वरीय उप समाहर्ता द्वारा किया गया गौनाहा अंचल का निरीक्षण।

**समाज जागरण (पश्चिम चंपारण) मोहम्मद आजाद**

गौनाहाः सोमवार को वारीय उप समाहर्ता के द्वारा गौनाहा अंचल का निरीक्षण किया गया ।इस दौरान वरीय उप समाहर्ता रवि प्रकाश ने

मौके पर उपस्थित सीओ अमित कुमार से कई आवश्यक पूछताछ की तथा कार्यालय में मौजूद दाखिल खारिज, परिमार्जन, भू-मापी, भूस्वामित्व प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र , जाति प्रमाण पत्र , निवास प्रमाण पत्र सहित कई पंजियो का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने सीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।इस क्रम में उन्होंने कहा कि कार्यालय के संचालन में किसी तरह की कोताही नहीं हो इस पर आप पूरा ध्यान दें। आप अपने अधिनस्त सभी कर्मियों को समय से कार्यालय पहुंचने तथा ससमय कार्यालय बंद करने का निर्देश दें। ताकि अंचल कार्यालय आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो ।आमजन सुविधा पूर्वक अपने कार्य का निष्पादन कर सके। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विदित हो कि बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुवहानी के निदेर्शानुसार बिहार के 534 अंचलों की निरीक्षण ,23अप्रैल को होनी थी लेकिन अवकाश की वजह से यह जांच आज पुरी की गयी है ।आगे वरीय उप समाहर्ता से पूछे जाने पर उन्होंने आगे कुछ भी बताने से इनकार किया ।

## बिहपुर के औलियाबाद में अगलगी से बचाव को लेकर कराया गया माकड्रिल

**समाज जागरण**

बिहपुर प्रखंड के औलियाबाद में प्रभारी प्रधानाध्यापक नोटिस पासवान के देखरेख में मंगलवार को शिक्षक संजीव कुमार ने स्कूली बच्चों के सामने मॉकड्रिल कर अगलगी से बचाव की जानकारी दिया।बता दें कि बिहपुर समेत नवगछिया अनुमंडल के ग्रामीण इलाकों व खेतों में हरसाल अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से15-20 मई तक प्राकृतिक व कृत्रिम अगलगी की कई घटनाओं में जानमाल का काफी नुकसान होता है।बताया गया कि आग लगने के प्राकृतिक करणों में दो पत्थरों के घिसने से,सूखी लकड़ियों के घिसने,सूर्य प्रकाश के तीखे किरणों के कारण वहीं कृत्रिम कारणों में दीप से,चूल्हे से व माचिस की जलती

तीली का दुरूपयोग है।वहीं आग ईंधन,ताप व वायु से फैलता है।इनमें से किसी एक को रोककर हम आग पर काबू पा सकते हैं।इस दौरान कंबल,गीला कपड़ा,बालू,मिट्टी व पानी के साथ साथ फायर सिलेंडर के द्वारा आग से बचाव का मॉकड्रिल भी कराया गया।इस मौके पर शिक्षक कुमार सुशील,सुमन कुमारी व दीपक कुमार आदि भी मौजूद थे।इधर बीआरपी सुमोना रिंकू घोष भी स्कूलों में पहुंचकर मॉकड्रिल का अवलोकन भी कर रही हैं।बताया गया कि विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी प्राथमिक व मवि विद्यालयों में बच्चों को आग लगने के प्राकृतिक व कृत्रिम कारणों की जानकारी देकर अगलगी से बचाव के उपाय के बारे में बताया जा रहा है।

## बिहार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी कांग्रेस

**समाज जागरण**

औरंगबाद (अजय कुमार पाण्डेय) पार्टी बोली - बिजली उपभोक्ताओं से हो रही है लूट, औरंगाबाद के कांग्रेस नेता सल्लू खान ने कहा है कि सबसे पहले सरकारी आवासों में प्रीपेड - मीटर लगाने का शुरू हो काम, प्रीपेड - मीटर के नाम पर गरीबों को लूट रही है केंद्र व राज्य - सरकार, पूरे देश में होगा आंदोलन, प्रीपेड - मीटर लगाने पर लोगों ने दी धमकी, सड़क से लेकर सदन में भी होगा विरोध )

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने केंद्र - सरकार, केंद्रीय बिजली मंत्री के विरोध में बुधवार को सड़क पर प्रदर्शन किया। केंद्र - सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की! जिसका नेतृत्व मो0 शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने किया। बिहार में स्मार्ट मीटर पर सल्लू खान ने सवाल उठाते हुए कहा कि सबसे पहले सरकारी आवासों में प्रीपेड - मीटर लगाने का काम शुरू हो! केंद्र - सरकार एवं राज्य - सरकार ने गरीब विरोधी अपना चेहरा दिखाया है! जनता कह रही है कि सबसे पहले सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास, सत्तापक्ष के सांसद, विधायक, सत्तापक्ष के नेताओं के आवास में यह मीटर लगाया जाए! स्मार्ट मीटर जो लगाया जा रहा है! यह जनता को लूटने का प्रयास किया जा रहा है। बिजली के प्रीपेड स्मार्ट

मीटर लोगों की परेशानी की वजह बनी है। बिहार में जबसे स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हुआ है। तब से लोगों का जीना हराम हो गया है! जिन उपभोक्ताओं को पहले 1,000 रुपये का बिजली बिल आता है! उन्हें अब दो से तीन हजार रुपये चुकाने पड़ेंगे। कई जिलों में करना पड़ रहा है! जिसका जवाब न तो सरकार के पास है, और न ही बिजली कंपनी के पास! कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ बड़े आंदोलन की रूप - रेखा तैयार करने में जुट गई है! देश को गुलाम बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार का जो साजिश है! उसमें भागीदार बनकर बिहार - सरकार स्मार्ट मीटर के बहाने लूट रही है! जिसके खिलाफ पार्टी प्रखंड, पंचायत से जिला मुख्यालय तक आंदोलन करेंगी। सल्लू खान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि कांग्रेस हमेशा से जनता के मुद्दे के साथ खड़ी है, और आगे जब भी लोगों को कांग्रेस के साथ की जरूरत होगी! हमेशा उनके साथ होगी। कांग्रेस पार्टी प्रीपेड - मीटर लगाने के खिलाफ बिजली उपभोक्ताओं के साथ सूबे में बिजली ऑफिस का घेराव करेगी, और हर हाल में जनता के साथ आंदोलन के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क पर रहेगी! जिनके पास मोबाइल नहीं है! वे कैसे रिचार्ज करेंगे? इस मौके पर मुकेश कुमार, मोहम्मद रमजान, मोहम्मद जुल्फिकार, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, मुन्ना कुमार उर्फ छोटू, हिमांशु कुमार, पंकज कुमार सिंह, अमित कुमार, रवि कुमार, मोहम्मद अकबर, मोहम्मद इबरा,, विरेंद्र कुमार, रंजन कुमार, मोहम्मद नूर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

## कबाड़ा मशीन हटा कर नया मशीन लगाया जायः एम एस यू

***मुरारी झा* समाज जागरण**

मिथिला स्टूडेंट यूनियन के दरभंगा जिला कोषाध्यक्ष नीरज भारद्वाज द्वारा बहादुरपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र स्थित उइउ मशीन एवं डिजिटल -१८ मशीन शीघ्र चालू करवाने को लेकर बीडीओ और उऌउ प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से नीरज भारद्वाज ने कहा की बहादुरपुर सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में एक उइउ मशीन है जो की पिछले 3 महीनों से कार्ययोग नहीं हैं, बिल्कुल कबाड़ा की स्तिथि मे स्वास्थ केन्द्र के जाँच घर में रखा हुआ है। जिसकी वजह से मरीजों को इलाज करवाने के दौरान जाँच करवाने में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। अतिशीघ्र इसे हटा कर नया उइउ मशीन बहाल किया जाय और इस स्वास्थ केन्द्र में एक डिजिटल -फ्ब्र मशीन की उपलब्धता करवाया जाये ताकि मरीजों को इन सभी जांचों के लिए बाजार एवं निजी जाँच घर का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

हमारे संघर्षों का यह परिणाम है की आज बहादुरपुर प्रखंड में सभी प्रकार के मरीजों का इलाज, जांच, और दवाई मुफ्त में किया और दिया जाता है। जब हमने उऌउ का निरीक्षण किया तो मालूम पड़ा कि यह का उइउ मशीन विगत तीन महीनो से कार्यरत नही है, जिस वजह से मरीजों को बाहर निजी जांच घर जाना पड़ता है।

हमने आवेदन के जरिए बीडीओ बहादुरपर को कुछ समय दिया है की उक्त समस्याओं का जल्द संज्ञान में लेकर इसका समाधान करने का प्रयास करें। अगर शीघ्र नया मशीन नही लगाया जाता है, तो हमलोग आंदोलनित होंगे।

## राजद के जिलाध्यक्ष के आवास पर किया गया अभिनन्दन समारोह, बिहार एमएलसी ई. सौरव कुमार का नागरिक अभिनन्दन।

**समाज जागरण**
**जिला ब्यूरो(पश्चिम चंपारण)**

आज दिनांक 27.04.22 दिन बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष श्री मुन्ना त्यागी जी के आवास पर नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्ण किया गया। पश्चिमी चंपारण जिले के स्थानीय पदाधिकारी विधान परिषद सदस्य बिहार पटना एमएलसी माननीय ई. सौरव कुमार जी का नागरिक अभिनन्दन समारोह का गर्मजोशी के साथ किया गया। इस समारोह का आयोजन बड़े ही उत्कृष्टता से किया गया, जिसमें मुख्य रूप से राजद जिला अध्यक्ष मुन्ना त्यागी जी,

राजद जिला सचिव बिट्टू जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष सगीर अहमद जी, नगर अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल जी,मानसरोवर राम जी, गोपी यादव जी, तारकिशोर यादव जी, कमलेश तिवारी जी, सरफुद्दीन आलम, मोहम्मद अमानुल्लाह, सोहेल अख्तर, आफताब आलम जी, गोखुल प्रसाद यादव, जितेंद्र कुमार शर्मा एवं सभी सहयोगीगण शामिल रहे।

## डीएम ने किया अपील--भीषण गर्मी एवं कड़ी धूप से बचने के लिए बरते सावधानी एवम दिशा निदेर्शों का करे पालन।

**प्रदीप कुमार नायक**
**समाज जागरण**

मधुबनी जिलाधिकारी अमित कुमार ने आम जनता से भीषण गर्मी,कड़ी धूप एवं लू से सुरक्षा हेतु पूरी सावधानी बरतने एवम निर्धारित मापदंडों का पालन करने का अपील किया है। उन्होने कहा कि वर्तमान में गर्म हवाएँ एवं लू को देखते हुए हमें सावधानी बरतनी होगी। गर्म* *हवा एवम लू का काफी प्रतिकूल प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता है, जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इस संबंध में थोड़ी से सावधानी एवम दिशा निदेर्शो का पालन कर लू/गर्म हवाओं के बुरे प्रभाव* से *बचा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने कहा की भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु* *जनहित* में *ह्यह्यक्या करें, क्या नही करेंह्लह्ल* जारी किया गया है* । *आम जनता इसका अनुपालन कर ऐसी घटनाओं को रोक सकते है।

*(1) गर्म हवाएं / लू से सुरक्षा के उपाय

* स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में विभिन्न विश्वसनीय माध्यम से लगातार जानकारियां लेते रहें।
* बार-बार पानी पीयें। सफर में अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।
* धूप में जाते वक्त यथा संभव हल्के रंग के ढीले-ढाले एवं सूती कपड़े पहनें। गमछा या टोपी से अपने सिर को ढकें।
* हल्का भोजन करें, मौसमी फल जैसे-तरबूज, खीरा, ककड़ी, खरबूज, संतरा आदि का अधिकाधिक सेवन करें।
* घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।
* जानवरों को छाँव में रखें एवं उन्हें भी खूब पानी पीने को दें।
* अगर तवीयत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

*(2) लू लगने पर क्या करें ?*

* लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर उनके शरीर पर तंग कपड़े हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
* लू लगे व्यक्ति का शरीर गीले कपड़े से पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं एवं बार-बार गीले कपड़े से शरीर को पोछें।
* संबंधित व्यक्ति को ओआरएस, नींबू पानी, नमक-चीनी का घोल, छाछ या शर्वत पीने को दें, यह शरीर में जल की मात्रा को बढ़ाता है।
* लू लगे व्यक्ति को शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जायें।

*(3) क्या न करें ?*

* कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
* अधिक तापमान में क्षमता से ज्यादा शारीरिक श्रम न करें।
* प्रोटीन युक्त भोजन जैसे मांस, अंडा व सूखे मेवे जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं, का सेवन कम करें।
* लू के कारण पानी की उल्टियां करे या बेहोश हो जाये तो उसे कुछ भी खाने-पीने को न दें।
* बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में न छोड़ें।
* दोपहर के समय मवेशियों को चराने के लिए बाहर निकलने से बचें।

जिलाधिकारी ने सभी संबधित पदाधिकारियो को आम जनता के बीच *भीषण गर्मी एवं लू से सुरक्षा हेतु जागरूकता* फैलाने का निदेश दिया है।

## प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत, डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप।

**समाज जागरण**

पूर्णिया(प्रवीण भदौरिया) पूर्णिया के लाइन बाजार में जमकर हंगामा हुआ। गुस्सायी भीड़ ने जमकर हंगामा मचाया और पुलिस के सामने ही अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। घटना लाइन बाजार के सीमांचल इमरजेंसी हॉस्पिटल का है। जहां जच्चे-बच्चे की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ।

बताया जाता है कि पूर्णिया के रानीपतरा निवासी लक्ष्मी देवी को डिलीवरी के लिए लाइन बाजार स्थित सीमांचल इमरजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।महिला का चार दिन से इलाज चल रहा था जिसमें करीब 3 लाख 50 हजार खर्च हो चुका था। परिजनों का आरोप है कि सीमांचल इमरजेंसी हॉस्पिटल में डॉक्टर की लापरवाही ने लक्ष्मी देवी को मौत की नींद सुला दिया।

परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा मचाया। परिजनों ने मरीज के साथ अनदेखी का आरोप अस्पताल के चिकित्सक पर लगाया साथ ही पैसे की उगाही करने का आरोप अस्पताल प्रशासन पर लगाया। मरीज को डॉक्टर के बजाय अस्पताल के स्टाफ ही आकर देखा करते थे। मरीज से मिलने भी नहीं दिया जाता था और चौथे दिन मरीज की मौत की सूचना मिली।

आक्रोशित परिजनों ने जमकर बवाल काटा और अस्पताल में तोड़फोड़ की। पुलिस के सामने ही ईंट पत्थर से अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। बता दें कि सीमांचल अस्पताल में आज की घटना कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी यहां लापरवाही से मरीज की मौत हो चुकी है। खुद परिजन इससे पहले भी अस्पताल प्रशासन पर यह आरोप लगा चुके है। बताया जाता है कि इस अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं है मरीज का इलाज यहां के स्टाफ ही करते हैं इसके एवज में मनमाना रकम भी वसूलते हैं।

## ई-ऑफिस को लेकर हुई बैठक

**समाज जागरण**

दरभंगा । समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में दरभंगा जिला प्रशासन के सभी शाखा, सभी विभागों में ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत

पत्र एवं संचिका निष्पादन एवं संधारण करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यालय प्रधान एवं प्रधान लिपिक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा कार्यालय कार्य निष्पादन हेतु प्रारंभ किया गया ई-ऑफिस प्रणाली बहुत अच्छी पहल है, कागज कलम के माध्यम संचिका निष्पादन करने की व्यवस्था अंग्रेजों के समय से चल रही है और इसमें काफी समय लगता है। साथ ही संचिका या पत्र गुम होने, जलने, गलने एवं दीमक लगने की समस्या बनी रहती है। लेकिन ई-ऑफिस के माध्यम से जहां पत्र एवं संचिका निष्पादन की गति तीव्र हो जाती है वही किस स्तर पर संचिका रुकी हुई है और कब से रुकी हुई है। इसकी जानकारी भी मिल जाती है। इस तरह कार्यालय की कार्य संस्कृति में पारदर्शिता रहती है तथा समय पर कार्य संपन्न होता है।

उन्होंने कहा कि अब जन आकांक्षा में काफी तीव्रता आई है। लोग अपना काम तुरंत निष्पादित करवाना चाहते हैं। आरटीपीएस में जाति एवं आवासीय बनाने के लिए 10 दिन का समय निर्धारित है। लेकिन, आवेदक अंतिम समय में आवेदन करते हैं और एक से दो दिनों में प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आकांक्षा रखते हैं।

ई-ऑफिस इस जन आकांक्षा को पूरा करेगा। इससे हर स्तर पर कार्य संस्कृति में सुधार होगा और जब हर स्तर पर सुधार होगा तभी व्यवस्था में सुधार हो सकेगा।

कभी-कभी ऐसा देखा जाता है कि सही काम स-समय न करने पर उसके न करने के जवाब में लगातार पत्राचार करना पड़ता है और जो काम एक बार में संपन्न हो जाता, उसके लिए वर्षों संचिका बढ़ती रहती है और मोटी होती रहती है। ई-ऑफिस में ऐसी विलंब की संभावना नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि ई ऑफिस के माध्यम से उन्हें केवल डाक देखने में एक तिहाई समय कम लगेगा। संचिका सही ढंग से बढ़ेगी और पदाधिकारी एवं संबंधित लिपिक कहीं से कभी भी अपना काम निष्पादन कर सकेंगे।

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार झा ने बताया कि समाहरणालय के प्रमुख शाखाओं द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है सामान्य शाखा द्वारा 270 संचिका ई-ऑफिस के माध्यम से निष्पादित किया गया है। 01 जून से अनुमंडल स्तर के कार्यालय को तथा अगस्त से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय को तथा अक्टूबर से अनुषंगी सभी विभाग के कार्यालय को ई-ऑफिस से जोड़ दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित सभी पदाधिकारी आज से ही ई-ऑफिस के माध्यम से अपना डाक देखना शुरू कर दें और यदि कठिनाई है तो एनआईसी से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर लें।

जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को सभी कार्यालय में एक-एक कार्यपालक सहायक के साथ इंटरनेट की व्यवस्था कर देने एवं ग्रुप में सभी प्रधान लिपिक को एक बार प्रशिक्षण दे देने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त तनय सुल्तानिया, नगर आयुक्त अखिलेश प्रसाद सिंह, डीआरडीए निदेशक गणेश कुमार, उप निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी अजय कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी एवं प्रधान लिपिक उपस्थित थे।

## 'मिस्टर बिहार' का स्वागत करने पहुची गरिमा देवी सिकारिया, कहा ट्रॉफी जितना गौरव की बात।

**समाज जागरण (पश्चिम चंपारण)**

बेतिया के लाल का कमाल किसे नही मालूम। हाल में पटना के होटल चाणक्य में बीते 10 अप्रैल को आई ग्राम नामक संस्था के बैनर तले आयोजित ह्यमिस्टर एंड मिस बिहार 2021ह्न प्रतियोगिता में कामयाबी का परचम लहराने वाले पश्चिमी चंपारण के बेतिया ,गंडक कॉलोनी निवासी मॉडल और डांसर सौरभ सिंह के मिस्टर बिहार का खिताब अपने नाम किया जिसकी खबर हर किसी के जुबान पर उड़ती रही है। बिहारभर के चुनिंदा प्रतिभागियों को प्रत्येक राउंड मे पीछे छोड़ते हुए ह्यमिस्टर बिहारह्न का खिताब की ट्रॉफी जीतकर सौरभ ने कामयाबी हासिल की।

सौरभ सिंह की इस कामयाबी पर बेतिया नगर निगम क्षेत्र सहित पश्चिमी चंपारण जिलाभर के लोगों

में काफी खुशी का प्रस्फुटन है। गरिमा देवी सिकारिया द्वारा सौरभ सिंह को सम्मानित करने गंडक कॉलोनी पहुंचने पर उनके परिजन सहित दर्जनों लोगों के द्वारा भरपूर उत्साह के साथ श्रीमती सिकारिया का स्वागत किया गया। जिससे वे काफी अभिभूत हुई। श्री मति सिकारिया ने कहा कि सौरभ सिंह की इस कामयाबी से पूरा पश्चिम चम्पारण जिला व हमारा नगर निगम क्षेत्र गौरान्वित हुआ है। ऐसे ही चम्पारण का नाम हो इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं और ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान करना स्वयं अपने आप मे गौरव की बात है। इस मौके पर प्रेमचंद्र दुबे के साथ साथ दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों व अन्य सहयोगियों की मौजूदगी रही।

## मंझरिया पंचायत भवन में मुखिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ आम सभा।

**समाज जागरण (पश्चिम चंपारण)**
**मोहम्मद आजाद**

गौनाहाः प्रखंड के मंझरिया पंचायत के पंचायत भवन में बुधवार को मुखिया चिंता देवी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से संबंधित चर्चा हुई । सभा में किसान सलाहकार सन्नी कुमार तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधी एवं किसानों को योजना से संबंधित लाभुकों की सुची पढकर सुनाया एवं अपात्र लाभुकों को चिन्हित किया गया । किसान सलाहकार श्री तिवारी ने बताया कि जो किसान आयकर अदा करते हैं,एक परिवार में एक से ज्यादा लाभार्थी,पेशे से इंजिनियर,डाक्टर, वकील,पेंशन भोगी हैं तो ये सभी अपात्र लाभार्थी है। अगर कोई इसका

लाभ ले रहा है तो उन्हे सरकार द्वारा जारी खाता संख्या में सभी राशी रिफंड करना पड़ेगा । इस कडी के माध्यम से मृत लाभाथीर्यों को भी चिन्हित किया गया सभी लाभुकों की सुची को पंचायत भवन के दिवार पर चिपकाया गया ।आम सभा में निम्नलिखित जनप्रतिनिधी एवं किसान की उपस्तिथी रही मुखिया प्रतिनिधी सोवालाल महतो,कृष्णा पासवान, शत्रुध्न प्रसाद, शिवजी प्रसाद, मुकेश पासवान, विकास मित्र संतोष राम,पंसस प्रदीप साह,टेनी माँझी,पप्पु गुफ्ता,भुषण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## बोलेरो ने बाइक सवार देवर भाभी को मारी टक्कर, दोनो की घटनास्थल पर ही मौत।

**समाज जागरण (पश्चिम चंपारण)**
**समाज जागरण**

पश्चिम चंपारण के बेतिया-मोतिहारी रोड में एनएच 727 पर थड़ेसरी चौक के पास बोलेरो एवं बाइक की टक्कर में देवर भाभी की घटनास्थल पर ही हुई मौत बोलेरो चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है मृतक देवर भाभी जगदीशपुर थाने के शेखौना गांव के रहने वाले बताये जाते हैं मृतक की पहचान वहिदा रहमान 35 वर्ष पति रेयाजुल मिया एवं उसका देवर छोटन 16 वर्ष के रूप में की गयी है। मृतक देवर भाभी सुगौली स्तिथ रेयाजुल मिया के मुर्गा दुकान से अपने घर शेखौना लौट रहे थे तभी रास्ते मे ही किसी बोलेरो वाले ने टक्कर मार दी। दोनो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

## सिविल सर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया निरीक्षण।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में बुधवार को सिविल सर्जन निर्मला कुमारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने सीएचसी की विधि व्यवस्था, आरसीएच रजिस्टर का अवलोकन,आरआई टीकाकरण का जायजा लिया। उसके बाद सिविल सर्जन ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थिति पंजी

का अवलोकन किया। इसके अलावा साफ-सफाई, आपातकालीन कक्ष, दवा भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष आदि का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में उपस्थित मरीजों से पूछताछ कर हाल चाल जाना। उन्होंने बेड व उपकरणों की उपलब्धता देखने के उपरांत कई आवश्यक दिशा निर्देश चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी को दिया। मौके पर डा बिमलेंद्र कुमार,हेल्थ मैनेजर राहुल कुमार,डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार ,लिपिक ज्वाला राम, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## मृतक को दी गई श्रद्धांजलि।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः- भवन नारदीगंज में बुधवार को पड़रिया निवासी स्वास्थ्य कर्मी अवध बिहारी सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट तक मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि इनके निधन होने पर परिवार व समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। मौके पर समाज सचिव श्रीकांत सिंह,कमाता प्रसाद सिंह,वीरेन्द्र प्रसाद,राधेश्याम प्रसाद,अवध किशोर सिंह समेत अन्य पेंशनरों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

## दहेज के लिए विवाहिता के हत्या में चार बनें नामजद अभियुक्त।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-थाना क्षेत्र के काजीबीगहा गांव से दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है।मृतका उसी गांव के सुमित कुमार की पत्नी प्रीति कुमारी है।इस संबंध में जमुई जिले के चंद्रदीप थानाक्षेत्र के नोनी गांव निवासी कुमकुम देवी ने काजी बिगहा निवासी अपने दामाद समेत चार लोगों के विरुद्ध नारदीगंज थाना में मामला दर्जे करायी है। जिसमें अपने दामाद सुमित कुमार व उसके पिता उदय सिंह,माँ सुशीला देवी, बहन सिंकी कुमारी को नामजद अभियुक्त बनाई है। कहा गया कि मेरी पुत्री प्रीति कुमारी की शादी नारदीगंज थानाक्षेत्र के काजीबीगहा निवासी उदय सिंह के पुत्र सुमित कुमार के साथ 24 जून 2021 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले मेरी पुत्री को आये दिन प्रताड़ित करते आ रहें थे,इसी बीच 24 अप्रैल के शाम को हमारा दामाद मेरे मोबाइल पर बताया कि नवादा जाने के क्रम में प्रीति का एक्सीडेंट हो गया था।उसके बाद उपचार नवादा में कराया गया।लेकिन डॉक्टर के द्वारा विशेष उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया ।तब पटना जाने के क्रम में 24 अप्रैल को ही रास्ते में ही प्रीति का स्वर्गवास हो गया।लेकिन हमें शक है कि प्रीति की हत्या दहेज के कारण की गई है।जिसका लिखित आवेदन थाना में देकर सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा करने का अनुरोध किया गया है। मोहन कुमार ने बताया कि मृतका की मां कुमकुम देवी के आवेदन के आलोक में कांड संख्या 104/2022 दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

## कूड़े कचरे से मोहल्लेवासियों हुए परेशान

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 08 के गुमटी रोड दुर्गा स्थान मोहल्लेवासियों को मंगलवार की शाम उस समय काफी परेशान होना पड़ा जब किसी व्यक्ति ने दुर्गा मंदिर से उतर रेलवे की परती जमीन पर किसी किराना दुकान के कचरे को संग्रह कर उसमें आग लगा दिया। फलतः कचरे में रहे सुख मिर्च आदि के आग में जलने से धुंए के साथ सम्पूर्ण मुहल्ले में मिर्च जलने की दुर्गंध फलने से लोगो को खांसी होने लगी। हवा के हल्के झोंके से आग तेजी आसपास के कचरे में फैल गया। फलतः लोगो के घरों में आग लगने की संभावना बढ़ने लगी। मोहल्लावासी संतोष कुमार जैन, अंकित जैन आदि के घरों में लोगो को काफी खांसी होने लगी। इस बीच समाजसेवी डॉ शम्भू ने खुद फावड़ा चला आग पर मिट्टी डालने लगा। सूचना बाद पूर्व वार्ड पार्षद संजय सिंह ने नगर परिषद का टैंकलोरी से पानी मंगवाकर आग पर काबू पाया। तब मोहल्लेवासियों ने रात में चैन की नींद सोया। सूत्रों की माने तो उक्त मुहल्ला स्थित कुछेक किराना दुकानदार अपने स्टोर की साफ सफाई कर कचरे को लोग रेलवे की जमीन पर फेंक कर आग लगा देते है। जिससे मोहल्लेवासियों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुरू सीबीएसई 10 वी एवं 12 की बोर्ड की है परीक्षा

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार से सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में शुरू हुआ। उक्त विद्यालय के निदेशक परमानंद ने बताया कि सीबीएसई दसवीं की परीक्षा दे रहे हैं। जबकि इन्हीं विद्यालयों के 39 छात्र-छात्राएं इंटर परीक्षा में शामिल

हुए हैं। इस दौरान परीक्षा भवन में जाने से पहले सभी परीक्षार्थियों की गहनता पूर्वक जांच पड़ताल कर अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। बता दें कि नगर के मात्र एक केंद्र पर ही सीबीएसई बोर्ड की 10 वी एवं 12 वी की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा आगामी 02 जून तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक परमानंद के अनुसार परीक्षा को शान्तिपूर्वक एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न करवाने को ले परीक्षार्थियों को कड़ाई से जांचोपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। साथ ही वीक्षक के अलावे तीसरी आंख ( सीसीटीवी कैमरे) की नजर में परीक्षा ली जा रही है।

## शराब मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार ,जेल

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के बासोचक ग्रामीण शराब मामले के आरोपी प्रमोद यादव को पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार को जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 57/22 शराब अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज था।

## बीआरपी ने लिया विद्यालय का जायजा

समाज जागरण

पकरीबरावां(नवादा) बीआरपी जयमिला कुमारी ने बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज का अनुश्रवण किया। अनुश्रवण के दौरान विद्यालय में साफ- सफाई, शौचालय एवं पेयजल की स्थिति, शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे शिक्षण कार्य आदि का अवलोकन किया गया। शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से वर्गकक्ष को रोचक बनाने की जानकारी दी गई।

## *एक अनजान से खून का रिश्ता बना देता है रक्तदान*

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, खुलकर करें महादान, लोगों को भी करें प्रेरित ।

समाज जागरण

नवादाः-(आर्यन मोहन)रक्तदान एक जीवन प्रदान करने वाली गतिविधि है। यही वजह है कि इसे ह्यमहादानह्न कहा जाता है। आपके रक्त की बूंद का हर कतरा किसी के जीवन का स्रोत बन सकता है।ऐसे में देश एवं विश्व के अनेकों नकारात्मक समाचारों के बीच ह्वदय को छू जाने जैसा एक मामला नवादा के सदर अस्पताल में देखने को मिला।दरअसल, हम बात कर रहे हैं नवादा सदर अस्पताल के रक्त बैंक की जिसमें एक ओर भदौनी के निवासी अफजल अली जो सद्भावना चौक पर बैट्री की दुकान चलाते हैं, जेबा वसी जो एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, तो दूसरी ओर शैलू कुमार जो बाल कल्याण समिति में कार्यरत हैं आदि ने स्वेच्छा से एक साथ आकर रक्तदान कर देश की गंगा-जमुनी संस्कृति को जीवित रखते हुए अस्पताल में जीवन-मृत्यु की बीच लड़ रही एक मरीज की जान बचाया।लैब के तकनीकी सहायक मिथलेश प्रसाद सिन्हा के

द्वारा तीनों ही व्यक्तियों को बारी-बारी से प्रोत्साहित किया गया एवं कहा गया कि रक्तदान महादान होता है, परंतु जब यह धर्म-जाति के बंधनों को तोड़कर किया जाता है तो मानवता को जीवित किया जाता है। भारत का वासुधैव कुटुंबकम का नारा और हजारों वर्षों का इतिहास इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।बाल कल्याण समिति के शैलू कुमार ने कहा कि शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है और ह्वदय रोग, कैंसर जैसे घातक बीमारियों का खतरा कम होता है।उन्होंने कहा हर समस्या का का कुछ न कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है। लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। जब ब्लड बैंक में रक्त होगा, तभी लोगों की जिंदगी भी बचाई जा सकती है।समाजसेवी जेबा वसी ने कहा कि जब किसी अपने का जीवन खतरे में हो तब रक्त की महत्ता समझ में आती है। आज हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में सहायक होगा। रक्त के लिए कभी किसी का जीवन समाप्त न हो इस बात की जिम्मेदारी हम सब पर है। कहा कि सभी लोगों को जागरूक करें और समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों संग किया वारिसलीगंज थाने का औचक निरीक्षण।

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- सूबे के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) सह राजगीर पुलिस अकादमी के निदेशक भृगु श्रीनिवासन एवं डीआईजी सह उप निदेशक (पुलिस एकेडमी राजगीर) नताशा गुड़िया ने बुधवार को नवादा की एसपी धुरत सायली सांवलाराम को साथ ले वारिसलीगंज थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना के दस्तावेजों एवं अंकित कांडों आदि की विस्तृत जांच की। इस दौरान मौजूद रहे पकरीबरावां के एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, थानाध्यक्ष पवन कुमार समेत पुलिस निरीक्षक जितेन्द्रनाथ समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को

लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कांडों के पर्यवेक्षण आदि से संबंधित भी कई निर्देश दिये गये। मौके पर सूबे के पांच प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारी एवं वारिसलीगंज थाने के कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। सूबे के अन्य थानों का विभिन्न वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में वारिसलीगंज थाने का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा तकरीबन दो घंटे तक थाना का निरीक्षण किया गया।

## वर्ड पावर चैंपियनशिप के सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

पकरीबरावां(नवादा )

समाज जागरण

वर्ड पावर चैंपियनशिप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के दो बच्चे चयनित हुए हैं। बुधवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र, पकरीबरावां की बीआरपी जयमिला कुमारी ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के अभिषेक कुमार एवं आरती कुमारी राज्य द्वारा जारी परिणाम में नवादा जिले से सेलेक्ट हुए। बच्चों ने ग्रेड तुन एवं ग्रेड पांच में सफलता पाई। बच्चों को गिफ्ट पैकेट भेजे गए। बच्चों के हौंसले को बढ़ाने के लिए बीआरपी के हाथों

उन्हें पुरस्कृत कराया गया। बीआरपी ने दोनों सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को कहा कि समय- समय पर विभाग द्वारा जारी निदेर्शों के अनुरूप प्रतियोगिताएं कराई जाती है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक बच्चों को शामिल कराया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, फरहत जहां, धीरज कुमार, पंचम कुमार, शिक्षा सेवक मुश्ताक आलम, रसोइया शारदा शर्मा, रीता देवी, सेमपुल देवी, मारो देवी आदि उपस्थित थे।

## रमजान एक पवित्र पर्व है ,सियासत पार्टी मुस्लिमो को बुला कर पिकनिक मनाने लगे हैं।

समाज जागरण

नवादा ।एजाज अली मुन्ना कांग्रसी नेता ने कहा कि रमजान एक पवित्र पर्व है इसमें पाप और साफ होकर पूरा रमजान का रोजा रखा जाता है जोर शोर से कुरान की तिलावत नवाज तराबी पढ़ा जाता है अफ्तार इसे भी महत्वपूर्ण है कि रोजा खोलने से 10 मिनट पहले अफ्तार रख के दुआ करते है और उस वक्त की दुआ कबुल होती है सियासत पार्टी दावत.ए. अफ्तार के नाम पर मुसलमान के पवित्र अफ्तार को मजाक बना रहे है अफ्तार को नेमत है उसे साफ सूती जगह पर रोजोदार को साफ सुथरी जगह पर बैठाकर करते है अफ्तार कराने से पूर्व आलिमो ओलमा को बुलाया जाता हैं रोजा खोलने बीस मिनट पहले अफ्तार की फजीलत बयान होती है रोजा खोलने से पांच मिनट पहले दुआ होती है सियासत पार्टियां अफ्तार की बढ़ोतरी कर रहे है दावते अफ्तार के नाम पर मुसलमानों को बुलाकर पिकनिक मना रहे है गंदी जगह पर अफ्तार करा रहे हैं अफ्तार को लांघ लाँघ कर इस पार से उस पार हो रहे है अफ्तार में महिला विधायक बिना सर ढके अफ्तार को बधहोतमी करते हुए नजर आ रहे है मैं इसका विरोध करता हु और चेतावनी देता हु अफ्तार के नाम पर पिकनिक न मनाये अगर इन्हें इतना ही सौक है दावत अफ्तार करने में तो नवादा में बड़ी बडी आदरे है जिनके रहबर मो अफजली कमाल पुर अंसार नगर मो नजीर करीम मस्जिद पक्की तालाब नौमान जमाली फैजुल बाड़ी भदौनी इनसे भेट कर दावतें अफ्तार की साम्रगी राशि और उनसे निवेदन कर कहे रोजदार को और अल्लिम ओलमा दावतें अफ्तार में बुलाये और आप भी सरीफ हो जाय और आपके द्वारा अफ्तार पार्टी दिए आपका नाम के ऐलान हो जयेगा और अफ्तार की सारी फराज पूरी हो जाएगी मुसलमान एक पहनावा भि वह अपमानित किया जा रहा है कंधो पर जो रुमाल रखा जा रहा वह अलीम ओलमा की पहनावा है जिसको नापाक ब्यक्ति के कंधों पर रख दिया जा रहा है इतना ही मुस्लिम से मोहब्बत है तो मुसलमान लड़की के पहनावा हिजाब का विरोध हो रहा है उसके सरकार के उंगली उठाये और मुस्लिम बच्चें बच्चिया की पढ़ाई के लिये राशी ज्यादा उपलब्ध कराए और मुस्लिम लोग को नौकरी एवं बेरोजगारी दूर कराए ।

## धार्मिक कटुता फैला रहे है मदनपुर थानाध्यक्ष , थानाध्यक्ष के कुकृत्य से कलंकित हो रहा है मदनपुर का सौहार्द्र ।

समाज जागरण

औरंगाबाद ( अजय कुमार पाण्डेय) रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी सह समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह ने कहां है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत मदनपुर में मदनपुर थानाध्यक्ष द्वारा खुद के ब्यान पर आई0टी0 एक्ट के तहत मदनपुर के नौजवानों और नाबालिग युवकों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है, तथा उनके भविष्य के साथ जो थानाध्यक्ष खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे है ! वो बर्दास्त नही किया जाएगा ! मदनपुर में प्रत्येक वर्ष श्री राम जन्मोत्सव महानुष्ठान समिति के द्वारा रामनवमी के अवसर पर झाँकी निकाली जाती है। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रामनवमी पर 11 अप्रैल 2022 को शांतिपूर्ण वातावरण में झाँकी का आयोजन किया गया, और थानाध्यक्ष के निदेर्शानुसार निर्धारित क्षेत्र से होकर जुलूस गुजरा ! जुलूस आपसी भाईचारे और पूरे सौहार्द पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ, तथा थानाध्यक्ष ने समिति के लोगो को धन्यवाद भी दिया ! जुलूस के अगले दिन 12 अप्रैल 2022 को सोशल - मीडिया के एक पोस्ट को आधार बनाकर खुद के बयान पर थानाध्यक्ष द्वारा प्राथमिकी दर्ज किया जाता है, और उसमें मदनपुर के नाबालिग और युवा को नामजद बनाया जाता है, जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगो ने इस संबंध में अपनी कोई शिकायत जिला के किसी भी अधिकारी के पास दर्ज नही कराई है । इसलिए यह दशार्ता है कि थानाध्यक्ष को मदनपुर की धरती का आपसी सौहार्द बर्दास्त नहीं हो रहा है। थानाध्यक्ष मदनपुर ऐसी कार्यवाई कर के लोगो के बीच कटुता फैलाने का काम कर रहे है ! थानाध्यक्ष का ये कु - कृत्य बर्दास्त नहीं किया जाएगा।थानाध्यक्ष के इस कु - कृत्य से मदनपुर कलंकित हो रहा है, और मदनपुर की जनता मदनपुर को कलंकित नहीं होने देगी ! मुस्लिम समुदाय के लोगो को भी इससे कोई समस्या नहीं है। मदनपुर में दोनों समुदाय के लोग आपसी तालमेल और भाईचारे के साथ रहते है ! जिसे बिगाड़ने का काम थानाध्यक्ष के द्वारा किया जा रहा है। थानाध्यक्ष का ये कृत्य बर्दास्त नहीं किया जाएगा ! श्री सिंह ने कहा है कि जिस फोटो को आधार बनाकर थानाध्यक्ष ने नाबालिगों और युवाओं पर प्राथमिकी दर्ज किया है, वो निराधार है। फोटो में जो झंडा दिखाई दे रहा है ! वो मस्जिद से 20 फीट की अधिक दूरी पर बैरिकेटिंग के पास लगा हुआ है ! रामनवमी जुलूस के दौरान उसी झंडे का फोटो सोशल - मीडिया पर युवाओ ने डाला था ! बिना जाँच किए फोटो को आधार बनाकर थानाध्यक्ष ने युवाओं पर प्राथमिकी किया है ! इस आशय की जानकारी औरंगाबाद के पुलिस - अधीक्षक, कांतेश कुमार मिश्रा को भी समिति ने दी है, और इस पर स्वय जाँच करने की बात भी कही है। इसलिए मैं एस0पी0 से माँग करता हूं कि मामले की जाँच हो, और नाबालिग युवाओ पर दर्ज झुठी प्राथमिकी थानाध्यक्ष द्वारा वापस लिया जाए ! अन्यथा मदनपुर की जनता थानाध्यक्ष के खिलाफ आंदोलन के लिए बाध्य होगी ! थानाध्यक्ष मदनपुर चाहते है कि मदनपुर में आपसी कटुता फैलाकर धार्मिक आयोजनों पर रोक लगा दिया जाए ! ऐसा मदनपुर की जनता नहीं होने देगी ! जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन के साथ थाना का भी घेराव भी किया जाएगा। जिसका रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सह समाजसेवी प्रमोद कुमार सिंह द्वारा प्रेस विज्ञप्ति भी जारी किया गया है ।

## सीतारामपुर गांव में पेयजल की समस्या के समाधान के लिए विधायक को दिया ज्ञापन।

समाज जागरण

नारदीगंज, नवादाः-प्रखंड के ओड़ो पंचायत की सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्र ने बुधवार को नवादा विधायक विभा देवी व नवनिर्वाचित विधान पार्षद अशोक यादव को ज्ञापन देकर ओडेक्स मशीन से बोरिंग कराकर पेयजल की समस्या को समाधान करने का अनुरोध किया है।उन्होंने कहा है कि समस्या समाधान नहीं होने पर आगामी 5 मई 22 को विधायक आवास पर आमरण अनशन करने की बात कही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक व विधान पार्षद ने सीतारामपुर गांव में पेयजल की ज्वलंत समस्या को समाधान करने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया श्री मिश्रा को आश्वासन दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया श्री मिश्रा ने बहुत ही विनम्रता से अनुरोध के साथ ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि नारदीगंज प्रखंड के हंडिया पंचायत की अनुसूचित गांव सीतारामपुर में पानी के घोर समस्याओं है, इस गांव में 1500 से अधिक आबादी मांझी परिवार की है। यह अनुसूचित गांव बनगंगा से जेठीयन जानेवाली सड़क मार्ग में

राजगीर की पहाड़ी के किनारे में बसें हुए हैं। कहतें हैं कि कई दफा डीएम महोदय, पदाधिकारियों ,समाजसेवियों पत्रकार बंधुओं,को भी उस गांव में पेयजल समस्या के समाधान के कहा गया ।तब पहाड़ी चापाकल भी लगा,लेकिन वह कारगर साबित नहीं हो रहा है,आज भी सीतारामपुर के ग्रामीण आज भी पानी के लिए तरस रहें हैं।ऐसे में उस गांव में ओडेक्स मशीन से बोरिंग होने पर ही ग्रामीणों का पेयजल संकट से निजात मिलेगी। मौके पर वरिष्ठ नेता अनिल प्रसाद सिंह,उज्ज्वल पांडेय,संजय मारुति,बाल्मीकि यादव,शम्भू विश्वकर्मा, रविन्द्र यादव समेत अन्य मौजूद रहें। उल्लेखनीय हैं कि 24 अप्रैल 22 को सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया श्री मिश्रा ने सीतारामपुर गांव में पेयजल समस्या के हल होने पर ही जूता चप्पल पहननें का संकल्प की खबर समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था,तब पीएचडी कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, बीडीओ अमरेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जेई प्रेम कुमार ने 25 अप्रैल को सीतारामपुर गांव में पेयजल समाधान के लिए स्थलीय निरीक्षण भी किया था। इस संबंध में बुधवार को पीएचडी कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने कहा इस गांव में खराब पड़े चापाकल की मरम्मती के लिए मरम्मती दल को भेजा गया है। साथ ही गुरुवार से पानी की ट्रंकलोरी गांव में भेजी जाएगी, और तत्काल दो तीन नये पहाड़ी चापाकल लगाया जायेगा। साथ ही साथ 28 अप्रैल को स्वयं गांव पहुँचकर स्थलीय जांच के बाद ओडेक्स मशीन से बोरिंग भी कराने की बात कही।

## बदमाशों ने रुपए भरा थैला समेत युवक का किया अपहरण, राशि छीन मारपीट कर वाहन से फेंका

### वारिसलीगंज एसबीआई शाखा के पास से बदमाशों ने चार चक्के की वाहन से युवक का किया था अपहरण

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज बाजार के मेन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में पैसा लेकर जमा करने जा रहे ठेरा ग्रामीण बच्चा सिंह का 30 बर्षीय पुत्र चुनचुन सिंह को चार की संख्या में रहे बदमाशो ने बैंक गेट के पास से खींचकर चार चक्का वाहन में लेकर चलते बना। बाद में युवक को मारपीट करते हुए पास रहे थैले से एक लाख 60 हजार रुपये छीनकर लेने के बाद बदमाशो ने उसे को चलती गाड़ी से धक्का देकर शाहपुर मोड़ के आसपास बाहर फेंक दिया। बाद में बेहोश पड़ा युवक को बाली गांव का एक व्यक्ति उसके परिजनों को सूचना देते हुए इलाज के लिए वारिसलीगंज पीएचसी लाया गया। घटना बुधवार की सुबह करीब 11:30 बजे के करीब घटी। प्राथमिक चिकित्सा उपरांत युवक को बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी भेजा गया। पीएचसी में इलाज के दौरान पीड़ित युवक ने बताया की उसका हार्वेस्टर मशीन चलता है। जिससे हुई कमाई का एक लाख 60 हजार रुपए बैंक में जमा करने आया था। बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर रुपये भरा थैला लेकर बैंक शाखा में प्रवेश द्वार के पास पहुंचने से पहले

चार की संख्या रहे अज्ञात बदमाशो ने थैला समेत युवक को खींचकर एक कार में बिठाकर तेजी से भाग निकला। इस दौरान बदमाशों ने युवक को वाहन में ही मारपीट कर अधमरा कर दिया। जख्मी युवक के अनुसार उसे एसएच 83 पथ में बाली-शाहपुर के बीच चलती वाहन से बाहर फेंक दिया। बाद में बाली गांव का किसी व्यक्ति ने पीड़ित के घर फोन कर घटना की सूचना दिया। परिजनों ने इलाज के लिए चुनचुन को स्थानीय पीएचसी लाया। जहां प्राथमिक चिकित्सा उपरांत जख्मी को बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी भेजा गया। इधर नगर क्षेत्र में लगातार घट रही चोरी, छिनतई की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए ठेरा पंचायत की मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के आपराधिक घटनाओं में बृद्धि से आम जन परेशान है। इन घटनाओं पर पुलिस को गंभीरता होकर कार्यवाई की मांग किया है। दूसरी ओर स्थानीय थाना के एएसआई मुन्नीलाल पासवान ने कहा कि घटना की सूचना बाद बैंक का सीसीटीवी फुटेज जांच किया। जिसमें देखा गया कि पीड़ित व्यक्ति 10:40 बजे बैंक शाखा में प्रवेश किया है। जहां जमा पर्ची का फार्म भरकर करीब 10 मिंट तक कतार में खड़ा रहा। इसी बीच दो अन्य लड़के बैंक में प्रवेशकर उससे बात चीत किया। फलतः चुनचुन कतार से निकलकर युवक के साथ बैंक से बाहर निकल गया। उसके बाद सीसीटीवी कैमरे की सीमा समाप्त हो गई।

## विधायक ने की ऑयल मिल का उद्घाटन ।

समाज जागरण

पकरीबरावां(नवादा)पकरीबरावां प्रखंड के धमौल पंचायत के अंजुनार गांव में बुधवार को श्याम ऑयल मिल का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय विधायक अरुणा देवी ने मिल का उद्घाटन की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ऑयल मिल के उद्घाटन से आसपास के बाजारों में शुद्ध सरसों के तेल उपलब्ध होंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्र के साथ- साथ आसपास के छोटे शहरी इलाके के लोगों को शुद्ध तेल मिल सकेगा।

उन्होंने कहा आज देश आत्मनिर्भर हो रहा है। इस तरह के लघु उद्योग गांवों में स्थापित होने से लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

मिल के प्रोपराइटर सुबोध कुमार सदय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के ऑयल मिल स्थापित कर न केवल क्षेत्र में सरसों तेल में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, बल्कि रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि शुद्ध सरसों के तेल बोतलों एवं टीन में पैक कर बाजारों में उतारा जाएगा। बिहार के अलावे राजस्थान से सरसों के आयात की बात कही।

इस मौके पर उप प्रमुख धर्मराज सिंह, मुखिया रामरूप यादव, पंसस उपेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया शकलदेव सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र पांडेय, दीपक कुमार दीप्ति, रामहित सिंह, धनंजय सिंह, बुलबुल सिंह, मोहन कुमार सिंह, राजनीति शर्मा आदि थे।

## *समाज में बढ़ते पारिवारिक मामले चिंता का विषयको लेकर जिला विधिक संघ औरंगाबाद में होगा सेमिनार।

समाज जागरण

औरंगाबाद ( अजय कुमार पाण्डेय) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे परिवार - न्यायालय के प्रधान - न्यायाधीश, कृष्ण कांत श्रीवास्तव, अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः ( बिहार ) मंगलवार को जिला - विधिक - संघ औरंगाबाद की कार्य - समिति की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला - विधिक - संघ, औरंगाबाद अध्यक्ष, रसिक बिहारी सिंह एवं मंच संचालन, महासचिव, नागेन्द्र सिंह ने किया ! महासचिव ने परिवारिक मामलों पर सेमिनार आयोजित करवाने की बात कही, जिसे अध्यक्ष के अनुमति से कार्य - समिति के सदस्यों के ध्वनि मत से अनुमोदन कर स्वीकार कर शिघ्र ही सेमिनार आयोजित करवाने की बात कही ! जिला - विधिक - संघ, औरंगाबाद के पुस्तकालयाध्यक्ष ( लाईब्रेरी अध्यक्ष ) चंद्रकांता

कुमारी के लाईब्रेरी में बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रशंसा करते हुए भी बधाई दी गई ! कार्य - समिति के उपस्थित सभी सदस्यों ने जिला - विधिक - संघ, औरंगाबाद का बिचला गेट स्थाई रूप से खुलवाने हेतु जिला - विधिक - संघ औरंगाबाद अध्यक्ष तथा महासचिव को भी बधाई दी ! जिला - विधिक - संघ, औरंगाबाद के नव - निर्माण की समीक्षा रिपोर्ट पेश किये गये तथा कोषाध्यक्ष, नवीन कुमार द्वारा नव - निर्माण मरम्मती, नये समान क्रय का ब्यौरा भी दिया गया, जिसे पास भी किया गया, और कार्य। - समिति के सभी सदस्यों से अपील किया गया कि जिला - विधिक - संघ, औरंगाबाद का मान - सम्मान बढ़ाने में सदेव प्रयासरत रहे ! सभी सदस्य अपने कर्त्तव्य और जिम्मेदारी का निर्वाहन भी ईमानदारी पूर्वक करें ! जिसकी जानकारी कार्यकारणी सदस्य सह मीडिया - प्रभारी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दिया ।

## आर्थिक अपराध इकाई की टीम द्वारा दो भ्रष्ट अधिकारियों के आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी जारी।

### जिले के तत्कालीन सी0ओ के ठिकाने पर छापेमारी के खबरों से जिले मे भ्रष्ट अधिकारियों के उड़े होश।

औरंगबाद (अनिल कुमार मिश्र)जिले के बारूण अंचल का तत्कालीन सी०ओ० के आवास व अन्य ठिकानो पर छापेमारी के खबरों से जिले में भ्रष्टाचारियों के उड़े होस। आर्थिक अपराध इकाई की टीम द्वारा बिहार के औरंगाबाद जिले के बारूण का तत्कालीन सीओ और बिहार के एक थानाध्यक्ष के आवास व अन्य ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले मे छापेमारी से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। औरंगाबाद जिले के एक अधिकारी के यहाँ छापेमारी के खबरों से जिले के भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा लूट व अपराध के संरक्षक थानेदारों का होस उड़ गयें है और पत्रकारों से दबे जूबान लोग पुछ रहे हैं, कहीं और छापेमारी होने वाला तो नहीं है,आपलोगों को जानकारी तो होगा, जैसे आय से अधीक संपत्ति अर्जित करने के मामले में इनके आवास और अन्य ठिकानो पर आर्थिक अपराध इकाई की टीम द्वारा अभी -अभी तुरंत छपा पड़ने वाला हो।

आर्थिक अपराध इकाई की टीम द्वारा बिहार के दो भ्रष्ट अधिकारियों के ठिकाने पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में छापेमारी जारी हैं जिसमें जिले के वारूण अंचल का सीओ बसंत कुमार राय और थानाध्यक्ष कृपा शंकर साह शामिल है । आर्थिक अपराध इकाई के सूत्रों का हवाले से मिल रहे जानकारियो के अनुसार सीओ बसंत

## *कजरा के जंगलों में लगी आग,वन्य जीव भागने के क्रम में ट्रेन की चपेट में।

**समाज जागरण(डा आर लाल गुप्ता)**

विगत कई दिनों से कजरा के जंगलों में लगी आग से भयभीत हो जंगल में निवास करने वाले वन्य प्राणियों के जान के लाले पड़ गए हैं।वे अपना जान बचाने के खातिर अपना स्थायी निवास जंगल छोड़कर गांव व बजारों की ओर दौड़ लगाने लगे हैं। इसी क्रम में एक विशालकाय हनुमान बंदर की मौत कजरा-उरेन सड़क मार्ग पर लखना मोड़ के पास हो गई,जब संभवतः वह रेलवे ट्रेक पास कर रहा होगा। इसकी संभावना कजरा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने भी अपने ओर से व्यक्त किया है। जानकारी हो कि बुद्ध वार के अहले सुबह जब महावीर डेंटल केयर के चिकित्सक डा. मानस निखार की मां इन्दु बाला गुप्ता ने कजरा-उरैन सड़क मार्ग पर सुबह 5:30बजे नित्य की भांति घुमने के लिए निकली तो सड़क किनारे सिर कटा हनुमान बंदर पर उनकी नजर पड़ गई।इसी दौरान मार्निंग वाकिंग में गये रोजी,अशोक, एवं प्रदीप साव वहां पहुंच गये।फिर अनेकानेक की जानकारी के बाद यह खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते लोगों ने कुछ धन इकट्ठा कर हनुमान बंदर के शव को हिन्दू रिति-रिवाज के राम नामा चादर बिछा लाल कफन में ढंककर बाजार भ्रमण करवाकर अंतिम संस्कार किया। हालांकि हनुमान बन्दर की मौत पर लोगों ने उसके सिर को स्मगलिंग किये जाने की भी संभावना जताया। जो अनुसंधान का विषय हो सकता है।

## अंचल कार्यालय का किया गया निरीक्षण

**(चानन) समाज जागरण**

विभागीय निर्देश के तहत बुधवार को उपविकास आयुक्त निखिल धनराज एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी परमानंद कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अंचल कार्यालय के विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन किया गया।जिसमें दाखिल

खारिज,परिमार्जन,नापी,अतिक्रमण, दखल दहानि,आरटीपीएस की जांच की गई।वहीं बंदोबस्ती के दौरान मोहनपुर गांव के पांच लोगों शोभा देवी,शांति देवी,अवरी देवी व अन्य को जमीन का पर्चा दिया गया।वहीं निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रबंधन संतोषजनक पाया गया एवं साथ ही कार्यालय के लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी दिलीप कुमार ने उपस्थित रहे।

## बिहार के कई जिलों में अपराधियों का बोल बाला चरम सीमा पर है - सत्येन्द्र रंजन ।

**समाज जागरण**

अरवल (मृत्युंजय कुमार) जहानाबाद ज़िला मुख्यालय के मुख्य शहर में श्रीराम होटल के मालिक अभिराम शर्मा को अपराधियों के द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या किये जाने पर अरवल ज़िला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने घोर निंदा करते हुए कहा कि श्रीराम होटल के मालिक अभिराम शर्मा को अपराधियों के द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है इसकी जितनी भी निंदा किया जाय वह कम होगा, उन्होंने कहा कि

इस निर्मम हत्या कांड में सभी संलिप्त अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय गठित कर स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को शीघ्र कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय ताकि अपराधियों को इस तरह की घटना करने की पुनरावृत्ति की हिम्मत नहीं हो । बिहार सरकार पर प्रतिक्रिया करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला चरमसीमा पर है , बेखौफ होकर अपराधी घटना को अंजाम देकर चलते बनता है पुलिस प्रशासन को घटना के बारे में भनक भी नही लगती है । आये प्रतिदिन प्रदेश में कुछ न कुछ अप्रिय घटनाएं घट रही है ।पुलिस प्रशासन से अपराधियों का भय समाप्त हो चुका है ।

## नीरा बॉटलिंग प्लांट में आज से नीरा की बॉटलिंग हुई प्रारंभ, नालंदा जिलाधिकारी ने बॉटलिंग प्लांट का किया निरीक्षण ।

**समाज जागरण**

नालंदा(ए. स.) बिहार शरीफ के बाजार समिति परिसर स्थित कॉम्फेड द्वारा संचालित नीरा बॉटलिंग प्लांट में वर्तमान नीरा सीजन में आज से नीरा की बॉटलिंग प्रारंभ हो गई ।पहले दिन दीपनगर, करियन्ना एवं इतासंग

स्थित बल्क नीरा चिलिंग सेंटर से लगभग 1500 लीटर रॉ नीरा बॉटलिंग प्लांट में तीन रेफ्रिजरेटेड वाहनों से पहुंचा। प्राप्त नीरा को पाश्चुराइज करने के उपरांत 200 मिलीलीटर के लगभग 7500 नीरा के बॉटल तैयार किये जाएंगे।

जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने आज नीरा बॉटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने बॉटलिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली। उन्होंने डीपीएम जीविका को प्रतिदिन न्यूनतम 1500 लीटर नीरा की आपूर्ति बॉटलिंग प्लांट को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस बॉटलिंग प्लांट की अधिकतम क्षमता 4000 लीटर प्रतिदिन की है ।पाश्चराइजेशन के उपरांत बोतल में पैक कर नीरा का विक्रय नालंदा एवं पटना के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा जिसके लिए वितरकों की नियुक्ति बिहार स्टेट मिल्क कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड द्वारा की गई है ।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नालंदा डेरी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पीके सिंहा डीपीएम जीविका सहित विभिन्न प्रखंडों के बीपीएम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## सीएसपी संचालक के स्टाफ का 6 लाख 75 हजार रुपये छिनकर उचक्के फरार ।

**समाज जागरण**

नवादा( आर्यन मोहन)नवादा शहर में छिनतई की एक बड़ी घटना हुई है। पकरीबरावां तीन नंबर बस पड़ाव के समीप बाइक सवार को धक्का मारकर बदमाशों ने 6 लाख 75 हजार रुपये भरा थैला छिनकर फरार हो गया। रुपये सीएसपी संचालक का था। संचालक का स्टाफ भारतीय स्टेट बैंक की नवादा मुख्य शाखा से रुपये की निकासी कर कौआकोल जा रहे थे। तभी बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

बताया गया कि कौआकोल थाना क्षेत्र के सखोदेवरा गांव के धर्मवीर कुमार पिता प्रदीप प्रसाद और कुंदन कुमार पिता अरविंद साव शाम करीब 3:45 बजे एसबीआइ की मुख्य शाखा से रुपये की निकासी कर कौआकोल के लिए चले थे। नवादा से कौआकोल के रास्ते में बढ़ने पर पकरीबरावां तीन नंबर बस पड़ाव के पास पहुंचते ही अज्ञात बदमाशों ने

इन लोगों के बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गिर पड़े। इसके बदमाशों ने रुपये भरा थैला छिन लिया और बाइक से कादिरगंज की ओर भाग निकले। बाइक सवार बदमाशों की संख्या तीन बताई गई है। इन लोगों के चीखने-चिल्लाने का कोई असर नहीं हुआ। जबतक आसपास के लोग कुछ समझ पाते बदमाश नजरों से ओझल हो चुके थे। छिने गए रुपये सखोदेवरा गांव के सीएसपी संचालक रंजीत कुमार का बताया गया है। रंजीत का कौआकोल व रूपौ बाजार में सीएसपी की शाखा संचालित है। घटना की लिखित सूचना नगर थाना को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि नवादा सहित जिले के अन्य शहर बाजार में इस प्रकार की घटना आम हो गई है।

## नरहट में 01 करोड़ 12 लाख की योजना पारित, पंचायत समिति की बैठक में मिली स्वीकृति ।

**समाज जागरण**

नवादा(का. स.)नवादा जिले के नरहट प्रखंड सभागार में बुधवार को 15 वीं एवं छठी वित्त आयोग की राशि से योजना चयन के लिए पंचायत समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रमुख किरण देवी ने की। बैठक में विभिन्न पंचायतों से आये पंचायत समिति सदस्यों ने अपनी बातें रखी। सर्वसम्मतिसे 1.12 करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी गई। योजना चयन के लिए प्रमुख को अधिकृत कर दिया गया। बीडीओ राजमिति पासवान ने बताया कि 15 वीं वित्त आयोग से 66 लाख 66 हजार एवं छठी वित्त आयोग से 46 लाख 24 हजार की योजना पारित की गई।

बैठक में उपस्थित विधायक नीतू देवी ने कहा कि सबसे महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। जो पात्र हैं, उनको आवास मिलना चाहिए। अगर गड़बड़ी हुई तो जांच कराई जाएगी। जिसका मकान घास, फूस, मिट्टी का है उनको आवास मिलना चाहिए। सभी जनप्रतिनिधियों का एक ही उद्देश्य है

कि क्षेत्र का विकास हो। क्षेत्र में बिजली की समस्या को भी विधायक ने उठाया और अगली बैठक में बिजली विभाग के कार्यपालक,सहायक व कनीय अभियंता को बुलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल नल योजना की भी खराब स्थिति है। कहीं नल है तो जल नहीं, कहीं जल है तो नल नही, इसपर ध्यान दिया जाय। गर्मी में ग्रामीणों को पानी की समस्या नही होनी चाहिए। एक सवाल पर पीओ जयदेव कुमार ने पंस सदस्यों को आश्वस्त किया कि मनरेगा योजना का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। इस मौके पर उपप्रमुख अर्जुन चौधरी, कमरून निशा, सरिता कुमारी, अनामिका अतुल्य, शाहीन परवीन, सुलेखा कुमारी, सोनी कुमारी, अख्तर जर्रा, मुखिया धनन्जय कुमार, अजय मिस्त्री, निर्मला देवी, उपमुखिया पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

## नवादा डीएम ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का किया विस्तृत समीक्षात्मक बैठक

**समाज जागरण**

नवादा (आर्यन मोहन)यश पाल मीणा जिला पदाधिकारी नवादा ने हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तृत समीक्षात्मक बैठक की। प्रधानमंत्री आवास योजना, इंदिरा आवास योजना, मनरेगा, शिक्षा, आपूर्ति, आईसीडीएस, अंचल, श्रम, सहकारिता, कल्याण आदि विभागों के द्वारा संचालित सभी योजनाओं का बिंदुवार समग्र समीक्षात्मक बैठक किये। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे सभी आवास सहायक से उनके द्वारा किये गए कार्यकलापों का बिन्दुवार समीक्षा किये। उन्होंने सभी आवास सहायक को सख्त निर्देश दिये कि ईमानदारी से कार्य करते हुए ससमय निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्ता के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य सुनिश्चित करें। सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना की समीक्षा की गयी। प्रखंड के एमडीएम प्रभारी अमरजीत कुमार ने बताया कि चावल के गुणवत्ता ठीक नहीं रहने के कारण चावल उठाओ नहीं किया

गया है। जिलाधिकारी ने तत्काल एजीएम से चावल मंगाकर गुणवत्ता की जांच कराये जो सही पाया गया। उन्होंने उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी और डीएसओ श्री अजय कुमार प्रभाकर को संयुक्त रूप से चावल की जॉच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिये। सभी हल्कावार म्यूटेशन की गहन समीक्षा की गयी। लंबित म्यूटेशन के संबंध में आवश्यक जॉच करने का निर्देश दिया गया। प्रखंडों में संचालित सभी पीडीएस दुकानों की जॉच कराने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महादलित टोलों में जाकर पीडीएस दुकानों से दिये जा रहे अनाज को निर्धारित दर और मात्रा के अनुसार प्रत्येक माह उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला अधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए । बैठक में उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, संतोष कुमार निदेशक डीआरडीए, अजय कुमार प्रभाकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, रितेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी, लवकेश कुमार अंचलाधिकारी, आरओ, राजस्व अधिकारी के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जूम एप के माध्यम से जिले सभी सीएचओ को ऑनलाइन दिया जाएगा प्रशिक्षण

## *सुरक्षित प्रसव एप और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर सीएचओ को दिया जाएगा प्रशिक्षण*

### मातृ स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को दिए आवश्यक निर्देश

**लखीसराय, समाज जागरण**

सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए शासन-प्रशासन हर स्तर पर गंभीर और सजग है। जिसे सुनिश्चित करने को हर जरूरी फैसले भी लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर तैनात नवनियुक्त सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी) को सुरक्षित प्रसव एवं और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जूम एप के माध्यम से ऑनलाइन दिया जाएगा। जिसमें सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित प्रसव एप संचालन की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण की सफलता को लेकर मातृ स्वास्थ्य के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सरिता ने पत्र जारी कर प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिसमें शत-प्रतिशत प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा है। शत-प्रतिशत प्रतिशत प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर दिए गए हैं निर्देश :

सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र चौधरी ने बताया, सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी नवनियुक्त सीएचओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी प्रशिक्षित सीएचओ सुरक्षित प्रसव एप का बेहतर तरीके से संचालन कर सकें और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वहीं, उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिसमें सभी को अपने-अपने स्तर से जरूरी पहल करने को कहा गया है।

28 अप्रैल को जिले के नवनियुक्त सीएचओ को दिया जाएगा प्रशिक्षणः डीपीएम मोहम्मद खालिद हुसैन ने बताया, उक्त प्रशिक्षण तीन बैच में दिया जाएगा। जो 27 से 29 अप्रैल तक जूम एप के माध्यम से ऑनलाइन दिया जाएगा। जिले के सीएचओ को 28 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शत-प्रतिशत प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर सभी प्रतिभागी को प्रशिक्षण में शामिल होने को कहा गया है। वहीं, उन्होंने बताया, प्रशिक्षण की सफलता को लेकर जरूरी तैयारी की गई है। ताकि प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो और सभी प्रतिभागी सुविधाजनक तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।

## *नागरिकों एवं भू धारियों को भूमि संबंधी मामलों का पारदर्शिता पूर्ण, समय एवं त्वरित निष्पादन के साथ सुविधा प्रदान करना राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अभीष्ट उद्देश्य*

**समाज जागरण**

गया (गजेन्द्र कुमार)इस दिशा में विभिन्न विभागीय विषयों एवं मामलों के निष्पादन में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से उन्नत नव विचार स्थापित किया गया जिससे संबंधित हितबद्ध भू धारियों को सुविधाएं प्राप्त हुई है। तथापि विभिन्न स्त्रोतों से एवं कई स्तरों से समय-समय पर विभिन्न भूमि संबंधी मामलों का अंचल कार्यालय स्तर पर निष्पादन में विलंब, त्रुटि पूर्ण निष्पादन इत्यादि की शिकायतें प्राप्त हो रही है। यह परिलक्षित हुआ है कि जिला अंतर्गत अंचल कार्यालयों के अधीन भूमि से संबंधित विभिन्न मामलों एवं समस्याओं के निष्पादन में विभाग द्वारा निर्धारित किए गए समय सीमा का अनुपालन अंचल कार्यालय स्तर पर नहीं किया जा रहा है। ऐसा भी सूचना प्राप्त हो रहा है कि जिन मामलों में अंचल कार्यालय स्तर पर निष्पादन की कार्रवाई हुई है, उन मामलों में भी कई त्रुटियां जानबूझकर छोड़ दी जा रही है, जिससे अनेक प्रकार की समस्याएं हितबद्ध भू धारियों के समक्ष उत्पन्न हो रही है। यह स्थिति किसी भी दृष्टिकोण से उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं है। उक्त तथ्यों की विचारोंप्रांत जिला अंतर्गत सभी अंचल कार्यालयों का आज एक दिवसीय औचक निरीक्षण किया गया , जिससे नागरिकों की भूमि संबंधित राजस्व विभागीय कार्यों का अंचल कार्यालय स्तर पर निष्पादन की स्थिति एवं गुणवत्ता की जांच की गयी।

गया जिला के सभी अंचलों में आम नागरिकों के अंचल कार्यालय से संबंधित समस्याओं के संबंध में विभिन्न विषय यथा ऑनलाइन भूमि दाखिल खारिज, ऑनलाइन भूमि जमाबंदी का परिमार्जन, सरकारी भूमि, सार्वजनिक तथा जल निकायों से अतिक्रमण हटाना, भूमि दखल कब्जा प्रमाण पत्र, जाति आवासीय आय प्रमाण पत्र, क्रीमीलेयर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना, लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत पारित आदेशों का अनुपालन की स्थिति, ऑपरेशन भूमि दखल देहानी, गृहस्थल/ वास भूमि बंदोबस्ती एवं भू मापी के अंतर्गत आवेदनों का निष्पादन शामिल है।

इसी परिपेक्ष में आज जिला

पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम द्वारा सदर अनुमंडल अंतर्गत गया सदर अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

ऑनलाइन म्यूटेशन के लंबित आवेदनों की जानकारी लेने पर बताया गया कि वैसे मामले जो 60 दिनों से ऊपर लंबित है उनमें कुल 374 आवेदन है। वर्तमान माह में लगभग 1500 म्यूटेशन के आवेदनों को जांच करते हुए स्वीकृत किया गया है।

परिमार्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लगभग 21 हजार आवेदन परिमार्जन के प्राप्त हुए थे, जिसके एवज में 5088 आवेदन लंबित हैं।

म्यूटेशन एवं परिमार्जन के आवेदनों के डिस्पोजल में धीमी प्रगति को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि लापरवाही गैर जिम्मेदारी एवं अनुशासनहीनता रवैया दशार्या जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप अपने अंचल का नियमित समीक्षा करते रहे।

इसके उपरांत उन्होंने अंचल कार्यालय में रखे हुए अभिलेखों का घूम घूम कर निरीक्षण किया उन्होंने परिमार्जन एवं म्यूटेशन के रेंडम ली 20-20 आवेदनों को विस्तार से जांच किया।

इसके उपरांत उन्होंने आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया। आरटीपीएस काउंटर के बाहर उपस्थित व्यक्तियों /आवेदकों से आरटीपीएस काउंटर के बारे में जानकारी प्राप्त किया।

कुछ आवेदकों द्वारा आरटीपीएस काउंटर के माध्यम से किए जा रहे कार्यों को संतोषप्रद बताया। आरटीपीएस काउंटर द्वारा आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में अंकित अंतिम तिथि के अंदर ही उन्हें संबंधित जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। कुछ आवेदकों द्वारा आरटीपीएस काउंटर पर किए जा रहे कार्यों में धीमी प्रगति की बात बताई, जिस पर जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी तथा आईटी सहायक को सख्त निर्देश दिया कि आरटीपीएस काउंटर पर जितने भी लंबित आवेदन है, उसे समय अवधि में पूर्ण करावे तथा अंचल कर्मचारी को हर दिन एक एक घंटा आरटीपीएस काउंटर पर उपस्थित रहकर विभिन्न प्रमाण पत्रों को जांच करते हुए हस्ताक्षर करवाते रहें ताकि लोगों को तेजी से प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।

सदर अंचल में कितने हल्के हैं कि जानकारी लेने पर अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सदर अंचल अंतर्गत तो कुल 33 हल्का है। उन्होंने राजस्व पदाधिकारी तथा अन्य राजस्व कर्मचारियों को एक अनुपात में हल्का का कार्य बाटने का निर्देश दिया ताकि अंचल के कार्यो को तेजी से निष्पादित किया जा सके।

उन्होंने अंचलाधिकारी तथा आरटीपीएस में कार्यरत सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि आरटीपीएस काउंटर रखने का यह तात्पर्य है कि ऑनलाइन प्रक्रिया को पूरी तरह क्रियाशील रखा जा सके। किसी भी नागरिको, ग्रामीणों या आवेदकों को दौड़ना ना पड़े। इधर उधर कार्यालयों का चक्कर लगाना ना पड़े। उन्होंने अंचलाधिकारी को कहा कि आप सभी लोकसेवक के रूप में कार्य करें।

## मधुबनी जिले में कृषि से जुड़े उद्योग की आपार संभावनाएं ।किसानों को जल्द कराना होगा केवाईसी अन्यथा नहीं मिलेगा अनुदान

**प्रदीप कुमार नायक**
**समाज जागरण**

मधुबनी जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री किसान

सम्मान निधि योजना,कृषि इनपुट योजना, बीज वितरण,खाद की उपलब्धता सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं का लाभ पूरी सहजता से मिले ,इसे हर हाल में सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि किसान चौपालों में चलाई जा रही सभी कृषक कल्याण योजनाओं का की जानकारी किसानों को दी जाए ।उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में किसानों द्वारा ईकेवाईसी न कराए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिन्होंने दिनांक 31 मई 2022 से पहले अपना ईकेवाईसी करवा लेंगे और अपने बैंक खाते को आधार से लिंक और एन पी सी आई सीडिंग करवा लेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस कार्य को अभियान मोड में संचालित किया जाए। उन्होंने सी एस सी संचालकों को ईकेवाईसी करने और जिले के बैंको को संबंधित खाते को आधार लिंक और एन पी सी और सीडिंग करने में तत्परता दिखाने को कहा है। यदि किसान ऐसा नहीं करवाते हैं तो वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित रह जायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कई किसान ऐसे हैं जिनके बैंक खाते में और आधार कार्ड में अंकित नाम में अंतर है। ये संदेह पैदा करने की वजह बनती है। ऐसे में किसान को चाहिए कि वे उचित साक्ष्य प्रस्तुत कर इसे ठीक करवा लें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिस किसी किसान ने आयकर रिटर्न भरा है ( जीरो रिटर्न को छोड़कर ) उन्हें यदि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की पहली किस्त मिल भी गई है, तो उनसे राशि की वसूली की जाए। इतना ही नहीं उन्होंने चिंता जताई कि कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनके दूसरे राज्यों में कार्यशील रहने के पुख्ता सबूत हैं, वे भी जिले में किसानी करने वाले किसानों को मिलने वाली राशि के लिए आवेदन कर देते हैं। ऐसे सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सरकारी नौकरी से रिटायर करने और पेंशन पाने के बावजूद इसके लिए आवेदन करते हैं, ऐसे सभी लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने जिले में यूरिया की बिक्री और स्टॉक संबंधी आंकड़ों की भी पड़ताल की और कहा कि ये आंकड़े बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनका समय समय पर विश्लेषण किया जाएगा ।उन्होंने उर्वरक की कालाबाजारी को लेकर विशेष सतर्कता बरतने एवम नियमित रूप से औचक निरीक्षण एवम छापेमरी करते रहने का निर्देश दिया।

*जिलाधिकारी ने क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं भौगोलिक विरासत से कृषि को जोड़ते हुए कहा कि मिथिला जगत जननी सीता की धरती है। मधुबनी जिले के हरलाखी प्रखंड के फुलहर ग्राम में अवस्थित पुष्प वाटिका* में *सीता जी और श्रीरामचंद्र जी की प्रथम भेंट हुई थी। ये हमारी थाती है। क्यों न फुलहर को उसके इतिहास के अनुरूप पुष्प उत्पादन का केंद्र बनाया जाए!* *इसके लिए उन्होंने फुलहर के किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि वहां के स्थानीय किसान पुष्प उत्पादन* के *क्षेत्र में आगे आएं,* *जिला प्रशासन, मधुबनी* से *उन्हें पूर्ण सहयोग* *मिलेगा।*

इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले में फोर लेन के आसपास की जगहों पर कृषि में अकूत संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यातायात की सुविधा के मद्देनजर जिले के फोर लेन के आसपास कोल्ड स्टोरेज और कृषि संबंधी बड़े संयंत्र लगाए जा सकते हैं। इसके लिए बड़े किसानों और उद्यमियों को आगे आना होगा। कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मधुबनी जिले में रसीले आमों का उत्पादन बहुतायत से होता है। यहां कई ऐसे अभिनव प्रयोगों से युक्त बाग लगाए जा सकते हैं, जिसमें एक ही पेड़ में विभिन्न किस्मों के आम फलते हों। इससे आम उत्पादन के क्षेत्र में जिले की ख्याति और बढ़ेगी।

जिलाधिकारी ने सभी मंगलवार को कृषि टास्क फोर्स की नियमित बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि जिले में कृषि क्षेत्र में विकास कार्य को गति प्रदान की जा सके।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, मधुबनी विशाल राज, वरीय उप समाहर्ता, बालेंदु पाण्डेय सहित जिले के कृषि विभाग के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## *पत्रकार पर जानलेवा हमले में लोजपा के युवा नेता पंकज कुमार सिंह ने निंदा करते हुए कहां दोषियों की गिरफ्तारी एवं उच्चस्तरीय जांच मांग की है*

**समाज जागरण**

गया ( गजेन्द्र कुमार) लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)के युवा नेता सह समाजसेवी अतरी विधानसभा पंकज कुमार सिंह ने बीते दिनों बोधगया में हुए पत्रकारों के साथ मारपीट की घटना की निदा करते हुए कहा कि पत्रकारों पर आये दिन हो रहे हमले इस बिहार राज्य को शायद गर्त की तरफ धकेलने का काम कर रहे हैं. इस बात को हम झुठला नहीं सकते कि अगर ऐसे ही पत्रकारों पर हमले होते रहे तो एक दिन लोकतंत्र खतरे में होगा. साथ ही अत्याचार और भ्रष्टाचार बहुत आसानी से फल फूल रहा होगा और ये राज्य उस वक्त मूक दर्शक बन के सब कुछ चुप चाप देख रहा होगा. आखिर ये लोग कौन हैं इनके हौसले इतने बुलंद कैसे हैं कि ये लोग हर आवाज उठाने वाले लोगों को मार देते हैं.सवाल यह भी उठता है कि बिना किसी सह के ये लोग ऐसा अंजाम कभी नही दे सकते. दर असल बात पत्रकारों पर हमले वही लोग करते या करवाते हैं जो इन बुराइयों में डूबे हुये हैं. ऐसे लोग दोहरा चरित्र जीते है वजह साफ होती है कि ऐसे लोग मीडिया पर हमला क्यों करते हैं, वजह है अपना फायदा या

अपनी भड़ास निकालने के लिए.. पंकज सिंह ने जिला प्रशासन से मांग किया है इस मारपीट की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाए

प्रजातंत्र में पत्रकार होने की पहली शर्त होती है बेझिझक सच लिखना. दूसरी शर्त, सत्ताधारियों से बेधड़क सवाल पूछना. तीसरी शर्त, मजलूमों और अल्पसंख्कों को आवाज देना. पत्रकार चाहे या ना चाहे, जब वह कोई खबर दुनिया के सामने रखने के लिए बनाता है, तो यह उसकी पेशेवर जिम्मेवारी है।

## *महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा अनुमंडल कार्यालय नवगछिया में आयोजित हुई एक दिवसीय धरना प्रदर्शन।

**भागलपुर :-राजीब पाण्डेय । समाज जागरण**

भागलपुर,के नवगछिया अनुमंडल कार्यालय में महंगाई को लेकर एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया गया। जिसका नेतृत्व कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में आए कांग्रेसी कार्यकताओं ने धरना में सम्मिलित होकर बढ़ती महंगाई का विरोध किया है। धरना के दौरान बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। वहीं कांग्रेस विधायक दल के नेता ने लगातार बढ़ रहे पेट्रोल, डीजल,

गैस सिलेंडर, खाद्य पदार्थों सहित किसानों की समस्या सहित खाद नहीं मिलने को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई की बात नहीं कर मंदिर मस्जिद के मुद्दे को लेकर लोगों को देश में दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। वही सरकार के द्वारा देश को तोड़ने की कवायद की जा रही है। क्या हुआ है उन्होंने दावा किया है कि 2024 में होने वाले चुनाव में जनता महंगाई के मुद्दे पर वोट करेगी और एनडीए सरकार को हटाएगी।

## *बोले विधायक गोपाल मंडल : जल्द ही हवाई जहाज से जाएंगे पटना, रांची और कोलकाता*

### *लोकसभा चुनाव से पहले नवगछिया बन जायेगा पूर्ण जिला, रिंग बांध पर भी रहेगी चौकशी*

**भागलपुर :-राजीब पाण्डेय समाज जागरण**

भागलपुर,गोपालपुर विधानसभा के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल ने कचहरी परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जल्द ही भागलपुर से हवाई सेवा शुरू की जाएगी. संभवतः यहां से पटना, रांची और कोलकाता तक लोग हवाई जहाज से जाएंगे. अगर हवाई सेवा शुरू नहीं किया गया तो पूरा बिहार आंदोलन करेंगा. विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले नवगछिया को पूर्ण जिला घोषित कर दिया जाएगा. विधायक

ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में भी मामले को उठाया है. विधायक ने कहा कि इस बार बाढ़ से इलाके को बचाया जाएगा. पिछले बार बांध टूटने का कारण बताते हुए कहा कि लोगों ने बांध पर मकई का लारा रख दिया था जिसके कारण चूहों ने बांध को क्षतिग्रस्त कर दिया. इस बार मुस्तैदी से बांध की सुरक्षा करने को कहा गया है. वे खुद भी बांध की सुरक्षा करेंगे. गोपाल मंडल ने कहा कि नीतीश जी मुख्यमंत्री रहेंगे. उन्होंने कहा कि जदयू भाजपा गठबंधन टूटने वाला नहीं है. सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी ।

## देश की मौजुदा हालात को काबू में लाने के लिए कांग्रेस की ज़िम्मेदारी और बढ़ गई है: इन्तेखाब आलम ।

**समाज जागरण पूर्णियाप्रवीण भदौरिया**

देश की मौजुदा राजनीति स्थित पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने कहा कि आज कांग्रेस की ज़िम्मेदारी और बढ़ गई है।

इन्होंने कहा कि सरकार के भीतर और बाहर बैठे लोग कांग्रेस के प्रति गलत नैरटिव (वर्णनात्मक ) लगातार जारी है जिससे समाज में कांग्रेस के प्रति घृणा और नफरत फैलाने में कामयाब हुए हैं।

इन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस मुक्त भारत के नारे को आज भी गले में डाल कर घुम रहें हैं और जहां मौका मिलता है वहां कांग्रेस की बुराई करते रहते हैं चुंकि उन्हें मालूम है कि भाजपा को रिप्लेस कांग्रेस ही कर सकती है।

श्री आलम ने कहा कि कांग्रेस इतनी बड़ी और पुरानी राजनीतिक पार्टी है जो भारत को भारत एवं विश्व स्तर पर एक सकारात्मक इमेज बनाने में अहम भूमिकाएं निभाई हैं। इन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का नैरटिव पर हमला करने के लिए प्रत्येक राज्य/जिला/प्रखंड और वार्ड स्तर पर टास्क फोर्स गठन करने के लिए जल्द एक मनसूबा का पत्र कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को लिखेंगे,जो सरकार पर लगातार नजर रखे और 24 घंटे अपनी कार्यकताओं की फौज लेकर किसी भी चुनौती का सामना करने से तैयार रहना होगा। तभी देश का संविधान सुरक्षित रहेगा।

## राजद का सदस्यता अभियान मे गति लाने के लिए राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर के जिलाध्यक्ष ने कई प्रखंड का किया दौरा ।

**समाज जागरण**

भागलपुर :-राजीब पाण्डेय ।जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर आज दिनांक 27 अप्रैल 2022 दिन बुधवार को।

सदस्यता अभियान कार्यक्रम की गति तेज करने को लेकर एवं अब तक जो कट चुके प्राथमिक सदस्य एवं क्रियाशील सदस्य का रशीद जमा लेने राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी सबौर प्रखंड एवं गोराडीह प्रखंड का दौरा किए एवं प्रखंड अध्यक्ष सबौर गुड्डू यादव एवं प्रखंड अध्यक्ष गोराडीह महोम्मद सज्जाद उर्फ भोलू जी से मुलाकात कर सदस्यता रशीद जल्द से जल्द जमा करने के लिए कहा।

सदस्यता अभियान प्राथमिक सदस्य एवं क्रियाशील सदस्य की रशीद भागलपुर जिला के सभी प्रखंड अध्यक्षों को राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी ने राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय भागलपुर में जमा करने को कहें। साथ में जिला मिडिया प्रभारी मणजीत ठाकुर मौजूद थे।

## *विश्वविद्यालय परिसर के मिट्टी डालकर सड़कों को किया जा रहा ऊंचा*

**भागलपुर :-निभाष मोदी । समाज जागरण**

तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर में बाढ़ के पानी आ जाने से कई महीनों विश्वविद्यालय का कार्य बाधित हो जाता है । यहां तक की नाव चलाने की नौबत आ जाती है।बाढ़ के कारण विश्वविद्यालय का कार्य बाधित ना हो उसके लिए एक पहल की गई है। विश्वविद्यालय के सड़कों को मिट्टी डालकर ऊंचा किया जा रहा है ।यह मिट्टी स्मार्ट सिटी के तहत भैरवा तालाब से निकाली गई मिट्टी को विश्वविद्यालय के रास्ते को ऊंचा करने के कार्य में लगाया जा रहा है। यह जानकारी सीनेट के सदस्य मुजफ्फर अहमद ने दी। उम्मीद है हद तक बाढ़ के समय जो परेशानियां विश्वविद्यालय को झेलनी पड़ती थी शायद उसमें कुछ कमी आ सके।

## *जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय में निरीक्षण करने पहुंचे डीएम सुब्रत कुमार सेन, किया दो को निलंबित।

**भागलपुर :-निभाष मोदी । समाज जागरण**

भागलपुर,जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय में निरीक्षण करने पहुंचा डीएम सुब्रत कुमार डीएम सुब्रत कुमार सेन ने दो अंचल के अधिकारियों को निलंबित किया। डीएम ने बताया कि अंचल कार्यालय में प्रधान लिपि एवं राजस्व कर्मचारी दोनों के कार्य में कमी पाई गई दोनों को इसी कारण से निलंबित किया गया और प्रखंड कार्यालय में प्राइवेट लड़का कार्य करते हैं और अंचल कार्यालय में कागजात को छेड़छाड़ करते हैं उसके बारे में भी सीओ अशोक कुमार मंडल को कहा कि यह भी शिकायत है इस पर भी ध्यान देना है वही दो महिला आरटीपीएस काउंटर पर आवेदन लेकर खड़ा था बताया कि यह ड्ड100 आरटीपीएस काउंटर पर लेता है ।तब आवेदन का ऑनलाइन करते हैं वही उसकी जानकारी डीएम ने पूछताछ किया तो पता चला कि कहीं

प्राइवेट में ऑनलाइन करवा करके आया था ।अंचल वह इसका जांच किया तो उसका भी पता किया जा रहा है ।उस पर भी कार्रवाई किया जाएगा ।वही पुराना प्रखंड कार्यालय के अंचल अभिलेखा भवन का निरीक्षण करने पहुंचे तो ताला बंद मिला सीओ अशोक कुमार मंडल और वीडियो तरुण केसरी दोनों को डांट फटकार लगाई । कि आप लोग कार्यालय में ताला बंद रखते हैं ।ताला खोल कर रखा कीजिए ।उसके बाद चाबी लाकर के ताला खुलवाया गया ।ऊपर वाले रूम मे पानी की समस्या को लेकर चर्चा किया ।वीडियो तरुण केसरी एवं प्रखंड के राजकिशोर दोनों को कहा कि स्कूल में चांपा नल पानी की समस्या है ।उसको दूर करें गर्मी में काफी पानी की जरूरी होती है बच्चों को पीने के लिए।

## पूर्णिया एयरपोर्ट बनने का रास्ता हुआ साफ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी।

**समाज जागरण**
**पूर्णिया प्रवीण भदौरिया**

पूर्णिया और आसपास जिला के लाखों लोगों का एयरपोर्ट का सपना अब जल्द साकार होने वाला है। पूर्णिया सिविल एयरपोर्ट के लिए बाधा बनी जमीन अधिग्रहण का मामला सुलझ गया है. डीएम ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सिविल एनक्लेव बनाने के लिए 52 एकड़ जमीन हस्तांतरित भी कर दिया है. अब जल्द ही इस इलाके को हवाई सेवा का एक बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है.उड़ान योजना के तहत 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्णिया के चूनापुर एयरपोर्ट से सिविल एनक्लेव बनाकर हवाई सेवा शुरू करने की घोषणा की थी. इसके लिए 52 एकड़ 18 डिसमिल जमीन अधिग्रहित भी किया गया था. लेकिन रैयतो द्वारा हाईकोर्ट में चले जाने के कारण और हाई कोर्ट द्वारा स्टे लगाने के कारण 6 साल से यह मामला अटका हुआ था. डेढ़ माह पहले

हाईकोर्ट ने पूर्णिया के डीएम कोर्ट को इस मामले को सुलझाने के लिए 45 दिनों का समय दिया था. डीएम राहुल कुमार ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा दिए गए समय अवधि के अंदर ही सभी सुनवाई पूरा करते हुए भू राजस्व विभाग को रिपोर्ट भेज दिया गया था. अब भू राजस्व विभाग ने 25 अप्रैल को उसके सिफारिश को स्वीकार करते हुए 2 फेस में कुल 58 एकड़ 18 डिसमिल जमीन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सौंफ दिया है . डीएम ने कहा कि अगर चाहे तो एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया बिडिग का काम करवा सकती है . इसके अलावा सिविल एयरपोर्ट के रास्ता को लेकर भी दो तरह का प्रपोजल भेजा गया है।

## सर्वोदय आश्रम में कमिटी के द्वारा आयोजित की गयी बैठक,छाया रहा अतिक्रमण का मुद्दा।

**समाज जागरण**
**पूर्णिया प्रवीण भदौरिया**

प्रखंड क्षेत्र के रानीपतरा स्थित सर्वोदय आश्रम में आश्रम संस्था कमिटी के सदस्यों के द्वारा बुधवार को साधारण सभा का बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का अध्यक्षता सर्वोदय आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप सरकार कर रहे थे वहीं बैठक का संचालन संस्था के जेनरल मंत्री सिंघेश्वर मेहता ने किया।मौके पर मार्गदर्शक बैधनाथ मेहता,जिला परिषद उपाध्यक्ष नीरज कुमार उर्फ छोटू सिंह,प्रो0 सतीश साह,दिलीप मेहता,मुंशी यादव,योगेंद्र यादव,मुक्ति यादव,प्रो कमलेश्वरी मेहता,बिमल सिंह ,जवाहर यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।वहीं बैठक में मुख्य रूप से सर्वोदय आश्रम के जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा छाया रहा।जानकारी देते हुए सर्वोदय आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप सरकार ने बताया सर्वोदय आश्रम रानीपतरा का ऐतिहासिक धरोहर है इसे पुर्नजीवित करने के लिये पूर्व में हुए विवाद को भूलते हुए दोनों कमिटी के लोग इसके विकास के लिये एकजुट होकर हमलोग संस्था के उदय का प्रयास में जुट गये हैं।लेकिन कुछ लोग अपना निजी स्वार्थ के लिये इस सर्वोदय संस्था के छवि को धुलमिल करने का प्रयास कर रहा है।जो कि इस रानीपतरा और आस पास के क्षेत्र के लोगों के लिये चिंता का विषय है।वहीं उन्होंने बताया इस संस्था को बदनाम करने का भी साजिस किया जा रहा है जो रानीपतरा के लोग कभी बर्दास्त नही करेंगे।वहीं उन्होंने बताया पूर्व में दिनांक 19/12/2021 को सर्वोदय आश्रम रानीपतरा में साधारण सभा का बैठक आयोजित किया गया था जिसमे गांधी सर्किट भवन निर्माण के दौरान अवैध अतिक्रमण को खाली करवाकर भवन निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया था।जिस निर्णय में डॉ राम मनोज भी शामिल थे, साथ हीं वह स्वयं संस्था के सदस्यों के साथ जाकर अवैध अतिक्रमण को खाली करवाने के लिये कहा था लेकिन दूसरे दिन वे संस्था के विरुद्ध एक चिट्ठी निकाल कर अवैध अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया।जिसके बाद हाल में उन्होंने संस्था के छवि को धुलमिल

करने के लिये सर्वोदय आश्रम में आश्रम विरोधी गतिविधि रखने वाले लोगों के साथ बैठक करने का प्रयास किया जिस पर रोक लगवा दी गयी। वहीं साधारण सभा मे जानकारी देते हुए संस्था के मार्गदर्शक बैधनाथ मेहता ने बताया 1955 ई0 में इस संस्था का रजेस्टेशन हुआ था जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक संख्या 20 है।इससे जानकारी हो सकती है उस समय बहुत कम हीं संस्था चल रही थी।वर्ष 1975 में जब इमरजेंसी लागू हुआ तो कुदाल आयोग के गठन पर संस्था सरकार के अधीन हो गया।संस्था का खादी ग्रामोउद्योग आयोग के अधीन हो गया।वहीं सर्वोदय आश्रम का अन्य विभाग आश्रम के अधीन रहा।वर्ष 1978 में इस संस्था का अध्यक्ष कमलदेव नरायण बाबू को बनाया गया जिसमें बहुत सारी योजना को लायी गयी।

वहीं उन्होंने कहा जिस संस्था का निर्माण लिये जमीन दाता रामचन्द्र बाबू,हरिहर मेहता ,बैधनाथ बाबू सहित इस धरोहर के निर्माण में सहयोग करने वाले गुलाबी बाबू,बाबूलाल साह सहित अन्य लोगों ने अपन अहम योगदान दिया।लेकिन उनके परिवार के एक भी सदस्य ने अभी आश्रम में घर नही बनाया।लेकिन डॉ रामनोज जो कहते हैं हम पिछले 40 वर्षों से यहाँ रह रहे हैं वो बतावें की किस आधार पर संस्था के सम्पति पर अवैध कब्जा कर रखा है।वे सिर्फ लोगों को ध्यान भटकाने के लिये ऐसा कार्य कर रहे हैं।वहीं उन्होंने सभी लोगों से संस्था को बचाने का गुहार लगाया।साथ हीं उन्होंने कहा कुछ लोग इस संस्था के छवि को धुलमिल करने के लिये बार बार संस्था में एक जाति का बर्चस्व रहने की बात बता कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन समाज के लोग सभी हकीकत से रूबरू हैं।ऐसे लोग समाज के लिये जहरीला सांप है जो समाज मे जातिवाद का उन्माव पैदा कर रहा है।

वहीं जनरल मंत्री सिंघेश्वर मेहता ने बताया साधारण सभा के आयोजित बैठक में अतिक्रमण,जमीन सबंधित मामले का हिसाब,सर्वोदय आश्रम संस्था का पुनः रजिस्ट्रेशन सहित विभिन्न मुद्दे पर चर्चा किया गया।वहीं उन्होंने बताया पूर्व में दो कमिटी के बीच चल रहे लंबे समय तक विवाद रहने के कारण संस्था का रजिस्ट्रेशन कार्य मे बाधा उतपन्न हुआ।जिसे समाप्त कर पुनः रजिस्ट्रेशन के लिये प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।प्रो कमलेश्वरी प्रसाद मेहता ने सर्व प्रथम संस्था का रजिस्ट्रेशन व अवैध अतिक्रमण पर अविलंब पहल करने की बात कही।वहीं बिमल सिंह ने कहा इस धरोहर ओ अतिक्रमण मुक्त करने के लिये खून भी देना होगा तो देंगे।

वहीं मौके पर सर्वोदय नेता विभूति यादव,बिनोद मेहता,अनिल ठाकुर,मो समसुद्दीन,अचिंत मेहता,मो मुख्तार, मुंशी यादव,जद्दू ऋषि,नागेंद्र साह,रामचन्द्र सिंह,राजेन्द्र मेहता,बैधनाथ सिंह,जगदीश यादव,बीरेंद्र सिंह,बमबम साह,धीरेन्द्र साह,डॉ राजेन्द्र मेहता,शिव शर्मा, मनिंद्र चन्द्र दास,मनोज मोनू,मोदी पोद्दार,रशिक चन्द्र दास,कृष्णा साह,उमेश मेहता,शिवकुमार सिंह,प्रो चंदन विश्वास,विनोदनन्द ठाकुर सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## *मालदा डीआरएम यतेंद्र कुमार ने भागलपुर समेत कई स्टेशनों का किया निरीक्षण*

**भागलपुर :-राजीब पाण्डेय । समाज जागरण**

भागलपुर, रेल यात्रियों को उचित सुविधा दिलाने के लिए डीआरएम ने रूटीन निरीक्षण के तहत मालदा भागलपुर के तहत कई स्टेशनों का निरीक्षण किया। जिसमें साहबगंज ,कहलगांव, सबौर, भागलपुर भी शामिल थे ।बताते चलें कि यह निरीक्षण यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, सौंदर्यीकरण की व्यवस्था, एस्क्लेटर की व्यवस्था एवं टिकट बुकिंग के साथ-साथ कई मुद्दों को लेकर निरीक्षण किया गया। मालदा

डीआरएम यतेंद्र कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सभी स्टेशनों पर कार्य चल रहा है ।उम्मीद है यात्रियों को वह सारी सुविधाएं मिलेंगी जो हम लोगों ने सोच रखी है ।कहीं भी कोई त्रुटि नहीं पाई गई। छोटी मोटी त्रुटियां हर जगह रहती हैं उसे जल्द ठीक कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी मौजूद थे।

## *अजगैविनाथ धाम में नशा मुक्त बिहार बनाने को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली*

**भागलपुर :-राजीब पाण्डेय । समाज जागरण**

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैविनाथ धाम से दैनिक समाचार पत्र के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई।नशा मुक्ति जागरूकता रैली कार्यक्रम का उदघाटन सुल्तानगंज विधायक प्रो.ललित नारायण मंडल,कार्यपालक पदाधिकारी अभीनव कुमार ,, नगर सभापति नीलम देवी,जिला परिषद सदस्य आशा जयसवाल,पुर्व नगर सभापति दयावती देवी ,सहित इत्यादि लोगों ने संयुक्त रुप से झंडा दिखाकर रैली को रवाना किये।नशा मुक्ति जागरूकता रैली मे नगर परिषद के कर्मचारी, जिविका दीदी, सरकारी एंव गैर सरकारी विघालय एंव कॉलेज के एनसीसी कैडर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर अजगैविनाथ धाम से पैदल मार्च करते हुए नशा मुक्त बिहार बनाने को लेकर नारा लगाते हुए कृष्णानंद

स्टेडियम पहुचकर समापन किये।इस दौरान विधायक प्रो.ललित नारायण मंडल,नगर सभापति नीलम देवी,उप सभापति उषा देवी ,पुर्व सभापति दयावती देवी ,सांसद प्रतिनिधि पवन केसान,जिला परिषद सदस्य आशा जयसवाल ने सभी बिहार एंव सुलतानगंज क्षेत्र के तमाम वासीयों से नशा मुक्त न करने कि अपिल किये ।जिससे आपके परिवार खुशहाल जीवन जी सके।इस दौरान एनडीए कार्यकर्ता संजय चौधरी, अरुण चौधरी, संजय मंडल,विकास कुमार कर्ण,नवीन कुमार बन्नी ,मणिष कुमार ,प्रेम प्रभा सिन्हा,रीना देवी,रानी देवी,नीरंजन चौधरी, सौरभ कुमार,डॉ.अलका चौधरी सहित इत्यादि कार्यकर्ता मौजुद थे।

## नवगछिया : लाइन होटल में काम कर रहे कर्मी की संदिग्ध अवस्था में मौत जांच में जुटी पुलिस

**नवगछिया :-शक्ति ठाकुर । समाज जागरण**

नारायणपुर : प्रखंड के भवानीपुर ओपी क्षेत्र के एनएच 31 पर मां वेष्णो पट्रोल पंप बलाहा पर जय माता दी लाईन होटल में मंगलवार की दोपहर बाद होटल कर्मी बिहपुर थाना क्षेत्र के कोरचक्का निवासी पचास वर्षीय अयोध्या सिंह की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।होटल संचालक भरतखंड के सुमन सिंह द्वारा आनन-फानन में कर्मी के शव को बिना डॉक्टर से उपचार करवाये ऑटो से उसे घर भेज दिया गया। वे शव का अंतिम संस्कार करने को कह रहे थे। इससे परिवारवालों को शक होने लगा।

घंटो बाद विभिन्न प्रकार के आशंका को लेकर स्वजन ग्रामीण के साथ मृतक के शव को लेकर होटल पहुंच पोस्टमार्टम की मांग पर अडिग हो गए। सुचना पर पहुंचे भवानीपुर पुलिस के प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेश कुमार मंडल, पुअनि संजय कुमार मंडल,बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर बिनय कुमार पहुंच मामले की छानबीन में जुटे थे।एसडीपीओ दिलीप कुमार ने घटनास्थल पहुंच होटल संचालक व पेट्रोल पंप संचालक से पुछताछ की। पुलिस बलों के साथ होटल की तलाशी लिया।एसडीपीओ ने स्वजनों को बताया की मामले की निष्पक्ष जांच की जायेगी। घटना को लेकर मृतक की पत्नी गीता देवी,पुत्र जितेंद्र सिंह,धर्मेंद्र सिंह पुत्री ममता एवं समता कुमारी का रो-रो कर बताया की होटल में मजदुरी कर घर का भरण-पोषण करते थे।

तीन माह से कम कर रहा था।पांच हजार बकाया भी है। एक पुत्री की शादी करनी थी। घटना को लेकर ग्रामीण गमगीन थे।लोगों के बीच मातम पसरा हुआ था।घटना को लेकर लोग आपस में तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे।एसडीपीओ ने कहा कि प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच करते हुए मौत के कारण को जानने के लिये शव का पोस्टमार्टम होगा।मृतक के पुत्र जितेंद कुमार ने भवानीपुर पुलिस को आवेदन देते हुए कहा है कि होटल मालिक ने पिता को ईलाज के लिये डॉक्टर के पास क्यों नहीं ले गये।उसने बिना डॉक्टर से दिखाए कैसे साबित कर दिया कि अयोध्या सिंह मर गया है। लाश को घर पहुंचवा दिया।आवेदन देकर मामले की जांच और शव की पोस्टमार्टम की मांग किया हैं। फिलहाल शव को पुलिस ने कब्जा में ले लिया है जिसका पोस्टमार्टम बुधवार को होगा।

## मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा पूर्णिया में हुआ शुरू ।

**पूर्णिया प्रवीण भदौरिया**
**समाज जागरण**

पूर्णिया जिला में मोटरसाइकिल एंबुलेंस सेवा जिला प्रशासन की पहल पर किया गया शुरू। बतादें कि एस्पिरेशनल जिला कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने पर नीति आयोग द्वारा दिए गए पुरस्कार राशि के पैसे से पूर्णिया जिला पदाधिकारी राहुल कुमार की पहल पर जिले की स्वास्थ्य सेवा और बेहतर हो लोगों को सुविधा मिले इसके लिए 10 मोटरसाइकिल एंबुलेंस का निर्माण करवा कर समाहरणालय परिसर से बलदेव पुरुषार्थ संयुक्त सचिव आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला पदाधिकारी राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।इस

बाबत में पूर्णिया जिला पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि पूर्णिया जिला के सुदूर इलाकों एवं बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में चार चक्के वाहन वाली एंबुलेंस को पहुंचने में दिक्कत होती थी जिस वजह से समय पर परिजन मरीज को अस्पताल नहीं पहुंच पाते थे उनकी सुविधा के लिए मोटरसाइकिला एंबुलेंस सेवा शुरू किया गया महज 30 मिनट के अंदर मोटरसाइकिला एंबुलेंस सेवा कहीं भी किसी भी जगह पर पहुंच सकती है। जिससे लोगों को शहुलियत मिलेगी और मरीज समय पर अस्पताल तक पहुंच पाएंगे।

राहुल कुमार पूर्णिया जिला पदाधिकारी

## *एलएलएम के नामांकन में न्यायसंगत निर्णय को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन एवं एलएलएम के विभागाध्यक्ष का किया गया पुतला दहन*

### *एनसीसी, एनएसएस और स्पोर्ट्स के प्रमाण पत्रों पर भी हो नामांकन*

**भागलपुर :-निभाष मोदी । समाज जागरण**

भागलपुर, आज तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में एलएलएम के नामांकन में न्यायसंगत निर्णय नहीं होने के वजह से छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं एलएलएम के विभागाध्यक्ष का पुतला दहन किया। वही मीडिया से बात करते हुए टीएनबी लॉ कॉलेज के छात्र नेता ओम कुमार ने कहा कि एलएलएन जैसे विषयों पर भी विश्वविद्यालय ने बहुत बड़ी धांधली की है। एलएलएम में कुल 20 सीट है । उन 20 सीट में 5% रिजर्व होने पर एक सीट बचता है उस 1 सीट में वार्ड, एनसीसी ,एनएसएस और स्पोर्ट्स यह चारों विंग में विश्वविद्यालय प्रशासन और एलएलएम के विभागाध्यक्ष ने सिर्फ वार्ड को वरीयता देते हुए वार्ड के

छात्र का नामांकन किया ।बाकी एनएसएस, एनसीसी और स्पोर्ट्स के प्रमाण पत्र को रद्दी के भाव में समझ कर उस पर ध्यान भी नहीं दिया ।यह कहीं से सही नहीं है ।साथ ही साथ छात्रों का हनन अब हम सभी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि हमारी मांगे हैं जल्द से जल्द जिन छात्रों के पास स्पोर्ट्स ,एनसीसी और एनएसएस के प्रमाण पत्र हैं उन्हें देखकर इस पर भी नामांकन किया जाए जिससे छात्र इन विषयों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। विश्वविद्यालय प्रशासन हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है यह ठीक नहीं है ।अगर हमलोगों की मांगे नहीं पूरी की गई तो यह आंदोलन और उग्र होगा, साथ ही साथ छात्र नेता ओम कुमार ने कहा कि एलएलएम के विभागाध्यक्ष को इस तरह के मुंह देख कर काम करने को लेकर जल्द से जल्द निष्कासित करे।

## नवगछिया : ईद में हुड़दंग करने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर नाम व पहचान गुप्त रहेगा।

**बिहपुर :-शक्ति ठाकुर । समाज जागरण**

बिहपुर, बिहपुर थाना परिसर में मंगलवार को ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ रोहित कुमार एवं संचालन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने की। बैठक में दोनों कौमों के बुजुर्ग, बुद्धिजीवी एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल थे। वहीं बैठक में बताया गया कि ईद 2 या 3 मई को चांद दिखने के बाद मनाया जाएगा। ईद आपसी एकता, सामजिक सद्भाव एवं आपसी मिल्लत का प्रतीक है। इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। वहीं थानाध्यक्ष ने कहा कि ईद में गड़बड़ी फैलाने वालों एवं हुड़दंग करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। ईद के दौरान किसी भी प्रकार की

अफवाह से बचें, अफवाह ना फैलाये। किसी भी प्रकार की जानकरी हो तो पुलिस को जरूर बतायें।

आपका नाम व पहचान गुप्त रखा जायेगा।साथ ही थानाध्यक्ष ने बैठक में मौजूद सभी को अपना सरकारी मोबाइल नंबर भी दिया ।वही लोगों ने भी ईद के दौरान आने वाली समस्या पर खुलकर बातचीत किया।ईद के दौरान थानाक्षेत्र में पुलिस की गस्ती करने पर जोर दिया गया।इस बैठक में जिप सदस्य मोइन राइन, जिप प्रतिनिधि चंदन कुंवर, प्रमुख प्रतिनिधि रंजीत चौधरी उर्फ श्री हरी,इरफान आलम, शंभूनाथ मिश्रा ,मुखिया सलाउद्दीन, राजद जिलाध्यक्ष अलख निरंजन पासवान अबुल हसन समेत कई अन्य मौजूद थे।

दैनिक समाज जागरण संभल । यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक 27 अप्रैल 2022 को संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाकर चौराहों पर अवैध पार्किंग तथा अवैध टेंपो, टैक्सी, स्टैंड से वाहनो का संचालन करने वाले वाहनों के के विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई इसी अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 52 वाहनों के चालान किए गए इसी क्रम में16 वाहनों के चालान अवैध पार्किंग एवं अवैध संचालन में किए गए तथा ऑनलाइन ऑफलाइन ₹15500 शमन शुल्क वसूला गया तथा वाहन चालको एवं परिचालकों को यातायात नियम पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा इस्लाम नगर चौराहा बहजोई एवं चौधरी सराय चौराहा संभल से अवैध वाहन पार्किंग हटाई गई तथा एआरटीओ मह द्वारा वाहन चालकों को चौराहे पर मार्ग बाधित न करने की हिदायत दी गई

## जब महिला किसी कार्य की ज़िद पकड़ ले तो वह कार्य करके ही मानती है

दैनिक समाज जागरण संभल । अगर वह कार्य समाज से जुड़ा हो तो वह कार्य सामज मे एक मिशाल बन जाती है जी हां हम बात कर रहे है जनपद सम्भल की उन महिलाओ की जो इन दिनो काफी चर्चाओ मे है ओर वह महिलाए ओर कोई नही महिला शक्ति संगठन की महिलाए है जो उन्होंने इस समय ऐसा

अभियान चला रखा है जिसमे सभी लोगा इनकी तरीफ कर रहे है इन महिलाओ ने पिछले दिनो एक गरीब लड़की की शादी कर एक मिशाल पेश की इतना ही नही आज उन्होने फिर एक लड़की की शादी मे सहयोग किया । हयातनगर स्थित कविता गुप्ता के निवास पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे उन्होंने एक गरीब लड़की की शादी मे सहयोग किया । साथ ही इन्होने यह भी घोषणा कर दी की अभी यह संगठन ओर गरीब लड़की की शादी मे सहयोग करेगा । संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने कहा की हमारे संगठन का कार्य ही महिलाओ की सेवा करना है ओर इस कार्य मे हमारे संगठन की महिलाए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं इसलिए हम सब उन गरीब लड़की की शादी में सहयोग करते हैं ओर आगे भी करते रहेंगे आज हमारे संगठन ने यह 15 शादीयो मे सहयोग पूर्ण कर लिया है जल्द ही हम दो लडकीयो की शादी मे ओर सहयोग करने जा रहे है । इस अवसर पर कविता, साधना, अंजना, विनीता, निशि, नेहा ,कल्पना, विनीता, बृजबाला आदि महिलाएं उपस्थित रही '

## जिलाधिकारी ने ब्लॉक बहजोई के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की मढ़ईयाँ का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण बहजोई/ संभल** । जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा ब्लॉक-बहजोई के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर की मढ़ईयाँ का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से वार्ता की एवं उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों से पढ़ाई लिखाई को लेकर रूबरू हुए। एवं उन्होंने

रसोईघर में जाकर खाने की क्वालिटी को चेक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी गुणवत्ता का खाना खिलाया जाए। साफ सफाई की व्यवस्था को देखते हुए दिशा निर्देश दिए। कक्षाओं,रसोईघर,शौचालयों एवँ विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान राज्य सरकार की विशेष प्राथमिकता पर है जिसमें उन्होंने कहा कि जनपद के स्कूलों में लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों का पंजीकरण कम है एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कि बच्चों के अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। ताकि वह अपने बच्चों का स्कूलों में पंजीकरण करा सकें। और उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित भट्ठो पर जो परिवार रह रहे हैं उन परिवारों को जागरूक कर उनके बच्चों का पंजीकरण भी संबंधित स्कूलों में कराया जाए। जिससे शिक्षा का स्तर बढ़ सके एवं पंजीकरण का कार्य शत प्रतिशत किया जा सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुवेर्दी उपस्थित रहीं।

## न्यायालय परिसर में वैवाहिक विवादों में बिना मुकदमा दर्ज कराये होगी सुनवाई

दैनिक समाज जागरण बहजोई संभल/। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी के आदेश अनुसार वैवाहिक विवादों में मुकदमा दर्ज होने से पूर्व सुलह समझौता कराया जाना है । कालीचरन प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी ने बताया कि दिनांक 28.04.2022 तथा दिनांक 07.05.2022 को प्री ट्रायल बैठक की जायेगी जिसमें उपस्थित पक्षकारों को सुनकर उनके मध्य सुलह समझौता कराया जायेगा । नोडल अधिकारी बबिता पाठक द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 14.05.2022 में वैवाहिक विवादों को प्री लिटिगेशन स्तर पर सुलझाने हेतु

अधिक से अधिक पक्षकारों को सूचना भेजी जा रही है । दिनांक 28.04.2022 को तथा दिनांक -07.05.2022 को कालीचरन प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी तथा एक मध्यस्थ की विशेष पीठ द्वारा पक्षकारों को सुना जायेगा । जिन परिवारों में विवाद है एवं मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है ऐसे परिवार दोनों तिथियों पर परिवार न्यायालय के समक्ष सुनवाई उपरान्त सुलह समझौते के आधार पर पारिवारिक विवादों को निपटाने के सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं ।

## नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी मैं विशेष बजट बैठक आहूत की गई

संजय मिश्रा दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चित्रकूट

कर्वी, चित्रकूट। नगरपालिका कर्वी के सभा कक्ष में नरेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी की अध्यक्षता में विशेष बजट बैठक आहूत की गयी, जिसमें अधिशाषी अधिकारी रामअचल कुरील के द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। बोर्ड द्वारा सर्वसम्मानित से वित्तीय वर्ष 2022-23 का अनुमानित आय-326208000.00 (बत्तीस करोड बासठ लाख आठ हजार) एवं अनुमानित व्यय- 327490000.00 रू0 (बत्तीस करोड चौहत्तर लाख नब्बे हजार) का बजट पास किया गया एवं पूर्व बैठकों की कार्यवाही की पुष्टि की गयी और नगर के विकास हेतु प्रत्येक वार्ड में लगभग 5-5 लाख रुपए की लागत से अति आवश्यक एक-एक कार्य कराये जाने का प्रस्ताव तथा पथ-प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था एवं अन्य प्रस्ताव पालिका सभासदों द्वारा सर्वसम्मति से पास किये गये।

# साइबर ठगी का शिकार हुयी महिला के खाते में वापस करायी गयी 32,000/- रु0 की धनराशि

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। साइबर सेल चमोली की त्वरित कार्यवाही से साइबर ठगी का शिकार हुयी महिला के खाते में वापस करायी गयी 32,000/- रु0 की धनराशि

पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेताचौबे महोदया द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते साईबर अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत जनपद में गठित साईबर सैल को साईबर अपराधों से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में क्षेत्राधिकारी साइबर- नताशा सिंह के पर्यवेक्षण में साइबर सेल द्वारा तत्परता से कार्य किया जा रहा है। आमजन द्वारा साइबर ठगी का शिकार होने पर सूचना साइबर सैल को दी जा रही है, जिसके क्रम में दिनांक 20/04/2022 को सोनी देवी ग्राम मूसों गैरसैंण जनपद चमोली द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई थी , जिसमें उनके द्वारा जानकारी दी गयी थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद को बाल विकास परियोजना अधिकारी बताकर उनका बच्चा होने पर उन्हें रू0 मिलने हैं जिसके लिए उन्हें अपनी निजी जानकारी साझा करने हेतु कहा गया जिसके पश्चात शिकायतकर्ता द्वारा ओटीपी साझा किया गया जिसके पश्चयात वह साइबर ठगी का शिकार हो गये।उक्त शिकायत पर साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित कंपनी से पत्राचार से तकनीकी मदद से उक्त व्यक्ति के खाते में

शत प्रतिशत 32,000 रुपये वापस कराये गये। शिकायतकर्ता द्वारा जानकारी दी गयी कि उनके बैंक खाते में धनराशि ₹32,000 वापस आ गयी है। पीडित व्यक्ति द्वारा साईबर सैल के उक्त कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आमजन द्वारा साइबर ठगी का शिकार होने पर सूचना साइबर सेल को दी जा रही है, सूचना पर साइबर सैल द्वारा तत्परता से कार्य किया जा रहा है। जिसमें जनपद की साइबर सैल को सफलता भी प्राप्त हो रही है।अपील किसी अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मैसेज से सावधान रहें।किसी को भी अपना PÔssword, OTP,CVV शेयर ना करें।अंजान लिंक, ऑनलाइन जॉब्स आफर से सम्बंधित लिंक पर क्लिक ना करें।अंजान दफउड्डीं स्कैन ना करें।जागरूक बनें एवं अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करें।यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

# कोतवाली मल्लीताल में ली गई मुस्लिम समुदाय के पदाधिकारियों की गोष्ठी

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। ईद के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नैनीताल द्वारा कोतवाली मल्लीताल में ली गई मुस्लिम समुदाय के पदाधिकारियों की गोष्ठी*आगामी ईद पर्व के दृष्टिगत आज संदीप नेगी, क्षेत्राधिकारी नगर नैनीताल द्वारा कोतवाली मल्लीताल परिसर में नैनीताल क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय से जुड़े संभ्रांत व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित* कर आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई इस दौरान सीओ नैनीताल द्वारा समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों के सुझाव जाने के एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विचार विमर्श किया गया। चूंकि विगत 02 वर्षों में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते प्रकोप के कारण उक्त समुदाय के लोगों द्वारा ईद की नमाज अपने घरों में ही अदा की गई,परंतु वर्तमान में स्थिति सामान्य होने के कारण प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार इस बार ईद की नमाज पूर्व की भांति मल्लीताल नैनीताल के डीएसए मैदान में अदा की जाएगी। जिस हेतु स्थानीय

पुलिस-प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर ली गई है साथ ही ईद की नमाज के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई भी गई है। इस मौके पर श्री प्रीतम सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल, उ0नि0 हरीश सिंह, उप निरीक्षक मोहन सिंह रावत के अतिरिक्त मुस्लिम समुदाय से जुड़े विभिन्न पदाधिकारी एवं संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री ने तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर किया उदघाटन

दैनिक समाज जागरण संभल । भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय जिला प्रशिक्षण शिविर

प्रारंभ हुआ उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल रहे कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपक जलाकर की गई प्रशिक्षण शिविर में कपिल देव अग्रवाल ने भाजपा के इतिहास एवं विकास के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विकास को तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है प्रथम चरण में जनसंघ के रूप में दूसरे में गठबंधन की राजनीति में एक प्रमुख साझेदार के तौर पर और

अंतिम में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकल बहुमत वाली पार्टी के रूप में उन्होंने प्रथम चरण से लेकर आज तक के राजनीतिक उतार-चढ़ाव के विषय में विस्तृत ने बताया उन्होंने कहा कि संगठन को योग्य व सक्षम बनाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं उन्होंने कहा कि भारतीय जनसंघ का पहला सम्मेलन 29 से 31 दिसंबर 1952 तक कानपुर में संपन्न हुआ पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जन संघ के महासचिव बने दीनदयाल जी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रस्ताव को भी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में व्यक्त किया यह पहला वैचारिक संकल्प था राज्य पुनर्गठन आयोग की मांग की गई और एक लंबे सफर के बाद 23 मई 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने फिर से विजय पताका लहराई और अकेले भाजपा ने 303 सीटों पर और एनडीए ने 353 सीटों पर विजय प्राप्त की नरेंद्र मोदी 30 मई 2019 को दूसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने भाजपा के सभी प्रमुख चुनावी वादो को भाजपा सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान लागू किया उसमें अनुच्छेद 370 तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने का कानून और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के साथ विवादित स्थल को राम जन्मभूमि न्यास को सोपना शामिल था 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा राम मंदिर का शिलान्यास किया गया दूसरे सत्र में मोहन सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष रामपुर रहे उन्होंने कहा 1925 में डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की संघ का मुख्य उद्देश्य अनुशासित संस्कारी व्यक्ति निर्माण करना और संगठित समाज के आधार पर देश को परम वैभव पर ले जाना है इसके लिए संघ की दैनिक शाखा प्रारंभ हुई 1947 में देश स्वतंत्र हुआ और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का कार्य अधीक सघनता से करने का अवसर प्राप्त हुआ उसी समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के व्यक्ति निर्माण के कार्य को संघ स्वयंसेवकों द्वारा समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में साकार करने का संकल्प प्रकट हुआ संघ स्वयंसेवक धीरे-धीरे सामाजिक जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वायत रचनाएं खड़ी करते चलेगा आज लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य एवं विचार व्यवहार की प्रक्रिया केंद्र में रखते हुए ऐसे संगठन कार्यरत हैं और प्रभावी ढंग से इस पुनर्निर्माण के कार्य को कर रहे हैं कार्यक्रम में के तीसरे सत्र में अशोक कटारिया पूर्व परिवहन मंत्री उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि संगठन संरचना में सभी की विशेष भूमिका है भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है 1951 से लेकर 1977 तक भारतीय जनसंघ के रूप में 1977 से 1980 जनता पार्टी में और 1980 से लेकर आज तक भारतीय जनता पार्टी के रूप में राष्ट्रवाद सुशासन और गरीब विकास को लेकर हम काम करते रहे हैं हम सदैव कहते हैं कि हमारी इस गौरवमई यात्रा के मूल में ही यही तीन सूत्रीय कार्यक्रम रही है हमारी प्रेरणा रही है राष्ट्र सर्वोपरि का हमारा विचार और सामूहिकता एवं पारस्परिकता के भाव को लेकर देशव्यापी अजय और अभेद संगठन को मजबूती देने वाली हमारी अनूठी कार्य पद्धति एवं विकास का सपना यही बात रही है चौथे सत्र में डॉ भोला सिंह सांसद उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए पार्टी सदैव कार्य करती है भाजपा का लक्ष्य देश का सर्वांगीण विकास है यह विकास तभी संभव होगा जब इसके लिए राष्ट्रीय सर्वोपरि भाव से जीवन जीने वाले हजारों लाखों कार्यकर्ता समूचे देश में खड़े हो आज जो भाजपा के कार्य का विशाल स्वरूप हमें दिखाई देता है वह इसी कारण है कि उद्या लक्ष्य की पूर्ति हेतु अपने जीवन को एक दिशा देकर समर्पित भाव से सार्थक जीवन जीने के प्रयास एवं लोक संपर्क लोक सेवा लोक जागरण के माध्यम से अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के अथक और अविरल प्रयास संपूर्ण देश भर में भाजपा के कार्य के विविध आयामों के माध्यम से हम कर रहे हैं कार्यक्रम के पांच में सत्र में जयपाल सिंह व्यस्त एमएलसी उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि 14 से 2019 का काल इस संदर्भ में संक्रांति काल था 2019 में प४न भाजपा पहले से अधिक मत प्राप्त कर विजई हुई भारतीय राजनीति का रंग बदल गया श्री नरेंद्र मोदी ने रेखांकित किया 2019 के महा निर्वाचन में किसी भी दल ने सेकुलरिज्म पर वोट नहीं मांगे भारत माता की जय के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद अंत्योदय एवं सबका साथ सबका विकास घोषणा के साथ राजनीति में एकात्म मानववाद की तरफ क्रियाओं कर दिया 2014 की युगांत कारी घटना को अपने निष्कर्ष तक पहुंचाना है भारतीय एवं उसकी सकारात्मकता का प्रभाव ही उनकी अंतिम संस्कार कर सकता है हमें अपने व्यवहार को इसी सकारात्मकता से मंडित करना होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़क बंशी एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा ने किया कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू चौधरी पुष्प लता पाल राखी सिरोही मीनाक्षी सागर संध्या गर्ग धीरेंद्र यादव देवेंद्र चौधरी विपिन गुप्ता नत्थू राम राणा मनोज कटारिया जयप्रकाश योगेंद्र त्यागी मुकुल कुमार रस्तोगी अर्जुन बाल्मीकि शेखर गोयल दानिश हरेंद्र सिंह रिंकू कुमुद वार्ष्णेय आकाश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे

# बनबसा के फोन को रिमोट में लेकर उसके बैंक खाते से 34,993/रू0 की की ठगी की गयी थी

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। थाना बनबसा क्षेत्रान्तर्गत साईबर ठग द्वारा एनीडेस्क ऐप के माध्यम से मोईन अली पुत्र समसुद्दीन, निवासी धर्मशाला, मीना बाजार, बनबसा के फोन को रिमोट में लेकर उसके बैंक खाते से 34,993/रू0 की की ठगी की गयी थी उक्त सम्बन्ध में वादी द्वारा बनबसा के फोन को रिमोट में लेकर उसके बैंक खाते से 34,993/रू0 की की ठगी की गयी थी साईबरसैल चम्पावत को इसकी सूचना दी गयी। सूचना प्राप्त होत ही साईबर सैल चम्पावत द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक से लेन-देन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा बैक नोडल से सम्पर्क कर आवेदकों के खातों से निकाली गयी 24450/- रू0 की धनराशि को विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खाते में वापस करा दिए गए हैं । शेष धनराशि को वापस कराने की विधिक कार्यवाही की जा रही है। सभी से निवेदन है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किये जाने वाले कॉल और मेसेज से सावधान रहें, किसी को भी अपना **#PÔssword, OTP, CVV** शेयर ना करें, अन्जान लिंक, ऑनलाइन जॉब ऑफर से संबंधित लिंक, अन्जान दफकोड स्कैन ना करें। जागरुक बनें एवं अन्य व्यक्तियों को भी जागरुक करें। यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना, साईबर सेल के टोल फ्री नम्बर-1930, साईबर सैल चम्पावत 8476055260 तथा https://cybercrime.gov.in पर जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

## सर्च अभियान चलाकर सड़क से 04 किमी0 की दूरी से द्वाराहाट पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। बग्वालीपोखर के जंगलों में रास्ता भटके चार

युवकों को रात्रि में सर्च अभियान चलाकर सड़क से 04 किमी0 की दूरी से द्वाराहाट पुलिस ने सकुशल किया बरामद रात्रि कंट्रोल रुम अल्मोड़ा से सूचना मिली की लोद बग्वालीपोखर के जंगलों में चार युवक रास्ता भटक गये है, सूचना प्राप्त होने पर प्रभारी बग्वालीपोखर निखिलेश विष्ट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ टीम के साथ रात्रि से सर्च अभियान चलाकर दिनांक 27.04.2022 की प्रातः करीब 07.30 बजे सड़क मार्ग से लगभग 04 किमी0 की दूरी पर 1-कमल कन्याल पुत्र जी एस कन्याल निवासी देवलचौड़ हल्द्वानी नैनीताल उम्र 21बर्ष 2-अभय परीहार पुत्र नन्द किशोर निवासी देवलचौड हल्द्वानी उम्र 21वर्ष 3 -राहुल पाण्डे पुत्र अनिल पाण्डे निवासी कौसानी अल्मोड़ा उम्र 21वषर्ष 4- राजेश राणा पुत्र पुष्कर सिह राणा नि0 सोमेश्वर अल्मोड़ा उम्र 22वर्ष को उदयपुर गोलू मंदिर के जंगलो से सकुशल बरामद किया गया।

## एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं व स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जा रहा जागरूक

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत आमसौड तहसील/थाना कोटद्वार क्षेत्रांतर्गत एवं राजकीय कन्या विद्यालय कोटद्वार बच्चों को एकत्रित कर उन्हे बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम, मानव तस्कारी, भिक्षावृति, बालश्रम, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों व आपतकालीन नम्बर डायल-112, साइबर टोल फ्री नम्बर-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति अपमानजनक व्यवहार या छेड़छाड़ करता है तो इस तरह की घटनाओं को कदापि नजर अंदाज न करें, इसकी सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दें। साथ ही उन्हें पुलिस सहायता न0- 112 एवं उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा बनाये गये गौरा शक्ति ऐप, पब्लिक आई ऐप तथा ट्रैफिक आई एप के बारें मे जानकारी देते हुए उनके संचालन के बारे जागरूक कर किसी भी प्रकार की सहायता या उनके क्षेत्रान्तर्गत होने वाली अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना देने के

लिए प्रेरित किया गयो

## 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 01अभियुक्त गिरफ्ता

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड।ररढ टिहरी नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत टिहरी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।देर शाम पुलिस थाना चंबा व स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप जनपदटिहरीगढ़वाल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर नागणी क्षेत्र में छापेमारी कर ग्राम उपली नागणी में एक मकान की छत से नेपाली नागरिक हीरा सिंह पुत्र सीताराम निवासी तल्ला नागणी थाना चंबा, टिहरी गढ़वाल को 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब डाय़्रै उँड्डी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा उक्त शराब अपने मालिक राजू पुत्र हिम्मत सिंह निवासी नागणी (चंबा), टिहरी गढ़वाल की होना बताया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही

करते हुए अभि0 राजू सिंह की तलाश की जा रही है। अवैध शराब की कीमत लगभग ₹ 2,00,000/- के आस-पास आंकी गई है।

# भारतीय रेडक्रॉस समिति की राज्य शाखा की 17वीं आम सभा बैठक संपन्न हुई

**रिपोर्ट दीपक गुप्ता संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

उत्तराखंड। आज राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में राजभवन प्रेक्षागृह में भारतीय रेडक्रॉस समिति की राज्य शाखा की 17वीं आम सभा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान राज्यपाल श्री सिंह द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तराखण्ड शाखा का उद्घोष गीत भी लांच किया गया। राज्यपाल श्री सिंह ने उडश्क्क१9 महामारी के दौरान अपनी जान न्योछावर करने वाले वॉरियर्स को श्रद्धांजलि दी। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए सदस्यों ने रेडक्रॉस की बेहतरी के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। राज्यपाल श्री सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक सेवा, समर्पण, त्याग, और परोपकार की भावना से समाज व राष्ट्र को योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में विभिन्न आपदाओं एवं दुर्घटनाओं के दौरान रेडक्रॉस स्वयंसेवक बड़ी भूमिका निभाते हैं।उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से कहा कि के माध्यम से अधिक से अधिक वॉलंटियर जोड़ें। उन्होंने कहा कि 4 माह के भीतर इनेबल एंड्रॉयड बेस्ड

एप्लीकेशन बनायें जाए, जिसमें सभी वालंटियर की सूचनाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने अधिक से अधिक प्रशिक्षण आयोजित कर वॉलंटियर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस के वालंटियर से बालिकाओं एवं महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सहयोग करने की अपेक्षा की। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थाओं में अधिक से अधिक वॉलंटियर को बढ़ाने के निर्देश दिए।

## कोतवाली कर्वी एवं थाना मारकुण्डी में पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी*

**संजीव मिश्रा दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा* के निर्देशन में अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती एवं ईद उल फितर त्यौहारों के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव एवं क्षेत्राधिकारी नगर शीतला प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी राजीव कुमार सिंह की उपस्थिति में कोतवाली कर्वी में थाना क्षेत्र के धर्मगुरूओं, मंदिर/मस्जिद के पुजारी/मोलवी एवं संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में त्यौहारों को शांतपूर्ण तरीके से आपसी भाई चारे के साथ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की



अपील की गयी ।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार की अध्यक्षता में थाना मारकुण्डी में थाना क्षेत्र के धर्मगुरूओं, मंदिर/मस्जिद के पुजारी/मोलवी एवं संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजित की गयी गोष्ठी में थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति, धर्मगुरू एवं मंदिर/मस्जिद के पुजारी/मोलवी उपस्थित रहे ।